डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 01, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार, 07 जून 2024, वर्ष-30, अंक-229, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com






संसेक्स
75,074.51 +692.27

डॉलर
83.496 +0.083

पलामू सर्राफा
10 ग्राम 72,780
01 किलो 91,770

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

# एएसआई हत्याकांड का आरोपी जवान गिरफ्तार

### मृतक के परिजनों ने लगाया पुलिस पर लापरवाही का आरोप


धर्मेंद्र सिंह फाइल फोटो

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा में एएसआई धर्मेन्द्र सिंह हत्याकांड का आरोपी सिपाही अनंत सिंह मुंडा को पुलिस ने करीब 12 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद गुरुवार सुबह गिरफ्तार किया। गुरुवार को बक्शीडीपा स्थित न्यू पुलिस लाइन परिसर में मृतक एएसआई धर्मेंद्र सिंह को पुलिस अधिकारी और जवानों ने अंतिम विदाई दिया। मृतक धर्मेंद्र सिंह व्यवहार न्यायालय परिसर में बतौर एएसआई पद पर पदस्थापित थे। पूरी घटना के बाद पुलिस महकमें में गम का माहौल छाया रहा। घटना में पुलिस की लापरवाही को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। दरअसल, रिनपास में इलाज कराने वाले मानसिक असंतुलित पुलिस जवान को विभागीय अधिकारियों ने राइफल थमा दिया। बताया गया कि, घटना के बाद आरोपी जवान ने गोली लगने से घायल एएसआई धर्मेंद्र सिंह समेत स्वयं को मकान के भीतर कैद कर लिया था गोली लगने से घायल धर्मेंद्र सिंह का तत्काल इलाज किया जाता तो उसकी जान बचाई जा सकती थी। आरोपी जवान का दिमाग खराब होने और उसके हाथ में इंसास राइफल होने के कारण पुलिस टीम खैर और सतर्कता से उसे दबोचने में लगी थी। इस बीच सुबह के 8 बज गए। कमरे में जब आंसू गैस छोड़ गया तब, आरोपी जवान बाहर निकाला तब पुलिस टीम उसे गिरफ्त में ले लिया। उल्लेखनीय है कि, सदर थाना क्षेत्र के एसपी आवास के निकट रघुटोली के एक मकान में आरोपी अनन्त सिंह मुंडा व एएसआई धर्मेन्द्र सिंह भाड़ा के मकान में रहते थे। मकान नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष बलराम साहू की है। बताया गया कि, बुधवार रात लगभग 9 बजे सिपाही अनन्त सिंह शेष पृष्ठ 11 पर

### पुलिस लाइन में मृतक एएसआई को मिली अंतिम विदाई

लोहरदगा के बक्शीडीपा स्थित न्यू पुलिस लाइन परिसर में गुरुवार को पूर्वाहन श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर मृतक एएसआई धर्मेंद्र सिंह को पुलिस के अधिकारी और जवानों ने अंतिम विदाई दिया पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमा, सार्जेंट मेजर शेरू रंजन,सार्जेंट विवेक कुमार, पुलिस मेंस एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष करण सिंह समेत बड़ी संख्या में पुलिस के अधिकारी और जवान मौजूद थे।

# चंदवा में जेएमएम नेता के भाई की हत्या

- सिकनी-रिचुघुटा पथ पर स्थित केंदवाही पुल के नीचे पड़ा था शव
- मृतक के शरीर के कई हिस्सों में गहरे चोट के निशान


मृतक साजिद

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के सिकनी रिचुघुटा पथ पर स्थित केंदवाही पुल के नीचे से गुरुवार की सुबह चंदवा पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में एक युवक का शव बरामद किया है। शव की पहचान चंदवा के तिलैयाटांड़ मोहल्ला निवासी झामुमो नेता मो सरफराज के छोटे भाई मो साजिद उर्फ वकील (35) वर्ष पिता स्व कयूम मियां के रूप में हुई। चंदवा पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया है। परिजनों के मुताबिक मृतक साजिद ट्रक में खलासी का काम करता था। बुधवार की शाम वह सिकनी कोलियरी गया हुआ था। उसके बाद से उसका कोई पता नही चल पाया। गुरुवार की सुबह सिकनी पूल के समीप नग्न अवस्था मे उसका शव पाया गया। मृतक के शरीर के कई हिस्सों में गहरे चोट के निशान हैं। मृतक के एक आंख व उसके गुप्तांग पर भी चोट के निशान मिले हैं। शव देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि लाठी डंडे से पीटकर उसकी हत्या की गई है। इधर घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उधर पोस्टमार्टम के पश्चात शव को परिजनों को सौंप दिया गया जिसके गुरुवार की शाम चंदवा के तिलैयाटाँड़ कब्रिस्तान में सुपुर्द के खाक किया गया।

**जनाजे में शामिल हुए लातेहार विधायक बैधनाथ राम :** लातेहार विधायक बैधनाथ राम गुरुवार शाम मृतक के घर पहुंचे और घटना के प्रति गहरा शोक प्रकट किया।उन्होंने परिजनों से मिल घटना की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा की वह पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं। जल्द ही घटना में शामिल अपराधी पुलिस की गिरफ्त में होंगे। इसके बाद विधायक श्री राम मृतक के जनाजे में शामिल होकर उसके आत्मा की शांति के लिए प्राथना की। जनाजे में मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार,झामुमो जिला सचिव शमशुल होदा,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सुरेश गंझू, दीपु सिंहा, अंकित शेष पृष्ठ 11 पर

### एसडीपीओ पहुंचे घटनास्थल, लिया जायजा

घटना की सूचना पर पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार सदल-बल घटनास्थल पहुंचे । शव को कब्जे में लिया। घटनास्थल से कुछ दूरी पर स्थित केंदवाही गांव में ग्रामीणों से पूछ ताछ की। लातेहार एसडीपीओ अरविंद कुमार भी घटनास्थल पहुंचे और घटना की पूरी जानकारी ली। कहा कि जांच की जा रही है,जल्द की मामले का उद्भेदन किया जाएगा। मेरे भाई की हत्या हुई है इस मामले पर मृतक के भाई मो सरफराज ने कहा कि मेरे भाई मो साजिद की बेरहमी से हत्या की गई है। उन्होंने पुलिस से हत्यारों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।


## एक नजर

### झारखंड के 16 जिलों में 10 जून तक हीट वेव की चेतावनी, अलर्ट जारी



**रांची।** राज्य के कई हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ रही है। हालांकि राजधानी रांची में थोड़ी राहत जरूर है लेकिन रांची मौसम विभाग के अनुसार 16 जिलों में 10 जून तक हीट वेव चलेगी। इसे लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। सात जून से 10 जून तक राज्य के अधिकांश जिलों में लू का प्रकोप दिखेगा। प्रदेश के उत्तर-पश्चिमी, मध्य, दक्षिणी तथा उससे सटे उत्तर-पूर्वी भागों में कहीं-कहीं हीट वेव की स्थिति देखी जाएगी। दक्षिण एवं मध्य भागों में कुछ जगहों पर तेज हवा के साथ वज्रपात की भी संभावना है। रांची में भी सात जून से लू चलने की संभावना है। अधिकतम और न्यूनतम दोनों तापमान में वृद्धि होगी। नौ जून तक आंशिक बादल छाए रहेंगे लेकिन तापमान में वृद्धि होगी जिससे लू की स्थिति बनी रहेगी। अधिकतम तापमान 41 से 42 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की संभावना है।

## आज | कल




# बिहार के सासाराम में युवती के साथ दुष्कर्म कर हत्या

- आदिवासी युवती जिले के रामगढ़ प्रखंड की रहने वाली थी
- पुलिस ने मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में शव को बाहर निकाला



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र की आदिवासी युवती के साथ बिहार के सासाराम जिला में दुष्कर्म कर हत्या करने का मामला सामने आया है। बुधवार को पीड़िता की मां ने रामगढ़ थाना में मामले की शिकायत कर न्याय की गुहार लगायी। पीड़िता पलामू जिले के रामगढ़ प्रखंड की रहने वाली है, लेकिन अपने लिखित आवेदन में पीड़िता की मां ने बेटी के साथ बिहार के सासाराम में दुष्कर्म कर हत्या कर देने की बात कही है। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शव को बाहर निकाला। पुलिस ने बिहार के सासाराम के ठेकेदार तथा ईंट भट्ठे के मालिक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी के अनुसार पीड़िता को पैसे का प्रलोभन देकर आठ महीने पहले ठेकेदार ईंट भट्ठे पर काम कराने ले गया था। बता दें कि तीन जून को ठेकेदार व कुछ लोग उक्त युवती का शव लेकर पलामू का रामगढ़ स्थित उसके पैतृक गांव पहुंचे थे। मृतका के परिवारों ने मौत का कारण पूछने पर कोई भी स्पष्ट कारण नहीं बताया गया। इसके बाद शव को गांव में ही दफना दिया गया था। गांव के लोगों द्वारा मां को पूरे मामले की जानकारी देने के बाद रामगढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराई। बाद में शव को गाड़े गए स्थान से बाहर निकाल करअंत्य परीक्षण के एमएमसीएच भेज दिया गया।

### कंगना को थप्पड़ मारने वाली सीआईएसएफ कांस्टेबल निलंबित



**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर सांसद एवं अभिनेत्री कंगना रानौत को थप्पड़ मारने वाली महिला कांस्टेबल को सीआईएसएफ ने निलंबित कर दिया है। दिल्ली पहुंचने के बाद कंगना रानौत ने एक वीडियो जारी करके कहा कि वह सुरक्षित हैं, लेकिन उन्हें पंजाब में बढ़ रहे आतंकवाद और उग्रवाद की चिंता है। कंगना रानौत मंडी लोकसभा क्षेत्र से निर्वाचित होने के बाद गुरुवार को दिल्ली जाने के लिए चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर पहुंचीं। सिक्योरिटी जांच के बाद कंगना जब अन्दर प्रवेश करने लगीं तो सीआईएसएफ की महिला कांस्टेबल कुलविंदर कौर ने उन्हें थप्पड़ जड़ दिया। इसके बाद कुलविंदर कौर सिक्योरिटी केबिन से बाहर आकर किसान आंदोलन के दौरान दिए गए कंगना के बयान पर आपत्ति जताई। कुलविंदर ने कहा कि उसकी मां भी किसान आंदोलन में शामिल थी, लेकिन सौ रुपये दिहाड़ी पर नहीं गई थी। कुलविंदर शेष पृष्ठ 11 पर

# फादर स्टैन स्वामी की तरह जेल में हो रहा हेमंत पर जुल्म : कल्पना



### फादर स्टैन स्वामी को संस्थागत उपेक्षा और अन्याय से चुप कराया गया, कुछ वैसा ही हो रहा हेमंत के साथ

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद उनके सोशल मीडिया अकाउंट्स हैंडल कर रहीं कल्पना सोरेन ने गुरुवार को फेसबुक पर मानवाधिकार हनन विषय पर एक पोस्ट लिखा और इसमें फादर स्टैन स्वामी के उदाहरण देते हुए हेमंत सोरेन का मामला उठाया। कल्पना सोरेन ने लिखा कि इस चुनाव में आदिवासी अधिकार कार्यकर्ता फादर स्टैन स्वामी की हिरासत में हुई अनुचित मौत, जो भारत के लोकतंत्र और मानवाधिकारों की स्थिति पर एक काला धब्बा है - उसका बदला लेने की शुरूआत की है। स्टैन स्वामी को महाराष्ट्र के भीमा कोरेगांव चर्चित हिंसा कांड में यूएपीए के तहत एनआईए ने गिरफ्तार किया था और न्यायिक हिरासत में 2021 में उनकी जेल में मौत हो गई थी। कल्पना सोरेन ने स्टैन स्वामी का उदाहरण देते हुए हेमंत सोरेन के बारे में लिखा, "जैसे सबसे कमजोर वर्ग के लिए आवाज उठाने वाले फादर स्टेन को संस्थागत उपेक्षा और अन्याय से चुप कराया गया, आज उसी तरह का जुल्म हेमंत सोरेन पर हो रहा है। आज जरूरत है हर एक झारखंडी को हेमंत सोरेन के पक्ष में मजबूती के साथ खड़ा होने की, वरना ये झारखंड को मणिपुर बनाने से बाज नहीं आएंगे।"

### हेमंत अपने बैरक का सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक करवायें : बाबूलाल



**आदिवासी बेटियों को लव जिहाद में फंसा शरीर के टुकड़े-टुकड़े किए गए तक कहां थीं इनकी संवेदना**

बाबूलाल ने कहा है कि जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सत्ता के अहंकार में सैकड़ों निर्दोषों को जेल में डाला। तब उन्हें ना तो मानवाधिकार का ख्याल आया, ना जेल के अंदर के बदतर हालात का। बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर इस आशय का बयान साझा करते हुए कहा कि लोगों को उठा कर जेल में डालने की हेमंत की बड़ी तमन्ना थी। ईश्वर का न्याय देखिए कि जिस जेल के खेल को उन्होंने शुरू किया, अपने कुकर्मों के कारण वह भी उसी का शिकार हो गए। बाबूलाल ने हेमंत को जेल में पर्याप्त सुविधाएं दिए जाने को लेकर भी बात रखी है। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि हेमंत सोरेन अब बेकार में ही मानवाधिकार और आदिवासी बंधुओं की चिंता में दुबले हुए जा रहे हैं। जब संथाल में सैकड़ों आदिवासी बेटियों को लव जिहाद में फंसाया गया, शरीर के टुकड़े-टुकड़े कर दिए गए, गाड़ियों से कुचला गया, तब उन्हें आदिवासियों की याद नहीं आई? मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को टैग करते हुए बाबूलाल ने कहा है कि अगर हेमंत को जेल में कथित यातनाएं दी जा रही हैं तो न्यायालय से अनुरोध कर वे अपने बैरक का सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक करवायें। बाबूलाल ने हेमंत को आश्वस्त करते हुए कहा कि जेल मैनुअल के अनुसार उन्हें सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए वे उनके पक्ष में खड़े रहेंगे। चंपाई सोरेन सरकार को जेल मैनुअल के अनुसार सारी सुविधाएं देने के लिए मजबूर कर देंगे।

## इंडिया


सुनील बादल

**महिलाओं ने कांग्रेस का गारंटी कार्ड दिखाते हुए 1 लाख रुपए की मांग की। कई महिलाओं ने पहले से मिले गारंटी कार्ड पर अपना नाम, पता और नंबर भरकर पार्टी दफ्तर में जमा भी किया।**

# तुम मुझे वोट दो मैं तुम्हें गारंटी दूंगा



इस बार चुनाव में घोषणा पत्र के साथ गारंटी शब्द भी खूब गूंजा और प्यार और चुनाव में सब जायज शैली में फ्री बिजली, फ्री पानी से लेकर अनेकों घोषणाएं हुईं, जिसमें सबसे हिट था खटाखट खाते में रुपए आने का। चुनावी घोषणा में गारंटी शब्द जुड़ा होने से इसे सच मान चुनाव परिणाम के दूसरे दिन बड़ी संख्या में मुस्लिम महिलाएं राहुल गांधी से लाख रुपए लेने यूपी कांग्रेस पार्टी दफ्तर पहुंचीं। महिलाओं ने कांग्रेस का गारंटी कार्ड दिखाते हुए 1 लाख रुपए की मांग की। कई महिलाओं ने पहले से मिले गारंटी कार्ड पर अपना नाम, पता और नंबर भरकर पार्टी दफ्तर में जमा भी किया।महिलाओं ने बताया कि चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस ने पैसे देने का वादा किया था। यह भी कहा था कि 5 जून को पैसे लेने आ जाएं। अब इंडी गठबंधन ने अच्छा प्रदर्शन किया है। इसलिए हम गांरटी कार्ड जमा करने आए हैं।पत्रकारों से महिलाओं ने कहा- कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए बड़ी नमाज पढ़ी, दुआ मांगी। भोलेनाथ के सामने हाथ जोड़कर पूजा की। अब तो सरकार बन जाएगी। कार्यालय में चुनाव पूर्व वादे के अनुसार स्वागत नहीं होने से नाराज एक महिला ने कहा- कांग्रेस दफ्तर कुछ बता नहीं रहा है। कई फॉर्म्स जमा कर लिए गए। जमा करने के बाद स्लिप भी दी गई है। कुछ महिलाओं ने कहा कि जिनके पास कार्ड नहीं है, उन्हें दोपहर बाद बुलाया गया है।मुस्लिम महिलाएं अपना-अपना पहचान-पत्र समेत अन्य डॉक्यूमेंट्स लेकर कांग्रेस दफ्तर पहुंची थीं। महिलाओं ने अपने हाथों में कांग्रेस का गारंटी कार्ड भी लिया था। इसमें एक लाख रुपए के वेतन के अलावा हर शिक्षित युवा को पक्की नौकरी देने का वादा किया गया है।

एक महिला ने विश्वास जताया कि कांग्रेस अपना वादा पूरा करेगी और महिलाओं के खाते में पैसे आएंगे। एक मुस्लिम महिला ने बताया - ये अपने एरिया में मोटी-मोटी गड्डियां बांट रहे हैं और हमें कुछ नहीं दे रहे। एक महिला ने कहा कि वो छोटे बच्चे को घर में छोड़कर आई है। एक अन्य मुस्लिम युवती ने कहा कि अगर पैसे नहीं देने हैं तो इन लोगों को स्पष्ट बोल देना चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता सीपी राय ने कहा कि कांग्रेस की 5 गारंटी लोगों तक पहुंच गई हैं। सरकार बनने पर जो वादे किए हैं वो पूरा करेंगे। महिलाओं का कांग्रेस पर भरोसा है। हमने जुलाई तक पैसे देने का वादा किया था। अगर सरकार बनेगी तो कांग्रेस ने जो कहा है, वो पूरा करेगी।गारंटी कार्ड में मांगी गई है पूरी जानकारी गारंटी कार्ड में नीचे के ओर नाम, उम्र, घर में मतदाताओं की संख्या, पता, मोबाइल नंबर जैसी जानकारी दर्ज करने के लिए खाली स्थान दिए गए हैं। साथ ही एक क्यूआर कोड भी दिया गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दिल्ली में 3 अप्रैल को महालक्ष्मी योजना लागू करने की बात कही थी। वादा किया था कि इस योजना में गरीबी रेखा से नीचे से संबंधित परिवारों की मुखिया महिला के खाते में सीधे 8,500 रुपए प्रति माह जमा किए जाएंगे। यह योजना कांग्रेस के नेतृत्व वाली कर्नाटक सरकार की गृह लक्ष्मी गारंटी योजना के समान है, जिसमें गरीब परिवारों की महिलाओं को 2,000 रुपए का भुगतान किया जाता है।कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुनाव प्रचार के दौरान सभाओं में कहा कि भाजपा वाले 22 अरबपति बना रहे हैं। हम करोड़ों लखपति बनाएंगे। हर परिवार से एक महिला चुनी जाएगी। उन करोड़ों महिलाओं के खाते में एक लाख रुपए भेजे जाएंगे। यानी महीने 8,500 रुपया खाते में खटाखट-खटाखट जाएगा।ये पैसे आएंगे कहां से यह स्पष्ट नहीं और यदि जनता की गाढ़ी कमाई के टैक्स से सरकार इसे देगी तो विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था और सबसे तेज विकास दर का क्या होगा? इस सवाल का जवाब आप पार्टी की पंजाब सरकार को भी देना चाहिए जिसकी आर्थिक स्थिति पतली है। गत वर्ष कर्नाटक हाईकोर्ट के चामराजपेट विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के पांच गारंटी को भ्रष्ट आचरण मानने से इंकार को शीर्ष कोर्ट में चुनौती दी गई थी जिसे सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस सूर्यकांत और केवी विश्वनाथन की पीठ ने दलील को अस्वीकार कर उचित निर्णय के लिए खुला छोड़ दिया था ।अब देखना है वारंटी गारंटी की राजनीति क्या मोड़ लेती है? गारंटी पीएम मोदी भी देते रहे हैं और गठबंधन सरकार में गारंटी पूरी करना आसान नहीं है।

# एनडीए के नवनिर्वाचित लोकसभा सदस्यों की बैठक आज

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की बैठक शुक्रवार को संसद के सेंट्रल हॉल में आयोजित होगी। करीब साढ़े ग्यारह बजे होने वाली इस बैठक में भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित लोकसभा सदस्यों के साथ एनडीए के लोकसभा सदस्य और उनके नेता शामिल होंगे। इस अहम बैठक में मंत्रिमंडल को लेकर चर्चा हो सकती है। इससे पहले गुरुवार को मंत्रिमंडल और नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार के शपथ ग्रहण की तैयारियों को लेकर चर्चा का दौर चलता रहा। सुबह जेपी नड्डा के आवास पर हुई बैठक कई घंटों तक चली। इसमें अमित शाह, राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय महासचिव बी एल संतोष, विनोद तावड़े सहित कई नेता शामिल रहे। इस बैठक में मंत्रिमंडल पर विचार करने के साथ नौ जून को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही देश-दुनिया से आने वाले मेहमानों की सूची तैयार करने से लेकर अन्य प्रबंधन को लेकर चर्चा की गई। इसके बाद शाम को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आवास पर एक बैठक शुरू हुई, जिसमें जेपी नड्डा और अमित शाह शामिल होने के लिए पहुंचे हैं। उल्लेखनीय है कि बुधवार को प्रधानमंत्री आवास पर एनडीए नेताओं की बैठक हुई, जिसमें नरेन्द्र मोदी को एनडीए का नेता चुना गया और प्रस्ताव पारित किया गया। सभी सहयोगी दलों ने नरेन्द्र मोदी को अपना समर्थन पत्र सौंपा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ट्वीट करके कहा, हमारे मूल्यवान एनडीए सहयोगियों से मुलाकात हुई। हमारा गठबंधन राष्ट्रीय प्रगति को आगे बढ़ाएगा और क्षेत्रीय आकांक्षाओं को पूरा करेगा। हम भारत के 140 करोड़ लोगों की सेवा करेंगे और एक विकसित भारत के निर्माण की दिशा में काम करेंगे। उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा को 240 सीटें मिलीं और एनडीए के सहयोगी दलों की सीटों को मिलाकर गठबंधन को कुल 293 सीटें मिली हैं। जबकि कांग्रेस को 99 सीटों पर जीत मिली है और इंडी गठबंधन के पास कुल 234 सीटें हैं।




# पति के लंबी उम्र को लेकर महिलाओं ने की वट सावित्री पूजा







**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** जयेष्ठ माह की अमावस्या गुरुवार को नावाबाजार प्रखंड क्षेत्र की महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र को ले बरगद के तने में कच्चा धागा लपेट कर वट सावित्री की पूजा की। मौके पर महिलाओं ने एक दिन का उपवास भी रखा। वट सावित्री व्रत सुहागन महिला अपने पति के दीघार्यु व स्वस्थ रहने के साथ ही अखंड सौभाग्य प्राप्ति की मंगलकामना को ले करती है। साथ हीं सत्यवान व सावित्री की कथा का इस पर्व से गहरा संबंध है। बरगद के पेड़ के नीचे महिलाओं ने कर्मकांडी पंडित कथा सुन सावित्री का पूजन किया। महिला व्रती बरगद वृक्ष के तने पर रोली, चंदन का टीका, चावल, चना, गुड़ आदि चढ़ाते हुए मिट्टी से बने सत्यवान, सावित्री व यमराज की प्रतिमाओं पर रोली, चंदन लगाकर अगरबत्ती, दीप दिखाकर फूल, धूप से पूजन किया। इसके बाद महिलाएं वृक्ष के तने में चारों ओर कच्चे सूत के धागों को हल्दी में रंगकर परिक्रमा करते हुए दिखी। पूजा समाप्त होने के बाद व्रती महिलाओं ने पंडित को अन्न, फल, वस्त्र आदि दान की। पुरोहित ने बताया कि सावित्री ने वृक्ष का पूजन व व्रत करके ही अपने सतीत्व व तप के बल पर अपने मृत पति सत्यवान को धर्मराज से जीतकर पुनः जीवित किया था। तबसे इस व्रत का नाम वट सावित्री पड़ा। कहा कि बरगद वृक्ष के मूल में ब्रह्मा, मध्य में जनार्दन व अग्र भाग में भगवान शिव निवास करते हैं। महिलाओं द्वारा किया जाने वाला यह व्रत ज्येष्ठ मास की अमावस्या को करने का विधान है।

**सुहागिन ने की वट सावित्री पूजा**

**उंटारी रोड।** जिले के उंटारी रोड प्रखंड क्षेत्र के कुल्ही गांव कनवाह मोड़ के समीप बरगद पेड़ के नीचे महिलाओं ने वट सावित्री की विधि पूर्वक पूजा अर्चना पति की लंबी आयु की कामना की। गुरुवार को वट सावित्री पूजा करने के लिए महिलाओं की भीड़ लगी रही। वट सावित्री पूजा करने के लिए कुल्ही, दरुआ, कल्याणपुर, जोगा, जमडीहा, जरही टोला सहित कई गांव के महिलाओं ने वट सावित्री व्रत के दिन निर्जला व्रत उपवास रखकर बरगद के पेड़ की विधिवत पूजा अर्चना की। कई महिलाओं ने बताया कि इस दिन सुहागिन महिलाएं अपनी पति की लंबी आयु व अखंड सौभाग्य के लिए व्रत रख कर बरगद के पेड़ की पूजा करती है।

**महिलाओं ने पति की लंबी आयु की वट सावित्री पूजा**

**छतरपुर।** छतरपुर नगर क्षेत्र में गुरुवार को वट सावित्री व्रत की पूजा महिलाओं ने की। थाना परिसर स्थित वट वृक्ष, अनुमंडलीय अस्पताल परिसर स्थित वट वृक्ष सहित अन्य वट वृक्ष स्थलों पर सुबह से ही महिलाएं पूजा अर्चना में करती दिखे गई। सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री पूजा कर अपने पति के लंबी उम्र की कामना की तथा घर परिवार में सुख शांति के लिए मन्नत मांगी। वट सावित्री पूजा नव विवाहितों ने भी उत्साह के साथ किया। पूजा के अवसर पर थाना परिसर में थाना प्रभारी राजेश रंजन द्वारा पूजा के लिए आने वाली महिलाओं के लिए पानी तथा शरबत की व्यवस्था की गई थी।

**अमर सुहाग व पति की लंबी उम्र को लेकर सुहागिनों ने की पूजा**

**पांकी।** प्रखंड मुख्यालय सहित नवडीहा, मंगलपुर, करार, पगार, लोहरसी, कोनवाई, नुरू सहित प्रखंड के सभी क्षेत्रों में सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री की पूजा अर्चना कर पति की अमर सुहाग की कामना की। बताते चलें कि सुहागिन महिलाएं सुबह से ही वट वृक्ष के समीप पहुंच कर पूजा अर्चना करने में जुट गई। सुहागिन महिलाओं ने पूरे विधि- विधान से वट सावित्री की पूजा अर्चना कर अपने पति की दीघार्यु की कामना की। साथ ही वट वृक्ष की परिक्रमा करते हुए मन्नत मांगी व धागा भी बांधी। पूजन के पश्चात यथाशक्ति दान देकर पंडित से वट सावित्री की कथा भी सुनी। वट सावित्री पूजा करने के लिए अधिक भीड़ रहने के कारण पुजारियों द्वारा बारी-बारी से महिलाओं का समूह बनाकर संक्षिप्त तरीके से वट सावित्री की पूजा संपन्न कराई गई। पांकी सहित -आसपास के क्षेत्रों में महिलाओं ने वट सावित्री की पूजा की। साथ ही माता पर्वती व भगवान शंकर की कथा भी सुनी।

**हैदरनगर देवी धाम में सुहागिनों ने की पति की लंबी आयु की कामना**

**हैदरनगर।** वट सावित्री पूजा को लेकर हैदरनगर स्थित देवी धाम परिसर में गुरुवार सुहागिनों ने धूमधाम से भक्तिभाव के साथ पूजा अर्चना की। हैदरनगर के कुम्हार टोला, देवी धाम, झरी, पांती, चौकड़ी सहित अन्य गांव में सुहागनों ने व्रत को रखकर पति की लंबी उम्र की कामना की। सुहागनों ने अपने घरों व पूजा स्थलों पर वट वृक्ष के पास एकत्रित होकर विधिवत पूजा की। कुम्हार टोला, देवी धाम, सोबा, बरेवा, बिलासपुर, बहेरा और झरी में पूजा का विशेष आयोजन किया गया। जहां सुहागनों ने पारंपरिक परिधानों में सज धजकर पूजा में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने सावित्री व सत्यवान की कथा श्रवण सहित व्रत कथा का पाठ किया। वहीं पूजा स्थल पर दीप जलाए। वट वृक्ष की परिक्रमा कर पति की लंबी उम्र, स्वास्थ्य और सुख समृद्धि की कामना की। पूजा के बाद सभी ने एक दूसरे को तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर पर्व की शुभकामनाएं दी। मौके पर पंडित सत्येंद्र दुबे, अरुण दुबे, लाल दुबे, अजित उपाध्याय ने पूजा अर्चना कराया। पं. सत्येंद्र दुबे ने कहा कि वट सावित्री पूजा का हिन्दू धर्म में विशेष महत्व है। यह पूजा पौराणिक कथा पर आधारित है। सावित्री ने अपने पति सत्यवान को यमराज के चंगुल से छुड़ाया था। इस दिन सुहागन महिलाएं व्रत रखकर अपने पतियों की लंबी उम्र स्वस्थ जीवन की कामना करती हैं। इस पर्व का प्रमुख उद्देश्य पति पत्नी के संबंधों में प्रेम विश्वास को बढ़ावा देना है।

**सुहागिनों ने रखा व्रत किया वट वृक्ष का पूजा**

**विश्रामपुर** नप व आंचलिक क्षेत्रो में वट सावित्री पूजा के दिन महिलाओं ने विशेष पूजा-अर्चना की। पति की लंबी उम्र की कामना को लेकर सुहागिनों ने वट सावित्री व्रत के दिन उपवास रखा। सुहागिनों ने वट सावित्री पूजा के मौके पर वट वृक्ष की पूजा-अर्चना भी की। सुबह से ही महिलाएं वट वृक्ष के नीचे जमा हो कर पूजा में लीन हो गयी थी। महिलाओं ने पूरी श्रद्धा के साथ वट वृक्ष का परिक्रमा किया। सुहागिनों ने वट वृक्ष के नीचे बैठकर सावित्री-सत्यवान की कथा भी सुनी। क्षेत्र के विभिन्न वट वृक्ष के नीचे मुख्य पूजा का आयोजन हुआ। राज पुरोहित अच्युतानंद पांडेय,राजन पांडेय सहित कई पुजारियों ने महिलाओ को सावित्री,सत्यवान की कथा सुनायी।

## एक नजर

### वीडी राम की जीत पर लोगों ने दी बधाई

**रामगढ़।** प्रखंड अंतर्गत हुटार पंचायत के मायापुर निवासी पंचायत समिति सदस्य पति मनोज प्रसाद, महेंद्र सिंह, विनोद प्रसाद, बजरंगी प्रसाद, श्रवण प्रजापति सहित अन्य लोगों ने सांसद विष्णु दयाल राम के आवास पर जाकर बुके देकर व माला पहनकर स्वागत किया। सांसद विष्णु दयाल राम को तीसरी बार चुनाव जीतने पर बधाई दिया। पंचायत समिति सदस्य पति मनोज प्रसाद ने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में वीडी राम का कार्य सराहनी रहा।

### सांसद की जीत भाजपा ने विजय जुलूस निकाला

**छतरपुर।** छतरपुर मुख्यालय में भाजपा प्रत्याशी वीडी राम के हैट्रिक जीत पर भाजपा कार्याकर्तो विजयी जुलुस निकाला। मौके पर कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटी। जुलूस भाजपा कार्यालय से निकल कर नागबाबा होते पूरा बाजार घुमा। जपला मोड़ पर पटाखे फोड़ कर जश्न मनाया गया। मौके पर सुधीर सिन्हा, अशोक सोनी, भारत प्रसाद, नवल प्रसाद, मुखिया हरेंद्र सिंह, गुड्डू सिंह, अजय कुमार गुप्ता, टिंकू ठाकुर समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### रक्तदान स्वयं कर दूसरों को भी प्रेरित करें : धर्मेंद कुमार

**हरिहरगंज।** रक्तदान महादान है। किसी की जान बचाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य होता है। ये बातें गुरुवार को भाजपा प्रखंड मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने अपने 21 वें जन्मदिन के मौके पर मेदिनीनगर एमएमसीएच ब्लड बैंक रक्तदान के बाद बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि युवाओं की जिम्मेवारी है कि वे रक्तदान शिविरों में पहुंचकर बढ़ चढ़कर रक्तदान करें। रक्तदान स्वयं कर दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने के बाद उन्हें बेहद सुखद एहसास हुआ है। इससे अन्य लोगों व युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी। मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला मंत्री चंदन प्रजापति, जीतेन्द्र यादव मौजूद थें।

# नीट परीक्षा में राहुल ने 720 में 695 अंक प्राप्त किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** अपने सपने को साकार करने के लिए प्रतियोगी छात्र दिन रात एक कर देते हैं, वहीं सफलता मिलने पर न केवल स्वयं बल्कि सपनों को पूरा कराने में पसीना बहाने वाले माता-पिता का भी सीना चौड़ा हो गया। नावाबाजार प्रखंड क्षेत्र के ब्रहमोरिया गांव निवासी राहुल कुमार पांडेय ने नीट परीक्षा में सफलता अर्जित कर अपने सपनों को पंख दिया। राहुल ने 720 में 695 अंक प्राप्त किया। राहुल एक सामान्य परिवार से ताल्लुक रखने वाला प्रतिभावान छात्र ने अपने दम सफलता अर्जित की। राहुल की सफलता पर गांव में खुशी की लहर है। राहुल के माता-पिता सहित सगे संबंधी व गांव के लोग स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे है।

### व्यवासायी की बेटी नीट परीक्षा में सफल



**हैदरनगर।** जिले के हैदरनगर बाजार क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यवसायी स्व. रामचंद्र लाल अग्रवाल की पौत्री व जयप्रकाश लाल अग्रवाल की पुत्री खुशी कुमारी ने नीट में 720 में 662 अंक से उतीर्ण हुई है। उसका ऑल इंडिया रैंक 19547 है। खुशी कुमारी की प्राथमिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर हैदरनगर से हुई है। उसने अपनी सफलता पर विद्यालय के सचिव सह सामाजिक कार्यकर्ता डा. अजय जायसवाल सहित समस्त विद्यालय परिवार के प्रति बेहतर शिक्ष, संस्कार व अनुशासन कायम रखने के प्रति अभार जताया है। इसके बाद उसने गोल विलेज कोचिंग पटना से इसकी तैयारी कर एटीए आयोजित इस परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। डा. अजय जयसवाल ने खुशी सहित परिजनों से मिलकर मिठाईयां खिलाने व गुलदस्ता भेंट कर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# बच्चों में छिपी प्रतिभा को निखारने की जरूरत : मुखिया



**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड के जैप-8 मुख्यालय के समीप मुरमुसी मैदान में बुधवार की रात्रि से मुरमुसी प्रीमियर लीग 2024 क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू हुआ। टूर्नामेंट का उद्घाटन पांकी के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह व तरहसी मुखिया पंकज सिंह ने संयुक्त झरू से फीता काटकर किया। ने की। इससे पूर्व आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने उन्हें फूल-माला देकर स्वागत किया। उद्घाटन मैच रेड बुल क्रिकेट टीम डालटनगंज बनाम मोहम्मदगंज के बीच खेला गया। रेड बुल की टीम ने मोहम्मदगंज को 10 रन से हराया। मौके पर पंकज सिंह ने कहा कि आज के परिवेश में पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी बेहद जरूरी हो गया है। खेल के माध्यम से भी युवाओं को आगे बढ़ने की असीम संभावनाएं हैं। ग्रामीण खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। बस जरूरत है समय-समय पर इस तरह के आयोजन कर गांव में छुपी हुई प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने की। पांकी विधानसभा क्षेत्र के खिलाड़ी भी धोनी की तरह देश व राज्य में अपना नाम रोशन कर सकते हैं । उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से निश्चित रूप से गांव के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। खिलाड़ियों को कभी भी हार जीत से घबराना नहीं चाहिए। बल्कि हारने वाले टीम के खिलाड़ियों को और दोगुने उत्साह से मेहनत करनी चाहिए। आयोजन समिति के अध्यक्ष अभिनव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि प्रीमियर लीग के विजेता टीम को 31 हजार नकद, ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 15 हजार नकद ट्रॉफी देकर प्रोत्साहित किया जायेगा। टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी कप व मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में आयोजन समिति के सचिव दिलीप कुमार, उपाध्यक्ष उमेश कुमार, कोषाध्यक्ष धीरज कुमार, उपसचिव मोहित श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष आलोक कुमार, सुरेंद्र शुक्ला, मनदीप तिवारी, अरविंद डिसिल्वा, बबलू सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### 360 ग्राम गांजा के साथ दुकानदार गिरफ्तार, भेजा जेल

**हरिहरगंज।** पिपरा थाना पुलिस गुप्ता सूचाना के आधार पर बानाडीह गांव स्थित एक किराना दुकान में छापेमारी कर इ 360 ग्राम गांजा बरामद किया है। गांजा बरामदगी के बाद मौके से दुकानदार दुधेश्वर सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार पिपरा थाना क्षेत्र के बानाडीह गांव निवासी दूधेश्वर सिंह अपने किराना दुकान में अवैध रूप से गांजा की बिक्री करता था। छापेमारी का नेतृत्व छतरपुर डीएसपी नौशाद आलम ने की। उन्होंने बताया कि पुलिस को लगातार गुप्त सूचना मिल रही थी कि दुकानदार द्वारा अवैध रूप से गांजा की बिक्री की जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस ने छापेमारी कर किराना दुकान से 360 ग्राम गांजा बरामद कर दुकानदार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। छापामारी दल में पिपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### पुलिस ने 8 क्विंटल जावा महुआ को किया नष्ट



**नावाबाजार।** अवैध शराब निर्माण को लेकर नावाबाजार थाना के द्वारा कार्रवाई की गई। थाना क्षेत्र के कंडा पंचायत स्थित ताली गांव के जंगल में गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी चिंटू कुमार ने छापामारी किया। जहां अवैध देशी शराब निर्माण को लेकर तैयार 8 क्विंटल जावा महुआ को नष्ट किया। साथ ही एएसआई भुनेश्वर तुरी व सशस्त्र पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कार्यप्रणाली में बदलाव लाने की सलाह दी। वहीं संलिप्त लोगों पर कार्रवाई की बात कही। कहा कि क्षेत्र में कहीं भी अवैध शराब भट्ठी कारोबारी को पनपने नहीं दिया जाएगा। पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### महिलाओं ने की वट सावित्री की पूजा-अर्चना मांगी अपने पति को दीर्घायु होने की कामना

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र में गुरुवार को सुहागिनों ने वट सावित्री पूजा अर्चना कर अखंड सौभाग्य की कामना की। सुबह से ही वट यानि बरगद के पेड़ों के समीप महिलाओं की भीड़ शुरू हो गयी। फल-फूल, प्रसाद सामग्री के साथ सुहागिनों द्वारा बरगद पेड़ की परिक्रमा करते हुए कच्चा सूत बांधकर अपने-अपने पतियों की सुख, समृद्धि, लंबी आयु की कामना की। महिलाओं ने बताया कि वट सावित्री में वट वृक्ष की पूजा की जाती है। इसे अक्षय वृक्ष भी कहा जाता है। मान्यता है कि इस वृक्ष की आयु लंबी होती है। यही कारण है कि सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु के लिए वट सावित्री व्रत करती हैं। ब्लॉक परिसर स्थित बरगद पेड़ समीप पंडित पंकज मिश्रा ने इस व्रत पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए सावित्री-सत्यवान की कथा श्रवण करायी। उन्होंने बताया कि इसके माध्यम से यमराज देव की पूजा की जाती है। इस अवसर पर शहरी क्षेत्र के नहर कॉलोनी स्थित शिव मंदिर, रविदास नगर, बगीचा समेत ग्रामीण क्षेत्रों में भी पूजा पाठ की गयी। वहीं झारखंड-बिहार सीमा के कररबार नदी तट स्थित चर्चित गजानन धाम परिसर स्थित पेड़ के समीप काफी संख्या में सुहागिनो ने पूजा पाठ की। इस मौके पर अनिता देवी, पूजा सिंह, रेशमा सिंह, सरिता देवी, पुष्पा देवी आदि समेत काफी संख्या में महिलाएं मौजूद थे।

### हैदरनगर की महिला सर्पदंश से गंभीर, रेफर

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र के हैदरनगर थाना क्षेत्र के ग्राम कोयरियाडीह निवाशी अरविंद मेहता की पत्नी आरती देवी उम्र 30 वर्ष को बुधवार की शाम सांप ने डंसकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया की आरती बुधवार की शाम अपने खेत में घास काट रही थी। इसी बीच सांप ने उसे डंसकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद उसके साथ घास काट रही अन्य महिलाओं के द्वारा इसकी जानकारी परिजनों को दी। जानकारी मिलते ही परिजन खेत पर पहुंच कर घायल आरती को इलाज के लिए हैदरनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सको ने इलाज के बाद भी आरती की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए हुसैनाबाद से मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी आरती की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### पलामू चतरा में भाजपा की जीत पर जुलूस

**सतबरवा।** भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम के तीसरी बार भारी बहुमत से जीत पर व चतरा लोक सभा से पहली बार स्थानीय सांसद कालीचरण सिंह की जीत पर अनुसूचित जनजाति के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह ने उनके आवास पर जाकर बुके, पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यह पूरे भारत देश की जनता की जीत है। तीसरी बार देश में भाजपा की सरकार बन रही है। पूरे देश की जनता जश्न मना रही है। देश एक बार फिर से एनडीए गठबंधन की सरकार बन रही है। पलामू लोक सभा व चतरा लोकसभा के सांसद की ऐतिहासिक जीत पर भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा जुलूस निकाला गया। जुलूस में एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर बधाई दी। मौक पर भारत माता की जय, जय श्री राम, भारतीय जनता पार्टी जिन्दाबाद के नारों पूरा सतबरवा गुंज उठा।

**जीत का जश्न**

## नव निर्वाचित सांसद की जीत पर भव्य जुलूस

# भाजपा प्रत्याशी की जीत पर कार्यकर्ताओं ने उड़ाए अबीर गुलाल, बांटी मिठाईयां




**नवीन मेल संवाददाता**

**उंटारी रोड।** सांसद विष्णु दयाल राम की जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। नव निर्वाचित सांसद विष्णु दयाल राम की हैट्रिक जीत पर भव्य जुलूस निकाला गया। मौके पर सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर तथा मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। जुलूस में मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर, उपाध्यक्ष मानदेव साह, महामंत्री रघुवीर सिंह चंद्रवंशी, सुनील तिवारी, वरीय उपाध्यक्ष सुरेंद्रनाथ तिवारी, किसान मोर्चा अध्यक्ष अरविंद मेहता, जिला सोशल मीडिया सूरज विश्वकर्मा, सांसद प्रतिनिधि राजाराम मेहता, महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा सिंह, पूर्व प्रमुख राम सेवक पासवान, संजय चंद्रवंशी, गुड्डू चंद्रवंशी, सुरेश पासवान, सुमन गुप्ता, बीरबल मेहता, बजरंगी साह, नीरज तिवारी, सुधीर पासवान, अखिलेश दीक्षित, राजेंद्र विश्वकर्मा, छोटू दुबे, रामसुंदर विश्वकर्मा,नंदू चंद्रवंशी, सूरत नारायण चंद्रवंशी, राजकुमार चंद्रवंशी, संतोष पांडेय,नगीना देवी,अनीता देवी, सरिता देवी, प्रियंका देवी, सोशल मीडिया जितेंद्र ठाकुर,अजीत कुमार चंद्रवंशी रिकेश ठाकुर, सूरज तिवारी सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### वीडी राम के हैट्रिक जीत पर विजय जुलूस निकला



**विश्रामपुर।** भाजपा प्रत्याशी वीडी राम के हैट्रिक जीत पर भाजपा द्वारा भव्य विजय जुलूस निकाला गया। विजय जुलूस में वरिष्ठ भाजपाई शामिल हुए। गाजे बाजे के साथ निकले जुलूस के दौरान खूब आतिशबाजी हुई। जमकर अबीर गुलाल उड़े। भाजपा नेताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह जिला पार्षद अरविंद सिंह ने कहा कि पलामू में भाजपा की यह हैट्रिक जीत प्रधानमंत्री के गरीब कल्याण व सांसद विष्णु दयाल राम के विकाश कार्यों का प्रतिफल है। पलामू लोस की जनता ने प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी, वीडी राम की ईमानदारी व कार्तव्यनिष्ठा पर भरोसा जताया है। भाजपा नेत्री संध्या सिंह ने कहा कि वीडी राम ने अपने दस वर्षों के कार्यकाल में विकास की जो गति रही है उसे और तेज किया जायेगा।जुलूस में विभाकर नारायण पांडेय,पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र पांडेय,प्रफुल सिंह,सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय सहित काफी संख्या में भाजपा नेता कार्यकर्ता शमिल हुए।




## एक नजर

### आम के पेड़ से गिरने से किशोर का दोनों हाथ टूटा

**मेदिनीनगर।** जिले के तरहसी प्रखंड स्थित सिलदिलिया गांव के गणेश महतो का पुत्र महेंद्र कुमार पेड़ से गिर जाने से दोनों हाथ टूटने के साथ जबड़े व पैर में भी काफी चोटें आई है। परिजनों ने उसे इलाज के लिए एमएमसीएचस में भर्ती कराया है। चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया है। परिजनों ने बताया कि महेंद्र अपने दोस्तों के साथ आम तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ा था। इस दौरान डाली तक पहुंचाने के प्रयास में वह पेड़ से नीचे गिर गया। पेड़ से गिरने के बाद उसके दोस्तों ने घटना जानकारी परिजनों को दी।



# सुहागिनों ने वट सावित्री का पूजा कर पति की लंबी आयु की कामना की





**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सुहागिन महिलाओं ने गुरुवार को पति की लंबी आयु के लिए वर के पेड़ में कच्चा सूता बांध कर धार्मिक विधि विधान से पूजा की। वट सावित्री पूजा करने के लिए शहर के विभिन्न वर के पेड़ के नीची पूजा करने के लिए सुहागिन महिलाओं की भीड़ लगी रही। महिलाएं अपने सुहाग की लंबी आयु की कामना करने के साथ अपने परिवार के सुख शांति के लिए भी कामना की। कही पर कुंवारी कन्याएं भी मनचाहा वर पाने के लिए यह व्रत रखी थी। ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि को वट सावित्री पूजा करने की परंपरा रही है। इस दिन शादीशुदा महिलाएं पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखती हैं व वर के पेड़ की पूजा भी करती हैं। वट सावित्री पूजा के दिन सुहागिन महिलाएं सुबह उठ स्नान करने के बाद इस व्रत का संकल्प लेती हैं। पूजा के वर का पेड़ में कच्चा सूता बांध कर फेरा लेने के बाद महिलाओं ने सत्यवान सावित्री का कथा भी सुनी। कथा सुनने के बाद पुरोहित को दान दक्षिणा देने के बाद पैर छू कर आर्शीवाद लिया।

**महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा कर मांगा आशीर्वाद**

सुहागिन महिलाओं ने बरगद वृक्ष के तने पर रोली, चंदन का टीका, चावल, चना, गुड़ आदि चढ़ाते हुए मिट्टी से बने सत्यवान, सावित्री व यमराज की प्रतिमाओं पर रोली, चंदन लगाकर अगरबत्ती, दीप दिखाकर फूल, धूप से पूजन किया। इसके बाद महिलाएं वृक्ष के तने में चारों ओर कच्चे सूत के धागों को हल्दी में रंगकर परिक्रमा करते हुए दिखी। पूजा समाप्त होने के बाद व्रती महिलाओं ने पंडित को अन्न, फल, वस्त्र आदि दान की।

## न्यूज बॉक्स

### बाल्टी तसला लेकर ग्रामीण करेंगे प्रदर्शन



**मेदिनीनगर।** सांगबार पंचायत के ग्रामीणों द्वारा शुक्रवार को पेयजल की भीषण समस्या को लेकर नीलाबंर-पीताबंरपुर प्रखंड कार्यालय का घेराव किया जाएगा। यह जानकारी समाजसेवी पिंटू पांडेय ने दी। उन्होंने बताया कि पूरे पंचायत में नल जल योजना विफल हो चुकी है। ठेकेदार अपनी मनमानी कर रहे हैं। जनप्रतिनिधियों का भी पंचायत पर कोई ध्यान नहीं है। इस पंचायत में पानी की भीषण किल्लत 20 सालो से है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी का आलम यह है कि लोग दो से तीन किलोमीटर दूर से पानी लाने को मजबूर हैं। घेराव कार्यक्रम में ग्रामीण महिला पुरूष सैंकड़ों की संख्या में बाल्टी, तसला लेकर रोष पूर्ण प्रदर्शन करेंगे। घेराव के बाद वे प्रंखड विकास पदाधिकारी के माध्यम से उपायुक्त को मांग पत्र सौंपा जायेगा।

### भाजपा, राजद, बसपा को पोस्ट बैलेट वोट भी मिला

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा क्षेत्र में चुनाव चुनाव लड़ रहे नौ उम्मीदवार में दो को छोड़ कर शेष सात उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई। लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए जमानत की राशि 12 हजार 500 चुनाव आयोग ने निर्धारित की है। झारखंड का एक मात्र पलामू लोकसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए रिजर्व है इसलिए जमानत की राशि 12 हजार 500 रुपए है। अगर यह लोकसभा का सामन्य सीट होता तो जमानत की राशि 25 हजार रूपए होता। पलामू लोकसभा क्षेत्र में सात उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई। चुनाव आयोग के नियम के मुताबिक यदि पूरे वोट का 1.6 प्रतिशत से जयादा मिलता है तो उसकी जमानत बच जाती है। पलामू लोक सभा क्षेत्र में कुल मत 13,66,395 पड़ा है। उनमें एक मुश्त वोट 13,49,511 और पोस्टल बैलेट से 16,884 वोट मिला जो दोनों मिलाकर 13,66,395 वोट हो जाता है। कार्मिक कोषांग के नोडल पदाधिकारी कुंदन कुमार ने बताया कि चुनाव लड़ रहे सभी नौ उम्मीदवारों को पोस्टल वोट का मत मिला है। बहुजन समाज पार्टी के कामेश्वर बैठा को 733, राष्ट्रीय जनता दल की ममता भुइंया को 7887 व भारतीय जनता पार्टी के विष्णु दयाल राम को 8073 पोस्टल वोट मिला है।

### मृतक के परिजनों को 50 लाख मुआवजा दे सरकार : आजसू

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के रामगढ़ में 13 साल के आदिम जनजाति के लडकी को मानव तस्करी करने वालों ने बिहार के सासाराम में आठ माह पूर्व ले जाकर दुष्कर्म कर हत्या कर देने की घटना का आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सतीश कुमार निंदा की है। उन्होंने दोषियों की शीघ्र ही गिरफ्तारी कर कानूनी कार्रवाई करने व परिवार के सदस्यों को 50 लाख रूपए मुआवजा देने की मांग सरकार से की है। उन्होंने जारी बतान में कहा कि लड़की के पिता के मृत्यु के बाद मां ने दूसरी विवाह कर ली थी। इस घटना ने झारखंड में आदिवासियों की हिमायती सरकार की पोल खुल जाती है। आठ माह से लापता लड़की को खोज नहीं पाती है। महिलाओं के सशक्तिकरण की ढोल पिटने वाली इन्डिया गठबन्धन की सरकार में लूट, झूठ, अपराध, भ्रष्टाचार के अलावा कुछ भी नहीं है। सरकार में जितना भी बलात्कार व हत्या हुई अब तक किसी घटना को अंजाम तक नहीं पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि तीन जून को बलात्कारी व अपराधियों ने रामगढ़ में उक्त बच्ची की शव को गांव में दफन कर भाग निकले। गाव का ठिकेदार व सासाराम के ईंट भठ्ठा का मालिक फरार हो गया। बच्ची की मां ने रामगढ़ थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है।

### जीएलए कॉलेज में एमएड, एलएलबी के विभिन्न सेमेस्टरों की परीक्षा 14 जून तक

**मेदिनीनगर।** जीएलए कॉलेज में गुरुवार को एमएड का द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर तथा एलएलबी के तृतीय व पंचम सेमेस्टर की परीक्षा ली गई। जीएलए कॉलेज केंद्र पर बीएनएस लॉ कॉलेज, कुमारेश इंटरनेशनल बीएड कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दिया। महाविद्यालय के परीक्षा विभाग के बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा है। परीक्षा पांच से 14 जून तक चलेगी। परीक्षार्थी विभिन्न विषयों की परीक्षा में शामिल होंगे। साथ ही यूजी में नामांकन के लिए चांसलर पोर्टल के खुलने के बाद तुरंत ही तिथि की घोषणा कर मेधा सूची के आधार पर नामांकन लिया जाएगा। एमएड द्वितीय सेमेस्टर में सोशियोलॉजी ऑफ एजुकेशन, चतुर्थ सेमेस्टर में प्राथमिक शिक्षा में पाठ्यचर्या, शिक्षा शास्त्र, मूल्यांकन विषय व एलएलबी के तृतीय सेमेस्टर में भूमि कानून, पंचम सेमेस्टर में उपभोक्ता संरक्षण की परीक्षा ली गई।



### नल जल योजना फेल, ठेकेदार ने काम पेटी कान्ट्रेक्टर को दिया

# ग्रामीण पिरी नदी के चुआंडी से पानी लाने को विवश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आम अवाम के हित में सरकार कितना भी काम करे। कितनी भी योजनाएं बनाये लेकिन इन जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम अवाम को तब तक नहीं मिलेगा, जबतक की सरकार के नुमाइंदे व ठेकेदार न चाहें। यही हाल है सरकार के अतिमहत्वकांक्षी योजना नल-जल की, जिसके माध्यम से सभी घरों में पानी पहुंचाना था। पलामू के अन्य प्रखंडों की भांति नीलांबर पीतांबरपुर में भी यह योजना विफल है। लोग बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान है। योजना के विफल होने के भी कई कारण है। योजना की शुरूआत से ही इसमें बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती गयी। नल जल का काम जिन ठेकेदारों को एलॉट किया गया वह स्वयं काम न कर सब काम अलग अलग पेटी पर कान्ट्रेक्टर को दे दिया। काम चाहे बोरिंग हो,टंकी निर्माण का काम, पाईप बिछाने, घरों में नल लगाने का। सभी काम पेटी कॉन्ट्रैक्ट पर दे दिया गया। पेटी कान्ट्रैक्टर भी काम न कर काम कर रहे उन्हीं मजदूरों को पेटी कान्ट्रैक्ट पर काम दे दिया। परिणाम काम में न गुणवत्ता हैऔर न पानी घरों तक पहुंच पा रहा है। आलम यह है कि कई जगह तो काम भी शुरू नही हुआ है। परिणामस्वरूप योजना का लाभ लाभुकों को नहीं मिल पा रहा है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। कुछ ऐसा ही मामला प्रखंड के अमवा-राजपुर गांव की है। गांव वाले आज भी पिरी नदी के चुआंडी से पानी पीने को मजबूर है। ग्रामीणों ने बताया कि नल के जरिये सभी घरों में पानी पहुंचाने के लिए हरिजन टोला में बोरिंग हुआ, टंकी बनाने के लिये नींव की खुदाई भी हुई। छड़, सीमेंट, ईंट भी लाया गया, लेकिन अभी तक काम आगे नही बढ़ा। इस बाबत पंचायत के मुखिया कृष्णकांत चौबे से बताया कि ठेकेदार अशोक चंद्रवंशी काम करना ही नही चाहते।कई बार उन्हें काम शुरू करने व लोगों के घरों तक पानी पहुंचाने का आग्रह किया, लेकिन वह कभी गंभीरता से नहीं लियें। विभाग के एसडीओ राजेश सिंह ने कहा कि मुझे जानकारी नहीं है। ऐसी बात है तो संबंधित ठेकेदार से तत्काल काम शुरू करवाया जायेगा।



## बदहाली

### एक दशक पूर्व बना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जर्जर

# वर्षों से बंद केंद्र कायाकल्प का बाट जोह रहा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड क्षेत्र के गोराडीह खास गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पूरी तरह जर्जर हो चुका है। 2014 में इस केंद्र का निर्माण कराया गया था। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद तत्कालीन विधायक स्व विदेश सिंह ने किया था। उस समय राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन थे। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनने के कुछ वर्षों तक तो एक एएनएम व पुरुष सहायक की नियक्ति की गई। ग्रामीणों की माने तो पहले वहां बगीचा हुआ करता था। गांव के बच्चे खेलते थे। एक यज्ञ स्थल भी था, लेकिन स्वास्थ्य भवन बनने से लोगों में एक उम्मीद जगी थी। प्राथमिक उपचार व छोटी बीमारियों के लिए लेस्लीगंज या सदर अस्पताल नहीं जाना पड़ता था। शुरू में सब कुछ ठीक-ठाक चला लेकिन धीरे-धीरे स्थित बद से बदतर हो गई है। भवन में लगे सारे शीशे टूट चुके हैं। भवन धीरे धीरे खंडहर में तब्दील हो रहा है। इस संबंध में सिविल सर्जन अनिल कुमार से बात कर उनका पक्ष लेने का प्रयास किया लेकिन संपर्क नहीं हो पाया।

**शुरू में सब कुछ ठीक-ठाक चला लेकिन धीरे-धीरे स्थित बद से बदतर हो गई है। भवन में लगे सारे शीशे टूट चुके हैं।**

**स्वास्थ्य केंद्र बंद होने के कारण ग्रामीणों को हो रही परेशानी**



स्वास्थ्य केंद्र में टीकाकरण के साथ दवाइयां उपलब्ध रहने के कारण कई गांव के लोग लाभान्वित भी हो रहे थे। बाद के समय में सहायक व एएनम ने स्वाथ्य केंद्र में आना बंद कर दिया। इसके बाद स्वास्थ्य केंद्र बंद हो गया। स्वास्थ्य केंद्र के बंद हो जाने के बाद उसके बर्बाद होने की कहानी शुरू हो गई। रख रखाव के अभाव के कारण स्वास्थ्य भवन जर्जर स्थिति में है।

### आबदगंज रेलवे फाटक गुमटी पर चला जागरूकता अभियान

# आम लोग रेलवे फाटक पर नियम का पालन करें : स्टेशन अधीक्षक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को स्टेशन अधीक्षक उमेश कुमार के नेतृत्व में रेलवे फाटक जागरूकता अभियान चलाया। यह अभियान आबदगंज कचहरी रेलवे फाटक गुमटी पर सुबह एक घंटा तक चलया गया है। स्टेशन अधीक्षक उमेश कुमार ने बताया कि अभियान के तहत लोगों में जहारूकता के माध्यम से संदेश देने का प्रयास किया। लोगों को बताया गया कि कान में ब्लूटूथ, ईयर बट लगाकर रेलवे लाइन से गुजरनाा बहुत खतरनाक हो सकता है। साथ ही इसमें जान भी चली जाती है। रेलवे फाटक के नियम के पालन हर हाल में लोगों को करना है चाहिए। उन्होंने कहा कि रेलवे लाईन से गुजरने के दौरान काफी सावधानी बरतने की जरूरत है। देखा जाता है कि ट्रैक्टर, कार, बस के ड्राइवर ट्रेन के आने से पहले रेलवे गुमटी क्रास करने लगते हैं। इस कारण भी ज्यादा दुर्घटना होती है। दुर्घटना के कारण ट्रैक्टर, कार, बस तो बर्बाद होता ही साथ ट्रेन का डब्बा, इंजन, पटरी को भी नुकसान होता है।



## एक नजर

### वट वृक्ष का पूजा कर मांगा अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद



**भंडरिया ।** भंडरिया प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण इलाकों में गुरुवार को वट सावित्री पूजा हर्षोल्लास से धूमधाम से मनाया गया। सुहागिन महिलाएं वट सावित्री की पूजा के लिए सुबह से ही बरगद के पेड़ के पास पहुंचने लगीं थीं। हिदू धर्म में सुहागिन महिलाओं के लिए वट सावित्री पूजा बेहद खास व महत्वपूर्ण माना गया है। इस दिन सौभाग्यवती महिलाएं बरगद के पेड़ की पूजा कर अखंड सौभाग्य व अपने पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं। पूजन कर सुहागिन महिलाओं ने अखंड सौभाग्य व अपने पति की लंबी उम्र की कामना किया। सौभाग्यवती महिलाएं बरगद वृक्ष के नीचे पहुंच जड़ में अर्घ्य अर्पण कर विधिवत पूजन अर्चन किया तथा बरगद वृक्ष के तना में कच्चा सूत बांधकर अपने पति के लिए दीघार्यु की कामना किया। वट सावित्री पूजा की सुहागिन महिलाएं में खासा उत्साह देखा गया। पेड़ को बांस के पंखा से हवा भी किया। पूजा के बाद महिलाओं ने बरगद के पेड़ के छांव में ही सावित्री और सत्यवान के कथा का श्रवण भी किया। धर्म ग्रंथों में उल्लेख है कि वट सावित्री पूजा करने से अल्पायु पति भी दीघार्यु हो जाता है। प्रखंड के नौका ,मर्दा, सहित प्रखंड के सभी गांव में सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री का पूजन कर पति की लंबी आयु की कामना की।

### सुहागिनों ने पति के लंबी उम्र के लिए रखा व्रत



**धुरकी।** धुरकी प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के सभी गांव में सुहागिनों ने गुरुवार को पति की दीघार्यु और परिवार की सुख शांति के लिए वट सावित्री की पूजा अर्चना की। इस मौके पर भीषण गर्मी में भी महिलाओ ने निर्जला व्रत कर इस सुहाग पर्व को उत्साह के साथ मनाया गया। दुल्हन की तरह सोलह कर श्रंगार कर वट वृक्ष पर पहुचकर महिलाओं ने विधि-विधान के साथ व्रत को पूरा किया। वट व्रक्ष के नीचे सुबह से ही सुहागिनों की भीड़ लगी रही। पूजा अर्चना के बाद सुहागिनों ने वट व्रक्ष के परिक्रमा कर वट सावित्री की पूजा अर्चना की गई। वट सावित्री व्रत में वट' और सावित्री' दोनों का खास महत्व माना गया है। पीपल की तरह वट या बरगद के पेड़ का भी विशेष महत्व है। पुराणों की मानें तो वट वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु व महेश तीनों का वास है। इस व्रत में बरगद पेड़ के चारों ओर घूमकर रक्षा सूत्र बांधा और आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर सुहागिनों एक-दूसरे को सिंदूर लगाती हैं। इसके अलावा पुजारी से सत्यवान और सावित्री की कथा सुनती हैं। नवविवाहिता सुहागिनों में पहली बार वट सावित्री पूजा का अलग ही उत्साह रहता है।

# सुहाग की सलामती के लिए महिलाओं ने की वट सावित्री पूजा



**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

केतार प्रखंड के सभी गांवों में गुरुवार को वट सावित्री व्रत सुहागिन व नवविवाहिता महिलाओं ने हर्षोल्लास के साथ मनाया। अहले सुबह से दोपहर तक सुहागिन महिलाओं ने उपवास रखकर अपनी सुहाग की लम्बी आयु की रक्षा और दीघार्यु के लिए वोट वृक्ष और यमदेव की पुजा अर्चना की। प्रखंड के केतार, मुकुन्दपुर, परसोडीह, मेरौनी, हुरका, लोहरगाडा, बलिगढ़, परती कुशवानी, छाताकुड़, पाचाडुमर, खैरवा सहित अन्य गांवों में वट सावित्री पुजा को लेकर महिलाओं में खास उत्साह देखी गई। सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष की पुजा कर मौसमी फल अर्पित कर, कच्चे धागे बांधी, उसके बाद बेना डोलाकर ठंडक पहुंचाने के बाद महिलाओं ने आस्था के साथ वट वृक्ष की परिक्रमा की। पुजा के बाद महिलाओं ने सामुहिक रूप से सावित्री कथा सुनी। घर पहुंचने के बाद महिलाओं ने अपने पति को बड़ी श्रद्धा भाव से चंदन टीका लगाकर, आरती दिखाई और बेना डुलाकर हवा लगाई। महिलाओं का कहना है की आज जो भी महिला इस व्रत को करती है उसे अखंड सुहाग रहने का सौभाग्य प्राप्त होता है।

## दुल्हन की तरह सज-धज कर डंडाई की महिलाओं ने मनाया वट सावित्री पूजा



**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**

प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम के साथ सुहागिन महिलाओं के द्वारा गुरुवार को बट सावित्री की पूजा की गई। दुल्हन की तरह सज धज कर डंडाई के बाजार समिति स्थित बट वृक्ष के नीचे पहुंची सुहागिनों के द्वारा सबसे पहले बट वृक्ष का परिक्रमा किया गया। उसके बाद पेड़ के नीचे बैठ सभी सुहागिनों ने भगवान विष्णु ब्रह्मा और शिव जी की विधि विधान के साथ आराधना कर उनका पूजा किया। साथ ही पवित्रता के साथ बट वृक्ष को चारों तरफ से उनके द्वारा कलावा भी बंधा गया । पूजन को लेकर बट वृक्ष के नीचे पहुंची सुहागिनों ने बताया कि अमर सुहाग के प्रतीक है बट वृक्ष की पूजा अर्चना। उन्होंने कहा कि वर्ष भर में जेष्ठ माह के कृष्ण पक्ष के अमावस्या तिथि के दिन बट सावित्री की पूजा की जाती है। साथ ही कहा कि अपने पति के लिए सती सावित्री की भक्ति और स्नेह से प्रभावित होकर यमराज ने उनके पति सत्यवान के प्राण लौटा दिए थे। इसी पौराणिक घटना की जानकारी पाकर हम सभी सुहागिन महिलाएं प्रत्येक वर्ष अपने-अपने पति की दीघार्यु के लिए वट सावित्री की पूजा करने का काम करते हैं। सुहागिनों ने कहा कि बट सावित्री पूजा के दिन बरगद के पेड़ की पूजा करने से पति के साथ-साथ परिवार को भी सौभाग्य का आशीर्वाद मिलता है । साथ ही पति के अकाल मृत्यु की घटना भी टल जाती है। उधर प्रखंड के लगभग सभी गांव में भी सुहागिन महिलाओं ने

## सुहागिन महिलाओं ने की वट सावित्री की पूजा, पति की लंबी उम्र का मांगा आशीर्वाद

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण इलाकों में गुरुवार को वट सावित्री पूजा हर्षोल्लास भरे वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। सुहागिन महिलाएं वट सावित्री की पूजा के लिए सुबह से ही बरगद के पेड़ के नीचे पहुंचने लगीं थीं। हिदू धर्म में सुहागिन महिलाओं के लिए वट सावित्री पूजा बेहद खास व महत्वपूर्ण माना गया है। इस दिन सौभाग्यवती महिलाएं बरगद के पेड़ की पूजा कर अखंड सौभाग्य व अपने पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं। पूजन कर सुहागिन महिलाओं ने अखंड सौभाग्य व अपने पति की लंबी उम्र की कामना किया। सौभाग्यवती महिलाएं बरगद वृक्ष के नीचे पहुंच जड़ में अ?र्घ्य अर्पण कर विधिवत पूजन अर्चन किया तथा बरगद वृक्ष के तना में कच्चा सूत बांधकर अपने पति के लिए दीघार्यु की कामना किया। वट सावित्री पूजा की तैयारी दो दिन पूर्व से ही सुहागिन महिलाएं कर रहीं थीं। पूजा को लेकर सुहागिन महिलाओं में आशा व उत्साह देखा गया। वट वृक्ष की पूजा करने के बाद पेड़ को बांस के बेना (पंखा) से हवा भी किया। पूजा के बाद महिलाओं ने बरगद के पेड़ के छांव में ही सावित्री और सत्यवान के कथा का श्रवण भी किया। धर्म ग्रंथों में उल्लेख है कि वट सावित्री पूजा करने से अल्पायु पति



भी दीघार्यु हो जाता है।प्रखंड के राजी,सुंडी,करिवाडीह,खरौंधी, मझिगावां, चन्दनी, सिसरी,अरंगी,कूपा सहित प्रखंड के सभी गांव में सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री का पूजन कर पति की लंबी आयु की मन्नत मांगा।

**विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन कर स्कूल को व्यवस्थित करने पर दें ध्यान**

# डीसी ने की शिक्षा विभाग से संबंधित कार्यों की समीक्षा, दिये कई निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

समाहरणालय स्थित सभागार में गुरुवार को उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग से सम्बंधित कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त द्वारा एक एक कर शिक्षा विभाग के विभिन्न बिंदुओं पर गहन समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य रूप से उपायुक्त द्वारा शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति, विद्यालयों की साफ सफाई, पेयजल की उपलब्धता, शौचालय की साफ सफाई, पुस्तक वितरण, मध्याह्न भोजन का संचालन, बच्चों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाएं, विद्यालयों के भवन निर्माण एवं रंग




रोगन समेत अन्य विषयों पर एक-एक कर समीक्षा की गई। शिक्षा विभाग के उक्त समीक्षात्मक बैठक में उपायुक्त द्वारा जिला अंतर्गत सभी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शौचालय, पेयजल की व्यवस्था एवं विद्यालय की विधिवत्त साफ-सफाई, पोषाहार, पोशाक आदि बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिससे विद्यालयों में अध्यनरत विद्यार्थियों को परेशानी का सामना न करना पड़े। रानी लक्ष्मीबाई आत्म रक्षा के तहत विद्यालयों में कराटे का प्रशिक्षण देकर बच्चियों को सशक्त बनाने की बात कही गई। इसके अलावे स्मार्ट क्लास संचालन, स्कूल मैनेजमेंट कमिटी का गठन, नए पीजीटी-टीजीटी शिक्षकों की जोइनिंग, बीआरसी प्रबंधन, एक्सपेंडिचर रिपोर्ट, ई विद्या वाहिनी, सीआरपी बीआरपी के कार्य, खेलो झारखंड, रानी लक्ष्मी बाई आत्म रक्षा प्रशिक्षण, वोकेशनल पाठ्यक्रम, यूसी बिल यूटिलाइजेशन, सिविल एवं टेंडर संबंधित मामले समेत अन्य की भी बिंदुवार समीक्षा की गई।

## पुलिस ने अवैध बालू ट्रैक्टर को किया जब्त



**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

केतार पुलिस ने बुधवार की रात्रि कपूर्री गेट के समीप से अवैध बालू लदा एक स्वराज ट्रैक्टर जब्त किया है। उक्त ट्रैक्टर केतरी पंडा नदी से अवैध बालू का उठाव कर परिवहन कर रहा था की इसी क्रम में केतार थाना के गश्ती दल ने उक्त ट्रैक्टर को जब्त कर सुरक्षा की दृष्टि से केतार थाना परिसर में लगाया है। पुलिस को आते देखकर ट्रैक्टर चालक गाड़ी छोड़कर भागने में सफल रहा। गौरतलब है की इस कारोबार में संलिप्त लोग केतार प्रखंड के विभिन्न गांवों के पंडा और सोन नदी से बड़े पैमाने पर अवैध बालू का उठाव कराकर भवनाथपुर प्रखंड के क्षेत्रों में जाकर उच्ची कीमतों पर बालू की बिक्री किया जा रहा है। इस कार्य में लगभग आधा दर्जन से अधिक ट्रैक्टर लगे हुए हैं।इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी रौशन कुमार वर्णवाल ने बताया की उक्त ट्रैक्टर पर कार्रवाई के लिए जिला खनन पदाधिकारी को पत्राचार किया गया है। अवैध बालू खनन पर रोक लगाने के लिए पुलिस लगातार कारवाई कर रही है। गश्ती दल में एसआई सुदामा पांडे सहित पुलिस बल शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के लिए अभ्यास रहेगा जारी : आनंद

**गढ़वा।** गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ के तत्वाधान में वन विभाग के सामुदायिक भवन में चल रहे समर कैंप में खिलाड़ियों को कोच कमलेश कुमार दुबे ने टेबल टेनिस खेलने के विभिन्न सॉट्स को खेलने एवं विपक्षी खिलाड़ियों के सॉट्स के बचाव कर जीतने के गुर के बारे में जानकारी दी। समर कैंप में कोच कमलेश कुमार दुबे के निर्देशन में खिलाड़ियों नें ब्लॉक करने, फोरहैंड टॉप स्पीन मारने ,बैकहैंड, टॉप स्पिन मारने सहित अन्य प्रकार के नियमों को सिखा । इस अवसर पर संघ के सचिव आनंद सिन्हा नें कहा कि समर कैंप का समापन सुबह दस बजे किया जायगा।इस मौके पर संघ के सह सचिव प्रिंस सोनी, संतोष कश्यप ,सदस्य अभय कुमार, बालिका उच्च विद्यालय के फिजिकल शिक्षक सुशील तिवारी, रामासाहु के फिजिकल शिक्षक प्रदीप कुमार सिंह, सिनियर खिलाड़ी ऋषभ राज सहित कई अभिभावक मौजूद थे।

### ग्रामीण बैंक के मैनेजर को दी गई विदाई



**धुरकी।** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक, टाटीदीरी (धुरकी) के शाखा प्रबंधक मो. अजीमुल हक के स्थानांतरण होने पर गुरुवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्हें उपस्थित लोगो ने डायरी देकर और शॉल ओढ़ाकर विदाई दी। इस दौरान जेएसएलपीएस धुरकी के बीआरपी विनोद प्रसाद गुप्ता ने कहा कि सरकारी विभाग में स्थानंतरण एक सरकारी प्रकिया है, जो समय समय पर होता है।शाखा प्रबंधक के कार्य की जितनी भी तारीफ किया जाए कम होगी। उन्होंने अपने कार्यकाल के समय में विभिन्न गांवों में कैंप लगवाकर समूह के सभी प्रकार के लोन के सत्यापन करवाना, सही समय पर लोन देना,केसीसी का लाभ प्रदान करना, वितीय साक्षारता के माध्यम से ग्रामीणों को जागरुक करना, धोखाधड़ी से संबंधित ग्रामीणों को बचाव के बारे में जागरुक करना,प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत लाभुको को प्रति दो लाख के सहायता राशि पहुंचाना, केसीसी लोन माफी योजना के माध्यम से हजारो लोगो को लाभ पहुंचाना, जैसे कई कार्य से लोगों के बीच अपनी अलग पहचान बनाई थी। शाखा प्रबंधक का स्थानंतरण रांची प्रधान शाखा में हो गया है।

### पुलिस ने अवैध बालू लोडिंग कर ले जा रहे हैं दो ट्रैक्टर को जब्त किया

**गढ़वा।** पुलिस ने अवैध बालू लोडिंग कर ले जा रहे हैं दो ट्रैक्टर को जब्त किया है। इसकी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया की थाना क्षेत्र अंतर्गत लिखनी धौरा गांव स्थित कनहर तटीय बेवारा घाट से दो ट्रैक्टर अवैध तरीके से बालू लोडिंग कर ले जा रहे थे। सूचना मिलने पर धुरकी पुलिस ने उक्त ट्रैक्टर को पकड़कर जब्त करते हुए थाना परिसर में लगा दिया है। वही मौके से चालक भागने में सफल रहा। थाना प्रभारी ने कहा की ट्रैक्टर किसकी है, इस संबंध में डीटीओ से जांच कराई जा रही है। अग्रेतर कार्यवाइ हेतु जिला खनन पदाधिकारी को सूचित कर दिया गया है। इधर धुरकी पुलिस के इस कार्यवायी से बालू माफियाओं में हड़कंप है। थाना प्रभारी ने कहा कि अवैध बालू की ढुलाई किसी भी कीमत में नही होने दिया जाएगा। पुलिस लगातार छापामारी अभियान जारी रखेगी। मालूम हो की धुरकी पुलिस अवैध बालू लदा ट्रैक्टर लगातार जब्त कार्यवायी कर रही है।

### छत से गिरकर मजदूर घायल, अस्पताल में भर्ती

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के पिपरा गांव निवासी गंगा राम के पुत्र सन्नु कुमार छत से गिरकर घायल हो गया। सदर अस्पताल मे उसका इलाज चल रहा है।बताया गया कि गुरुवार को सन्नु कुमार गांव में ही किसी के घर मजदूरी कर रहा था। इस दौरान ईंट लेकर छत पर चढ़ने के दौरान वह नीचे गिरकर घायल हो गया। उसके सिर एवं शरीर के कई हिस्से में गंभीर चोट लगी है। सदर अस्पताल में इलाजरत सन्नु कुमार की हालत स्थिर बनी हुई है।

### बाइक से गिरकर किशोर घायल, सदर अस्पताल में भर्ती

**गढ़वा।** रमना बाजार में मोटरसाइकिल से गिरकर रविंद्र सिंह पिता राजकुमार सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। वह रमना थाना क्षेत्र के जिरूआ गांव का रहनेवाला है। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि रविंद्र सिंह मोटरसाइकिल से रमना बाजार से घर वापस जा रहा था। इस दौरान रमना बाजार के समीप ही उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

## बाजार के जमीन पर अतिक्रमण का मामला प्रकाश आया

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**

थाना क्षेत्र के प्रतिबंधित भूमि को अतिक्रमण करने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि क्षेत्र के रारो गांव में जहां पर वर्षो से बाजार लगते आ रहा था उसी भूमि पर स्थानीय लोगों के द्वारा उसका अतिक्रमण करना शुरू कर दिया गया है ।ग्रामीणों के द्वारा पूर्व से बने सेड से सटे एक दो नही बल्कि चार छः पक्के का घर बनाया जा रहा है । जबकि निर्माण हो रहे पूरा का पूरा घर बाजार के नाम पर आवंटित दो से ढाई एक-ड़ भूमि पर ही पूरी तरह अवस्थित है । स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि शुरूआती दौर में उक्त भूमि पर कई गांव के लोग यहां पर आकर बाजार का शोभा बढ़ा रहे थे। लेकिन बीच में यहां का बाजार पूरी तरह टूट चुका था । उसके बाद फिलहाल यहां पर पुनः बाजार लगना शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि बाजार के लिए दो सेट ढाई एकड़ गैरमजरूआ भूमि सरकार की ओर से आवंटित किया गया है। साथ ही कहा कि



भूमि को अतिक्रमण कर रहे लोगों पर अगर प्रतिबंध नहीं लगा तो देखा देखी बाजार की भूमि पूरी तरह अतिक्रमणकारियों के कब्जे में हो जाएगा । जिस कारण हॉट करने आ रहे लोगों को दुकान लगाने में आए दिन भारी कठिनाइयों का सामना करना है पड़ सकता है। नतीजन फिर से रारो बाजार के लिए अब तक खूबसूरत बना स्थल धीरे-धीरे पुनः वीरान होता चला जाएगा । मामले में सीओ जसवंत नायक ने कहा कि मामले की जांच करा कर आगे की कार्रवाई की जाएगी ।

**जिला विधिक कार्यक्रम में दी गई कानूनी सलाह**

# अपने हक व अधिकार के लिए स्वयं आगे आना होगा

**कार्यक्रम में नियम और कानून समझने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में भी इसका चर्चा करें : बीडीओ**

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

प्रखंड कार्यालय केतार के सभागार कक्ष में गुरुवार को गढ़वा जिला विधिक, सेवा प्राधिकार द्वारा लोगों को मुफ्त कानूनी सलाह दी गयी। इस दौरान अधिवक्ता सुनील कुमार तिवारी ने कहा की सरकार हर व्यक्ति को खासकर ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को जिन्हें कानून एवं हक अधिकार की जानकारी नहीं है। उसे जागरूक करने के लिए प्रखंड स्तर पर विधिक सेवा प्राधिकार के तहत प्रखंड स्तर पर कार्यक्रम कर रही है।। इसके तहत अगर कोई छोटा मामला न्यायालय से निष्पादित होने में समय लग रहा है तो सम्बन्धित व्यक्ति जिला प्राधिकार के माध्यम से आवेदन देकर वकील और कानूनी जानकारी निशुल्क ले सकते हैं।




उन्होंने कहा की अपने हक अधिकार जानने के लिए स्वयं आगे आना होगा। महिला और पुरुष दोनों लोग सरकारी सहायता ले सकते हैं। मौके पर अधिवक्ता बिरबल चौधरी ने कहा की गांव में अक्सर लोग डायन-बिसाही, छुआछूत,बाल विवाह,नशा पान से ग्रसित रहते थे। लेकिन अब यह प्रथा समाप्त हो रही है। भेदभाव करने वाले लोगों पर सरकारी कानून के तहत कार्रवाई हो सकती है। कार्यक्रम में बीडीओ सावित्री कुमारी ने कहा की जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तहत मिलने वाली लाभ के विषय में जानकारी दी। उन्होंने कहा की कार्यक्रम में नियम और कानून समझने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में भी इसका चर्चा करें। साथ ही कानून से वंचित लोगों को इसकी जानकारी दें। इस कार्यक्रम में उपस्थित लोग जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद, प्रमुख चंद्रावती देवी, मुखिया प्रमोद कुमार, निलम देवी,श्याम सुंदर बैठा, बीडीसी राज कुमार पासवान,बीपीओ दीपक जयसवाल, सीआई नागेन्द्र पाठक, प्रखंड समन्वयक राकेश कुमार सहित ग्रामीण मौजूद थे।

**पर्यावरण जागृति के बाल वृक्ष मित्रों ने किया पौधरोपण**

# पर्यावरण संरक्षण के लिये हम सभी को संवेदनशील होना आवश्यक है : श्रीकांत मिश्र

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण जागृति के बाल वृक्ष मित्रों द्वारा चितविश्राम स्थित शोभन माझी डीह स्थल पर वृक्षारोपण किया गया तथा पर्यावरण जागृति कार्यालय में पेंटिंग प्रतियोगिता एवमह्नबढ़ते ग्लोबल वार्मिंग में हमारी भूमिकाह्न विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित किया गया बुधवार को संध्याकालीन आयोजित समारोह मे बोलते हुये मुख्य अतिथि आचार्य श्रीकांत मिश्र ने कहा ग्लोबल वार्मिंग का असर आज पूरी दुनिया पर है हम इससे अछूते नहीं हैं पर्यावरण संरक्षण के लिये हम सभी को संवेदनशील होना आवश्यक है उन्होंने कहा कि हमारी भारतीय




संस्कृति एवं ऋषि कृषि परंपरा पर्यावरण को संतुलित करने में सक्षम थी हमें उसे भूलने की नहीं संजो कर रखने की जरूरत है सेवानिवृत्त शिक्षक अशोक कुमार सिंह ने कहा यह किसी एक की समस्या नहीं हम सबकी है, इसलिए सबको मिलकर समाधान खोजना होगा शिक्षक अखिलेश प्रसाद ने कहा हमारी भारतीय संस्कृति स्वतः पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग रही है, पर आज के युवाओं पर दुख होता है कि अपने धरोहर को संभाल नहीं पा रहे। रामव्यास पांडेय ने कहा इन नन्हे मुन्ने बच्चों में उत्साह देख कर के लग रहा है ,निश्चित तौर पर आने वाले समय में यही जागरूक होंगे और पर्यावरण संतुलित होगा शिक्षक कमलेश कुमार पांडेय ने बच्चों की सराहना करते हुये कहा कि मुझे दुख है कि वन विभाग के प्रयास को कुछ अराजक तत्व नुकसान पहुंचा रहे हैं और समाज मौन धारण कर लेता है इस बरसात में वृहद वृक्षारोपण करेंगे.इस अवसर पर इन्द्रशेखर पांडेय, राहुल पांडेय, शुभम, सुमेद साव , व्योमकृष्णा, रौनक, वर्तिका, शुभांगी शेखर,प्रखरपर्व, कुश, सहित अन्य पर्यावरण जागृति के सदस्य उपस्थित थे पर्यावरण बाल मित्रो द्वारा आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में विधि पांडेय ने प्रथम, वैभव रानी ने द्वितीय तथा पलक कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।भाषण प्रतियोगिता में वैभव रानी प्रथम, आकृति दुबे द्वितीय एवं आर्यन कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया सभी सफल प्रतिभागियों को पर्यावरण दिग्दर्शिका, मेडल, पुरस्कार एवं सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया कार्यक्रम का संचालन शिक्षक कमलेश कुमार पांडेय ने किया।

### सुहागिनों ने धुमधाम से मनाया वट सावित्री पूजा

**श्री बंशीधर नगर।** अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में गुरुवार को महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र के लिए वट सावित्री की पूजा कर पर्व को हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाएं वट सावित्री की पूजा के लिए सुबह से ही बरगद के पेड़ के नीचे पहुंचने लगी थी। जहां वट वृक्ष के नीचे बैठ विधि विधान से पूजा अर्चना की। हिंदू धर्म में सुहागिन महिलाओं के लिए वट सावित्री पूजा बेहद खास व महत्वपूर्ण माना जाता है। अमावस्या की तिथि को महिलाएं अपने पति की लंबी आयु व दीघार्यु जीवन की मंगलकामना के साथ सावित्री व्रत करती है। इस व्रत को रखने से महिलाओं को अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। इस व्रत में सबसे अधिक महत्व वट वृक्ष की होती है। वट सावित्री पूजा के अवसर पर अनुमंडल मुख्यालय के अहिपुरवा स्थित काली मंदिर, हेन्हों स्थित शिव मंदिर,थाना परिसर के निकट, ऐतिहासिक राजा पहाड़ी स्थित शिव मंदिर सहित अन्य वट वृक्ष के स्थानों पर बड़ी संख्या में सुहागिन महिलाएं एकत्रित होकर पूरे विधि विधान से बरगद पेड़ की पूजा की और सत्यवान और सावित्री की कथा का श्रवण भी किया।

## एक नजर

### जंगली हाथी ने मचाया उत्पात, घर क्षतिग्रस्त, अनाज को किया चट

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के मालहन पंचायत के केकराही गांव में बुधवार की देर रात जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया है। हाथी ने कोशिला देवी के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया और घर मे रखे अनाज को चट कर गए। भुक्तभोगी ने बताया कि हमलोग अपने घर मे सोये हुए थे। अचानक आधी रात को हाथी आ धमका और मेरे घर में तोड़ फोड़ करने लगा। हम सपरिवार किसी तरह अपनी जान बचाकर भागे। घटना की जानकारी मिलते ही भुक्तभोगी परिवार से मिलकर माल्हन पंचायत के मुखिया जतरू कुमार मुंडा ने हर संभव मदद का भरोसा दिलाया है। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों से इस संबंध में बात कर घटना से अवगत कराया। मौके पर रनिता देवी, मुनिता देवी, कोशिला देवी, झानो देवी, जागो देवी, रीना देवी, मंगरी देवी, सीताराम गंझू, भीम गंझु, विजय गंझु, फुलदीप गंझु, दिलीप गंझु, मनपुरन गंझु, शिवशंकर गंझु समेत सैकड़ों लोगों मौजूद थे।

### रेंजर के नेतृत्व में 20 बोरा केंदु पत्ता जब्त

**लातेहार।** गारु पलामू ब्याग्र परियोजना अंतर्गत अवैध रूप से केंदु पत्ता को वन विभाग ने जप्त किया। इस संबंध में रेंजर उमेश कुमार दुबे ने बताया की गुप्त सुचना मिली थी की प्रतिबंधित क्षेत्र में कुछ माफिया अवैध तरीके से केंदु पत्ता का खरीदारी कर रहे हैं। इसी बिच वन विभाग एवं गारु थाना पुलिस के द्वारा संयुक्त अभियान चला कर रुद क्षेत्र के दलदलीया गांव से अवैध रूप से संग्रह किया गया बीस बोरा केंदु पत्ता जप्त किया गया। वही इस कार्रवाई से वन माफिया पर हड़कंप मचा हुआ है। मौके पर वनपाल कौशल किशोर, रजकिशोर कुमार, रविकांत रवि एवं पुलिसकर्मी एवं वन विभाग के कर्मी उपस्थित रहे।

### केंद्रीय विद्यालय में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**लातेहार।** केंद्रीय विद्यालय में विश्व पर्यावरण सप्ताह के तहत दूसरे दिन पोस्टर व स्लोगन मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राचार्य पीके ठाकुर ने बताया कि इस सप्ताह में प्रत्येक दिन अलग अलग कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें। उन्होंने बताया कि सात जून को पर्यावरण पर कविता पाठ, भाषण और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। ठाकुर ने बताया कि ग्रीष्म अवकाश के बावजूद भी इन सभी कार्यक्रमों मे काफी संख्या में बच्चे भाग ले रहे हैं। उन्होंने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया और उन्हें इसकी रक्षा करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने बच्चों को अपने घर एवं आसपास के खाली क्षेत्रों पौधे लगाने की अपील की और कहा कि जल व जंगल के बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है।

### टीकाकरण को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों को मिला प्रशिक्षण

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत व्यस्क बीसीजी एवं एसीएफ टीकाकरण को लेकर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें सीएचओ, बीटीटी, एसटीटी, सहिया व सहिया साथी शामिल थे। प्रशिक्षण में शामिल प्रतिभागियों को हजारीबाग के संप्रेषण मेडिकल ऑफिसर डॉ. दीपक कुमार ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में बताया गया कि 18 वर्ष से अधिक आयु व 60 वर्ष तक के सभी लोगों को बीसीजी का टीकाकरण किया जाना है। उन्होंने बताया कि पांच वर्ष पूर्व के टीवी रोग का उपचार ले चुके व्यक्ति, तीन वर्ष तक के टीवी रोगी के संपर्क में रहने वाले व्यक्ति, धूम्रपान करने वाले व्यक्ति, कुपोषित व्यक्ति, मधुमेह से ग्रसित व्यक्ति को टीकाकरण किया जाना है।

### वट वृक्ष की परिक्रमा कर की पूजा अर्चना

# वट सावित्री पूजा कर सुहागिनों ने मांगा अखंड सौभाग्य का वरदान

नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़।** महुआडांड प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में गुरूवार को सुहागिनों ने वट सावित्री की पूजा धूमधाम से मनाया। सुहागिनों ने अखंड सौभाग्य का वरदान मांगा। वहीं वट वृक्ष की विधि विधान से पूजा अर्चना की। सुहागिनों ने वट वृक्ष की परिक्रमा कर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन कार्य संपन्न किया।सभी सुहागिनें सोलह श्रृंगार करके वट वृक्ष पूजा स्थल पर पहुंची। जहां सबों ने पूजा करने के लिए पंक्ति बद्ध बैठकर हवन और आरती की।

**पंडित सर्वेश पाठक, राजेश पाठक समेत कई पुरोहितों ने पूजन कार्य संपन्न कराया:** मौके पर आवासीय विद्यालय महुआडांड के समीप स्थित शिव मंदिर परिसर, महुआडांड दुर्गा बाड़ी परिसर स्थित वट वृक्ष के पास, रामपुर चौक के समीप स्थित वट वृक्ष के पास, आईआरबी कैंप स्थित वट वृक्ष के पास आदि स्थानों में महिलाओं की संख्या काफी देखी गई। सुहागिन महिलाओं के सौभाग्य की रक्षा के लिए किया गया वट सावित्री व्रत। सुख-संपन्नता और पति की दीघार्यु के लिए रखे जाने वाला सुहागिन महिलाओं का वट सावित्री व्रत गुरूवार को किया गया, वट सावित्री व्रत की पूजा जेष्ठ कृष्ण पक्ष अमावस्या में की जाती है, वट सावित्री पूजा के दिन सुहागिन महिलाएं सोलह श्रृंगार कर अखंड सौभाग्य की प्राप्ति और पति की लंबी उम्र के लिए बरगद के पेड़ की पूजा करती हैं। शास्त्रों के अनुसार बरगद के पेड़ को चिरंजीवी कहा जाता है, क्योंकि इस पेड़ में ब्रह्मा, विष्णु, महेश तीनों देवों का वास है। जिन जातकों की कुंडली में शनि दोष है। शनि की महादशा, ढैया, साढ़ेसाती चल रही है ऐसे, जातक इस दिन शनि देव की विशेष पूजा-अर्चना कर दोष मुक्त हो सकते हैं। इस दिन की गई शनिदेव की पूजा-अर्चना, दान -पुण्य करने से शनि देव प्रसन्न होकर के यश, वैभव, सुख संपदा की वृद्धि तीव्रता से करेंगे। इस दिन गंगा स्नान, पितरों का तर्पण करने से पितृ दोष से भी मुक्ति मिलेगी।

**वट सावित्री कथा:** दरअसल, देवी सावित्री ने अपने पति सत्यवान को मृत्यु के मुंह से बचाया था। ऐसी मान्यता है कि राजा अश्वपति की बेटी सावित्री की शादी राजकुमार सत्यवान से हुई थी। एक दिन वे जंगल में लकड़ी काटने गए हुए थे। काम करते समय उनका सिर घूमने लगा और वे यम को प्यारे हो गए।

जिसके बाद सावित्री ने पति को दोबारा जीवित करने की ठान ली। उन्होंने यमराज से गुहार लगाई। वट के वृक्ष के नीचे बैठ कर कठोर तपस्या की। कहा जाता है कि इस दौरान सावित्री पति की आत्मा के पीछे भगवान यम के आवास तक पहुंच गयी। अंत में उनकी श्रद्धा की जीत हुई। यमराज ने सत्यवान की आत्मा को लौटाने का फैसला किया। जिसके बाद से महिलाएं इस दिन पति की आयु के लिए व्रत रखती हैं।




**वट वृक्ष की पूजन विधि:** इस दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान आदि से निवृत्त हो जाएं। घर के मंदिर में दीप प्रज्ज्वलित करें। इस पावन दिन वट वृक्ष की पूजा का विशेष महत्व होता है। वट वृक्ष के नीचे सावित्रि और सत्यवान की मूर्ति को रखें। इसके बाद मूर्ति और वृक्ष पर जल अर्पित करें। लाल कलावा को वृक्ष में सात बार परिक्रमा करते हुए बांधें और व्रत कथा सुनें। इस दिन भगवान का अधिक से अधिक ध्यान करें।

## सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष के नीचे की वट सावित्री पूजन

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय एवं आसपास के क्षेत्र में गुरुवार को सुहागिन महिलाओं ने उपवास रख कर अपनी पति के स्वास्थ्य व दीघार्यु जीवन की कामना को लेकर वट सावित्री पूजन का आयोजन किया। वट सावित्री पूजन को लेकर गुरुवार प्रातः से ही प्रखंड के पहाड़ी मंदिर परिसर स्थित ऐतिहासिक वट वृक्ष के नीचे सुहागिन महिलाएं सुहाग की प्रतिक सभी परिधान जेवर आदि से सज धज कर वट सावित्री पूजन करने पहुंचे। यहां पर सुहागिन महिलाओं ने अपनी पति की स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की कामना को लेकर वट वृक्ष की पूजा अर्चना किया ।अपनी पति की लंबी उम्र की कामना को लेकर वट वृक्ष की परिक्रमा किया। इसके बाद वट वृक्ष के नीचे पंडित गिरधारी मिश्रा, मृत्युंजय मिश्रा बल्लू को सुहाग की प्रतिक सभी वस्तुओं का दान करते हुए पण्डित से अपनी मृत पति सतवान को भगवान यमराज से जीवनदान दिलाने वाली माता सावित्री का कथा श्रवण किया। पहाड़ी मंदिर वट वृक्ष के नीचे सावित्री पूजन करने के लिए प्रखंड के रेलवे कलोनी, आदर्श नगर, गढ़वाटांड़ ,बाजार, चमरडीहा, मंगरा समेत आसपास के काफी संख्या में सुहागिन महिलाओं की भीड़ थी।

## भक्ति भाव के साथ निर्जला उपवास



**लातेहार।** ज्येष्ठ मास अमावस्या के शुभ अवसर पर लातेहार जिला मुख्यालय से लेकर आसपास सभी क्षेत्रों में गुरुवार को मां सावित्री की पूजा करने को लेकर वटवृक्ष के नीचे सुहागिन महिलाओं की भीड़ देखने को मिली। जहां सुहागिन महिलाओं ने पूरे भक्ति भाव के साथ निर्जला उपवास रख पति के स्वास्थ एंव दीघार्यु उम्र की कामना को लेकर मां सावित्री की पूजा बड़े ही धूमधाम से किया। वही प्रचंड गर्मी को देखते हुए सुबह 8:00 बजे से ही सुहागिन महिलाएं शोलह सिंगार कर मंदिर शिवालय ऐतिहासिक वट वृक्ष के नीचे सैकड़ो सख्यां में पहुंची जहां पुजारी जी के द्वारा 20 की संख्या में एक-एक टोली बनाकर वैदिक मत्रों के साथ पुजा संपन्न कराया। इस दौरान उन्होंने इस पूजा के महत्व को बताया साथ ही मृत पति सतवांन को भगवान यमराज से जीवन दान दिलाने वाली माता सावित्री का कथा का श्रवण किया। जहां श्रद्धालुओं ने कथा को पूरे भक्ति भाव के साथ सुना वही कथा के उपरांत सुहागिन महिलाओं ने बट वृक्ष में कच्चा धागा बांधकर परिक्रमा की और मां से पति की स्वास्थ ठीक के साथ-साथ पति की दीघार्यु उम्र की कामना की।

## वट सावित्री पूजा... सुहागिनों ने मांगा अखंड सौभाग्य का वरदान

**बारियातू।** प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में गुरूवार को सुहागिनों ने वट सावित्री की पूजा धूमधाम से मनाया। सुहागिनों ने अखंड सौभाग्य का वरदान मांगा। वहीं वट वृक्ष की विधि विधान से पूजा अर्चना की। सुहागिनों ने वट वृक्ष की परिक्रमा कर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन कार्य संपन्न किया।सभी सुहागिनें सोलह श्रृंगार करके वट वृक्ष पूजा स्थल पर पहुंची। जहां सबों ने पूजा करने के लिए पंक्ति बद्ध बैठकर हवन और आरती की।

**सुहागिन महिलाओं ने सौभाग्य की रक्षा के लिए किया वट सावित्री व्रत:** सुहागिन महिलाओं द्वारा अपने पति की दीघार्यु,और सुख समृद्धि के लिए वट सावित्री व्रत गुरूवार को किया गया, वट सावित्री व्रत की पूजा जेष्ठ कृष्ण पक्ष अमावस्या में की जाती है, इस दिन सुहागिन महिलाएं सोलह श्रृंगार कर अखंड सौभाग्य की प्राप्ति और पति की लंबी उम्र के लिए बरगद के



पेड़ की पूजा करती हैं। शास्त्रों के अनुसार बरगद के पेड़ को चिरंजीवी कहा जाता है, क्योंकि इस पेड़ में ब्रह्मा, विष्णु, महेश तीनों देवों का वास है। जिन जातकों की कुंडली में शनि दोष है। शनि की महादशा, ढैया, साढ़ेसाती चल रही है ऐसे, जातक इस दिन शनि देव की विशेष पूजा-अर्चना कर दोष मुक्त हो सकते हैं। इस दिन की गई शनिदेव की पूजा-अर्चना, दान -पुण्य करने से शनि देव प्रसन्न होकर के यश, वैभव, सुख संपदा की वृद्धि तीव्रता से करेंगे। इस दिन गंगा स्नान, पितरों का तर्पण करने से पितृ दोष से भी मुक्ति मिलेगी।

**वट सावित्री कथा:** कथा के अनुसार देवी सावित्री अपने पति सत्यवान को मृत्यु के खीच लायी थी। सावित्री जो राजा पशुपति की बेटी थी ,उसकी शादी राजकुमार सत्यवान से हुई थी। एक दिन वे दोनों जंगल में लकड़ी काटने गए हुए थे। उसी दौरान सत्यवान का सिर घूमने लगा,वह गीर पडा ,उसका प्राण निकल गया । इस घटना के बाद सावित्री ने पति को दोबारा जीवित करने की ठान ली। उन्होंने यमराज से गुहार लगाई। वट के वृक्ष के नीचे बैठ कर कठोर तपस्या की। कहा जाता है कि इस दौरान सावित्री पति की आत्मा के पीछे भगवान यम के आवास तक पहुंच गयी। अंत में उनकी श्रद्धा की जीत हुई। यमराज ने सत्यवान की आत्मा को लौटाने का फैसला किया। जिसके बाद से महिलाएं इस दिन पति की आयु के लिए व्रत रखती हैं।

## वट सावित्री पूजा कर महिलाओं ने पति की लंबी उम्र का आशीर्वाद मांगा



**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पुरनी हेरहंज देवी मंडप के समीप वट सावित्री व्रत भव्य पूजार्चना किया गया,पति की लंबी उम्र के कामनाए किया वट सावित्री पूजा सावत्री सत्यवान की मूर्तियां में धूप ,दीप ,घि, बॉस का पंखा,लालकलाव, सुहाग का समान कच्चा,सुत, बरगद, का फल,कलस,थाल में सजाने की अन्य सामग्री सुहागिन महिलाएं बरगद के पेड़ की पूजा करती है ए पूजा जेष्ठ माह की अमावस्या तिथी को वट सावित्री पूजा करने की परंपरा है इस दिन शादीशुदा महिलाएं पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखती है इस पूजन में मीरा कुमारी अनिता देवी सुनीता देवी बॉबी देवी मनीषा देवी सोनी देवी रंजू देवी पायल देवी समेत सैकड़ों सुहागिन महिलाएं सम्मिल हुए।

## शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में वट सावित्री की हुई पूजा



**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री का पूजा करते नजर आए। इस दौरान महिलाओं में काफी पूजा को लेकर उत्साह देखी गई। बता दे कि ज्येष्ठ माह अमावस्या के शुभ अवसर पर गुरुवार को मां सावित्री की पूजा को लेकर वट वृक्ष के नीचे सुहागिन महिला विधि विधान के साथ पूजा करते नजर आई। बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित बड़का बालूमाथ, कन्या मध्य विद्यालय स्थित वटवृक्ष सहित आरा चमातू शेरेगड़ा मुरपा, भगिया सहित गांव गांव में वट सावित्री की पूजा कर सुहागन अपने पति के दीघार्यु एवं सुख समृद्धि की कामना की। कुछ व्रती ने कहा कि यह पूजा युगो युगो से होती आ रही है और इस पूजा के करने से पति का दीघार्यु के साथ-साथ सुख समृद्धि और शांति मिलती है हर एक सुहागन महिला को वटवृक्ष की पूजा करनी चाहिए।

## छिपादोहर में वट सावित्री पूजा कर महिलाओं ने मांगा आशीर्वाद



**बरवाडीह।** छिपादोहर रेलवे स्टेशन के पास वट वृक्ष में भी सुहागिन महिलाएं ने अपने पति के दीघार्यु के लिए वट सावित्री पूजा पूरे विधि विधान से किया पुजारी कृष्ण कुमार पांडे के द्वारा सभी सुहागिन महिलाओं को वट सावित्री कथा के माध्यम से वट सावित्री पूजा का महत्व के बारे में बताएं। सुबह 5:00 से महिलाओं लोग पूजा करने आने शुरू हो गए जो दोपहर तक काफी भीड़ लग रहे हैं ।काफी दूर-दूर से महिलाएं आकर वट सावित्री का पूजा छिपादोहर रेलवे स्टेशन के पास किया। छिपादोहर के दीपा देवी, सोनी देवी, सकल देवी, बीना देवी यदि महिलाओं ने बताएं कि हम लोग वट सावित्री पूजा अपने पति के दीघार्यु एवं सदा सुहागन रहने के लिए करते हैं सभी महिलाओं के द्वारा एक दूसरे सिंदूर लगाकर सदा सुहागन रहने का शुभकामनाएं भी दी।

### एलडीएम ने मृतक के आश्रित को सौंपा दो लाख का चेक, कहा-

## सभी बैंक खाताधारक अवश्य कराएं जीवन ज्योति व जीवन सुरक्षा बीमा

नवीन मेल संवाददाता

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया प्रखंड के जबड़ा पंचायत भवन में केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना जीवन ज्योति व जीवन सुरक्षा बीमा योजना को लेकर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन बैंक ऑफ इंडिया बगरा मोड़ शाखा प्रबंधक आकाश कुमार महतो के नेतृत्व में किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम) रविन्द्र कुमार सिंह शामिल हुए। इस अवसर पर कुछ दिन पूर्व मृत जबड़ा निवासी शंभू यादव की पत्नी रबीता देवी को जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत एलडीएम के हांथो दो लाख का चेक सौंपा गया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए एलडीएम ने कहा कि जीवन ज्योति बीमा और जीवन सुरक्षा बीमा योजना भारत सरकार की अति महत्वकांक्षी एवं जन कल्याणकारी योजनाओं में से एक है। इन दोनों योजनाओं में शत प्रतिशत बैंक खाताधारकों को पंजीकृत होना चाहिए। मात्र 436 रुपए व 20 रुपए में चार लाख का बीमा कभर होता है। जो मृत्युपरांत बिना किसी झंझट के बैंक द्वारा मृतक के आश्रित के खाते में ट्रांसफर कर दी जाती है। श्री सिंह ने कहा कि गरीब व मध्यम वर्ग के लोगों को ऐसे विपरीत परिस्थितियों में बैंक द्वारा बीमित राशि मिल जाने पर सहारा हो जाता है। कार्यक्रम में सिमरिया प्रखंड प्रमुख रोहन साव, कृष्णा साव, बैंक बीसी मनोज कुमार सिंह, सुभाष सिंह, प्रमोद कुमार साहू, यमुना प्रसाद यादव, एमडी नेसार, एमडी आरिफ आदि मौजूद थे।

## सुहागिनों ने वट सावित्री पूजा कर पति की लंबी उम्र का मांगा वर

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा/टंडवा/पत्थलगड़ा।** गुरुवार को जिला मुख्यालय के अलावे इटखोरी, मयूरहंड, पत्थलगड़ा, गिद्धौर, सिमरिया, प्रतापपुर व टंडवा आदि प्रखंड़ों में सुहागिन महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर अपने पति की लंबी उम्र के लिए वट वृक्ष के नीचे विधि-विधान से वट सावित्री की पूजा की। कहते हैं कि इस व्रत को रखने से सुहागिन महिलाओं को अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। गिद्धौर प्रखंड में गुरुवार को वट सावित्री व्रत के दिन सुहागिन महिलाओं के बीच काफी उत्साह देखने को मिला। गांव में स्थित वट वृक्ष व शिव मंदिर आदि स्थानों पर महिलाएं एकत्रित होकर पूरे विधि-विधान से बरगद पेड़ की पूजा की और सत्यवान और सावित्री की कथा का श्रवण भी किया। मान्यता है कि इस दिन विवाहित महिलाएं बरगद के पेड़ की पूजा करती हैं और उसमें कच्चा सूत लपेटती हैं और फल व नैवेद्य भी अर्पित करती हैं। पत्थलगड़ा में महिलाओं ने की वट सावित्रि व्रत, पत्थलगड़ा प्रखंड अंतर्गत लेंबोईया पहाड़ी स्थित प्रसिद्ध स्थल मां भगवती मंदिर में और अन्य बरगद के पेड़ के नीचे महिलाएं एकत्रित हुई। महिलाओं ने विधि-विधान से वट सावित्री की पूजा कर अपने पति की लंबी उम्र की कामना की। महिलाओं ने पहले बरगद के वृक्ष की पूजा की और कच्चे सूत पेड़ में लपेटीं। इसके बाद अपने पति की लंबी उम्र के लिए प्रार्थना की।

### वट वृक्ष के पास उमड़ी सुहागिन महिलाओं की भीड़

### वट सावित्री की पूजा कर पति की दीघार्यु की कामना



**कुंदा(चतरा)।** गुरुवार को सुहागिन महिलाओं ने कुंदा व प्रतापपुर प्रखंड के विभिन्न वट वृक्षों व शिवालयों में वट सावित्री की पूजा की। इस दौरान महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर पति की लंबी उम्र की कामना के लिए पूजा की थाली सजाकर वट वृक्ष के समीप पहुंच कर पूजा अर्चना कर अपने पति की दीघार्यु होने की कामना की। पूजा संपन्न होने के उपरांत महिलाओं ने पानी पीकर व्रत का खंडन किया। वट सावित्री पूजा को लेकर सुबह से ही महिलाएं कुंदा दुर्गा मंडप के समीप बरगद वृक्ष के पास पहुंचने लगीं थीं। वहीं मान्यता के अनुसार वट सावित्री व्रत रखने से सुहागिन महिलाओं के पति की उम्र बढ़ती है और अखंड सुहाग की प्राप्ति होती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, बरगद पेड़ में त्रिदेव यानी ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश का वास होता है।

### बदहाली / उत्थान के लिए संघर्ष कर रही आदिम जनजाति

## सरकार की मूलभूत सुविधाओं से हैं वंचित

नवीन मेल संवाददाता

**मयूरहंड (चतरा)।** सरकारी स्तर पर लाख दावा किया जाय, मगर आदिम जनजाति आज भी अपने उत्थान के लिए संघर्ष कर रही हैं। मयूरहंड प्रखंड मुख्यालय से महज 10 किमी दूर करमा पंचायत के करमा बिरहोर टोला में निवास करने वाले आदिम जनजाति आजादी दशकों के बाद भी आज मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। गरीबी व बदहाली के आलम में गुजर कर रहे करमा टोला के आदिम जनजाति के लोगों के बीच समुचित रूप से सड़क, बिजली, पानी व स्वास्थ, जैसी मूलभूत



सुविधाओं का घोर अभाव है। करीब 25 घर की सौ की आबादी वाले इस टोले की विकास का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि इतनी बड़ी आबादी में महज एक चापाकल है। उसमें जल मीनार पीएचडी विभाग द्वारा लगाया भी गया था जो हाथि दांत साबित हो रहा है। इतनी गुणवत्ता पूर्ण लगा कि महज एक वर्ष के अंदर अपना दम तोड़ दिया। आज केवल शोभा की वस्तु भर रह गया है। टोला तक पहुंचने के लिए पक्की या कच्ची सड़क तक नहीं है। रोजगार का तो पहले से ही टोटा लगा है। आदिम जनजाति के लोग जंगल पर निर्भर हैं। सीधे-साधे सरल स्वभाव के ये आदिम जनजाति के लोग बेरोजगारी व गरीबी के आलम में महिला पुरुष लकड़ी एवं दातुन बेच कर गुजर करते हैं। शिक्षा की अभाव शुरू से ही रहा है, टोला में आंगनबाड़ी के साथ प्राथमिक विद्यालय तो है पर बच्चे जाते नहीं हैं। जागरूकता के अभाव में यहां के बच्चे पठन-पाठन का समुचित लाभ नहीं उठा पाते। टोला के लोग मुखर होकर अपनी हक व अधिकार की मांग भी नहीं कर पाते। इस बात का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि आज तक टोला में किसी को प्रधानमंत्री आवास नहीं मिला है। लगभग आदिम जनजाति कच्चे व जर्जर मकान में रहने को विवश हैं। वहीं आज भी कुछ लोग सरकारी पेंशन से दूर है।

### पहल: बदहाली की प्रकाशित खबर पर युवा समाजसेवी आए आगे

## पीड़ित परिवार से मिलकर एस्बेस्टस सीट मकान बनाने का दिया आश्वासन




लाखों की पैतृक भूसंपदा रेलवे व सीसीएल को देकर दाने-दाने को मोहताज आदिवासी परिवार

भोलेपन व निरक्षरता का फायदा उठाकर बिचौलियों ने की ठगी, ना राशन ना पेंशन, दीवार की ओट में कैसे कटेगी इस बरसात में जिंदगी

नवीन मेल संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा प्रखंड क्षेत्र के मिश्रोल पंचायत क्षेत्र स्थित शिवपुर गांव के एक आदिवासी परिवार के दयनीय स्थिति पर लाखों रुपए की पैतृक भूसंपदा रेलवे व सीसीएल को देकर अब दाने-दाने को मोहताज एक आदिवासी परिवार शीर्षक से राष्ट्रीय नवीन मेल में प्रकाशित खबर का असर सामने आया है। कबरा पंचायत के पूर्व पंचायत समिति सदस्य सह समाजसेवी खुर्शीद अंसारी ने भुक्तभोगी परिवार से मिलकर बरसात से पहले रहने के लिए एस्बेस्टस सीट से मकान बनाने का आश्वासन दिया है। बताया कि वाकई दोनों भाईयों की स्थिति अति दयनीय है जिसकी सुध सीसीएल, रेलवे प्रबंधन व प्रखंड प्रशासन को अविलंब लेना चाहिए।

# सुहागिनों ने वट वृक्ष की पूजा कर की पति के दीघार्यु की कामना

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में वट सावित्री पर्व हर्ष उल्लास से मनाया गया। कच्चे सूत को वटवृक्ष पर लपेटकर हर फेरे में पति की लंबी आयु और उनका जन्म-जन्म का साथ निभाने को सुहागिनों ने वट सावित्री व्रत पर पूजा-अर्चना की। सुहागिन महिलाएं अखंड सौभाग्य के लिए वटवृक्ष की पूजा की। भीषण गर्मी में भी महिलाओं ने निर्जला उपवास कर इस सुहाग पर्व को उत्साह के साथ मनाया। दुल्हन की तरह सोलह श्रृंगार कर मंदिर पहुंची महिलाओं ने विधि विधान के साथ इस व्रत को पूरा किया। पूजा के बाद सुहागिनों ने सत्यवान और सावित्री की कथा भी सुनी। शहर के मंदिरों और वट वृक्ष के नीचे सुबह से ही सुहागिनों की भीड़ लगी रही। पूजा के बाद सुहागिनों ने वट वृक्ष के परिक्रमा कर वट सावित्री की पूजा सपन्न की। इस व्रत में विशेष रूप से बरगद और पीपल के पेड़ की पूजा की जाती है। सुहागिनों ने अपने पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखा है। इस व्रत के पीछे सावित्री और सत्यवान की कथा है। पौराणिक मान्यता है कि इस वृक्ष में काफी शाखाएं लटकी होती है, जिन्हें देवी सावित्री का रूप माना जाता है। इस दिन शनि जयंती होने के कारण व्रत का महत्व और भी बढ़ गया। वट सावित्री व्रत को सावित्री ने अपने पति को फिर से जीवित करने के लिए किया था, उसके बाद से ही महिलाएं इस व्रत को करती हैं। इस दिन बांस की टोकरी में सप्त धान्य गेहूं, जौ, तिल, कांगनी, श्यामक, देव धन्य अर्पित करने का विधान है। ब्रह्मा, सावित्री और सत्यवान की प्रतिमा सप्त धान्य से भरी दो टोकरियों में स्थापित कर वट वृक्ष के नीचे बैठकर पूजा करनी चाहिए। वट वृक्ष में रोली, काजल, मेहंदी, सिंदूर, चुड़ी सहित अन्य सुहाग की सामग्री अर्पित कर वट वृक्ष की कच्चे सूत के साथ 108 परिक्रमा करने का विधान है। मान्यता है कि वट वृक्ष के नीचे ही सावित्री ने यमराज से अपने पति को वापस जीवित करने का वरदान मांगा था। वट वृक्ष की जड़ों में भगवान ब्रह्मा, तने में विष्णु और पत्तों में शिव का वास होने की वजह से तीनों देवों के प्रतीक स्वरूप वट वृक्ष की पूजा की जाती है।



### नवविवाहिता में दिखा ज्यादा उत्साह, सुबह से लगी रही सुहागिनों की भीड़

**लोहरदगा।** प्रमुख रूप से सुहाग पर्व के रूप में मनाए जाने वाले वट सावित्री व्रत को लेकर नव ब्याहताओं में खासा उत्साह देखा गया। वट वृक्ष की पूजा करने के लिए सुबह से ही सुहागिनों की भीड़ लगी रही। शहर सहित गली-मोहल्लों सहित अन्य कई मंदिरों में सुहागिनों की भीड़ लगी रही। शहर के कृषि मार्केट प्रांगण, ठकुराइन तालाब के दक्षिणी और उत्तरी क्षेत्र के वटवृक्ष के अलावा बौली बागीचा दुर्गा मंदिर, मिशन चौक वटवृक्ष, बक्शीडिपा मैदान स्थित वट वृक्ष , मैना बागीचा बाजार के साथ कई जगहों पर पूजा अर्जना की गई। सोलह श्रृंगार के साथ नई साड़ी, गहनों से सजी संवरी सुहागिनों ने पूरे विधि-विधान से वट वृक्ष की पूजा की। कच्चे सूत को लेकर परिक्रमा कर सुहागिनों ने चना, पकवान, मौसमी फल, सहित सुहाग का पिटारा भी चढ़ाया। वट सावित्री व्रत पर शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक वट वृक्ष की पूजा के लिए अहले सुबह से ही सुहागिनों की भीड़ देखी जा रही थी। बरगद के पेड़ के नीचे पुरोहित से व्रति कथा सुन वट वृक्ष का मौली धागा से परिक्रमा कर पति की लंबी उम्र की कामना करते नजर आई।

## अखंड सुहाग के लिये महिलाओं ने की वट सावित्री की पूजा

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों महिलाओं द्वारा अखंड सुहाग की रक्षा के लिये विभिन्न वट वृक्षों के नीचे वट सावित्री की पूजा की गई। महिलाएं धार्मिक कार्यो में निपुण होती हैं, अपने घर परिवार व पति की रक्षा के लिये अनेको तरह के पूजन करती हैं। उसी क्रम में गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के सभी जगहों मे सुहागिन महिलाओं द्वारा वट सावित्री व्रत का पूजन किया गया। प्रखंड क्षेत्र के गगेया, सेरेंगहातु, बदला, सेन्हा, अरुचौकनी, बुटी, झखरा, कोराम्बे, बरही, सीठीयो, चितरी सहित अन्य गांवों में सुहागिन स्त्रियों द्वारा सोलहो श्रृंगार करके सिंदूर, रोली, फूल, अक्षत, सिंदूर, रोली, फल, चना और मिठाई से पति का दीघार्यु जीवन के लिये तथा अपनी अखंड सुहाग की रक्षा के लिये भगवान सत्यवान और देवी सावित्री का प्रतीक वरगद पेड़ की पूजा की गई। सभी लोगो ने वट वृक्ष के नीचे पूजा कर भगवान सत्यवान और देवी सावित्री का कथा का श्रवण की साथ ही सुविधा अनुसार लोग घरों के अंदर या अन्य जगहों पर बरगद डाली रखकर पूजा की गई। पूजन कार्यक्रम पंडित नर्मदेश्वर पाठक, अवनीश पाठक, राजेश पाठक, संजय गोस्वामी द्वारा सम्पन्न कराया गया। मौके पर सैकडों सुहागिन महिलाएं मौजूद रहे।



## चैनपुर में पति के लंबी उम्र के लिए सुहागिनों ने की वट सावित्री की पूजा



नवीन मेल संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर मुख्यालय के दुर्गा मंदिर, प्रेमनगर,बीच बस्ती सहित कई जगहों पर गुरुवार को सुहागिनों ने वट सावित्री की पूजा कर अपने पति के लंबी आयु की कामना की वहीं सभी सुहागिनों ने वट वृक्ष का परिक्रमा करते हुए वट वृक्ष पर पवित्र धागा बांध कर सदा सुहागन रहने की कामना की मंदिर के पुजारी संजय पाठक ने बताया कि इस पूजा के पीछे एक कहानी है कि जब सत्यवान की मौत हुई और उसके प्राण लेने यमराज पंहुचे तो सत्यवान की पत्नी सावित्री एक वट वृक्ष के नीचे बैठकर यमराज से अपने पति को जीवित करने की ज़िद करने लगी तभी उसके ज़िद के सामने यमराज को झुकना पड़ा और सत्यवान को जीवित करना पड़ा तब से यह परंपरा चलते आ रही है वहीं इस बार ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या को वट सावित्री का व्रत पुण्य फल देने वाला संयोग बना है वहीं सनातन धर्म में वटवृक्ष की पूजा करने की परंपरा सदियों पुरानी है।

## मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर का द्वितीय वर्षगांठ धूमधाम से संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर बरवाटोली के अध्यक्ष रमेश साहू ने मनोकामना सिद्धि मंदिर की वर्षगांठ धूमधाम से संपन्न होने पर लोहरदगा की जनता को विशेष कर माताओं बहनों को हार्दिक धन्यवाद और बधाई देते हुए कहा की मनोकामना सिद्धि मंदिर की वर्षगांठ मनना, लंगर के साथ साथ रात्रि जागरण कराना जिला के सनातन समाज के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने इस अवसर पर कलश यात्रा मे शामिल हजारों महिलाओं बहनों तथा दान दाताओं और मंदिर के पदाधिकारी गणों का आभार व्यक्त करते हुए साधुवाद दिया है की आप सबके सहयोग से ये



ऐतिहासिक कार्य संपन्न हो पाया है। उन्होंने प्रेस मिडिया कर्मियों को भी भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा की आपकी सहभागिता के कारण ही लोगों तक मैसेज पहुँच पाया और लोग हजारों की संख्या मे शामिल हो पाए। उन्होंने प्रशासनिक पदाधिकारी और पुलिस कर्मियों को भी साधुवाद दिया है।

## विभिन्न गांवों का भ्रमण कर ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुए मंत्री रामेश्वर

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** गुरुवार को विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव लोहरदगा जिले के भंडरा प्रखंड अंतर्गत ग्राम कुंदो, खिजरी, एवं ब्रह्मांडीहा का भ्रमण कर ग्रामीणों से रूबरू हुए और उनका कुशलक्षेम जाना। इस क्रम में जनता द्वारा प्राप्त आवेदनों पर मंत्री ने त्वरित कार्यवाई करते हुए विभागीय पदाधिकारियों से बात कर क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं का समाधान किया। कहा की मैं क्षेत्र के विकास के साथ साथ हर छोटी बड़ी समस्याओं के निदान के लिए प्रयासरत हूं। गांव गांव शहर शहर भ्रमण कर सीधे जनता से संवाद एवं संपर्क कर सरकारी योजना, बुनियादी सुविधा एवं सामाजिक, सांस्कृतिक विकास करना हमारी प्राथमिकता है। हमारी गठबंधन



सरकार जनता के द्वार तक पहुंच कर समाज के सभी वर्गों के विकास के साथ साथ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच कर सरकार की योजना का लाभ पहुंचा रही है। जिससे आम जीवनस्तर में सुधार हुआ है। जिससे गांव गांव तक विकास का कार्य किया जा रहा है। हर क्षेत्र में विकास का कार्य किया जा सके। जैसे पथ निर्माण, राशन कार्ड, धोती लूंगी का वितरण, सभी को हरा कार्ड से जोड़ा गया। इसके साथ ही अबूवा आवास, बिजली, पेयजल के समस्या से निजात, पेंशन आदि मुख्य समस्या का निदान हमलोग के द्वारा किया जा रहा है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, प्रखंड अध्यक्ष जुगल भगत, उमेश्वरनाथ तिवारी, विशाल डुंगडुंग, असलम अंसारी, सुशील उरांव, काले उरांव, हरिदास उरांव, गुलशन उरांव, दशरथ उरांव, भगवान दास, आदि उपस्थित थे।

### नवनिर्वाचित सांसद कालीचरण सिंह पहुंचे मां बागेश्वरी मंदिर, की पूजा अर्चना, कहा

## क्षेत्र के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ा जाएगा

नवीन मेल संवाददाता

**गिद्धौर (चतरा)।** नवनिर्वाचित सांसद कालीचरण सिंह गुरुवार को गिद्धौर प्रखंड के बलबल पहुंचे। जहां पर कार्यकर्ताओं ने चुनरी भेंट करने के साथ माला पहनकर भव्य स्वागत किया। वहीं नव निर्वाचित सांसद ने बलबल स्थित बागेश्वरी मंदिर में 108 दीपक जलाया। जबकि क्षेत्र की सुख शांति के लिए मां बागेश्वरी से आशीर्वाद भी लिया। बताया गया कि नवनिर्वाचित सांसद गुरुवार को गिद्धौर होते दिल्ली जाने के लिए रांची जा रहे थे। इसी क्रम में गांगपुर, बांय में भी रुके और कार्यकर्ताओं से भेंट किया। जबकि कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान बलबल मां बागेश्वरी मंदिर में भी उन्होंने पूजा अर्चना



किया। पूजा के पश्चात उन्होंने लोगों से कहा के क्षेत्र के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ा जाएगा। सभी को सम्मान अधिकार मिलेगा। उन्होंने भारी मतों से जीतने के लिए मतदाताओं के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा जिस आशा और विश्वास के साथ मतदाताओं ने सांसद चुना है। उसपर खरे उतरने की भरपूर कोशिश करेंगे। मौके पर जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, बिंदेश्वरी यादव, मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, महामंत्री मनोज कुमार कुशवाहा, युवा मंडल अध्यक्ष बबलू कुमार साव, पंचायत संयोजक राकेश कुमार गुप्ता, अशोक कुमार गुप्ता, विकास कुमार, सुनील कुमार राणा, अमीर कुमार, उज्जवल दास, महेन्दर राम, उप प्रमुख प्रीतम यादव आदि शामिल थे।

### विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लगाया आम का पौधा



**लातेहार।** अखिल भारतीय विधार्थी परिषद प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कमलेश उरांव के द्वारा आम का पेंड़ लगाया गया। इस मौके पर उरांव ने कहा कि आज कल पेंड़ पौधे बहुत ही तेजी से कटते जा रही है इसलिए पेंड़ नहीं रहने के कारण गर्मी ज्यादा बढ़ रहा है पेंड़ पौधा रहने के चलते ही बर्षा होती है। आइए प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए पर्यावरण की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए सभी लोगों से अधिकाधिक पौधरोपण करने की अपील की।

## कुडू में युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

### घर के कमरे में लटका मिला शव

नवीन मेल संवाददाता

**कुडू - लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र के उमरी गांव में एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवती की पहचान उमरी गांव निवासी सैमसन लकड़ा की पुत्री प्रीति लकड़ा 24 वर्ष के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार युवती जिले के सेन्हा में रह रही थी वहां से वापस आने के बाद से काफी तनाव में रह रही थी। गुरुवार की सुबह घर के लोग खेती बाड़ी के काम से घर से बाहर गए थे। दोपहर में वापस आने पर घर बंद मिला और कुछ देर आवाज देने के बाद भी अंदर से कोई जवाब नही मिलने पर परिजनों ने छत में लगे एस्बेस्टर को हटा कर देखा तो प्रीति का शव घर की छत से झूलता पाया। इधर सूचना पर पहुंची कुडू थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## भाजपाइयों ने जीत की खुशी में कारिमाटी से हुंडराटांड ग्राम तक विजय जुलूस निकाला

नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत गणेशपुर ग्राम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा सांसद प्रत्याशी कालीचरण सिंह के जीत की खुशी में विजय जुलूस निकाला गया इस दौरान सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओं ने बैंड बाजा के साथ उत्साह पूर्वक ग्राम का भ्रमण किया। आतिशबाजी की ।भाजपाइयों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर गले मिलकर ऐतिहासिक जीत की मुबारक दी। मौके पर उप प्रमुख सह भाजपा नेता कामेश्वर राम ने कहा कि भाजपा ने इस बार



चतरा संसदीय क्षेत्र से स्थानीय उम्मीदवार देकर इस क्षेत्र की जनता का मांग पूरा हुआ। और इस क्षेत्र की जनता ने भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को भारी बहुमत से जीतने का काम किया इसके लिए इस क्षेत्र की जनता को साधुवाद दिया। सांसद के साथ हम सब मिलकर क्षेत्र की समस्या का समाधान करेंगे और क्षेत्र का विकास कर खुशहाल समाज का निर्माण करेंगे। मौके पर उप प्रमुख कामेश्वर राम के अलावे भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशोह अमित कुमार विजय यादव, रामकुमार गुप्ता, गंगेश्वर यादव, देवनंदन प्रसाद, अनूप साव, राजेश उरांव,सुनील यादव,संदीप साव, पिंटू नायक के साथ साथ आरा ग्राम से तुलसी प्रसाद अरुण यादव, दीपू कुमार पवन कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर बिमरला में किया पौधरोपण



### पर्यावरणीय क्विज प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागी पुरस्कृत किए गए

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** विश्व पर्यावरण दिवस 2024 को (हिंडाल्को) बिमरला बॉक्साइट माइन्स में कार्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। वरीय खान प्रबंधक जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में खनन अधिकारीगण कर्मी, बिमरला पिकेट के अधिकारी गण, मजदूर गण के साथ सामूहिक रूप से पर्यावरणीय शपथ सीएसआर विभाग के अभय भारती के नेतृत्व में किया गया। पर्यावरण परिचय संबोधन सहायक प्रबंधक चंद्रकांत दुबे ने दी। मौके पर खान प्रबंधक ने कहा कि पर्यावरण की संरक्षण हम सभी की जिम्मेवारी है। इसके लिए जन भागीदारी और जन जागरुकता जरूरी है। उन्होंने बताया कि अपने घरों के पास खाली पड़े जमीन पर फलदार पौधे लगाएं। पेड़ ठंडी हवा, छाया, फल और औषधी प्रदान करते हैं। आज ऑनलाइन एवं ऑफलाइन पर्यवरणीय क्विज प्रतियोगिता में सफल हुए प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन प्रज्ज्वल साहू ने दी। कार्यक्रम में अनुज सिंह, नागेंद्र सिंह, सुजीत झा, प्रज्वल साहू, धर्मेंद्र कुमार, कृष्णा शर्मा, सूबेदार प्रमोद पाण्डेय, प्रताप सिंह मुंडा, सनिका मुंडा, रूपेश यादव, अर्जुन यादव, विनोद सिंह, पिंकू महतो, जितेंद्र पाठक समेत कई मौजूद रहे। हिंडालको सीएसआर के तहत बिमरला घोड़ापाथर ग्राम के बालवाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। बालवाड़ी के बच्चों के बीच पौधे लगाने को प्रेरित सीएसआर के अभय भारती ने किया और सामूहिक रूप से पौधरोपण किया गया। मौके पर बालवाड़ी केंद्र के शिक्षा मित्र, ग्रामीण व बच्चे मौजूद रहे।

### राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा लोहरदगा जिला समिति सभागार में नवनिर्वाचित सांसद का हुआ भव्य स्वागत

## आदिवासियों की जो भी मांग है उसे मैं संसद में उठाना मेरी प्राथमिकता रहेगी : सुखदेव

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** गुरुवार को एम जी रोड वीर शिवाजी चौक स्थित झखरा कुम्बा में राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा लोहरदगा जिला समिति ने नवनिर्वाचित सांसद सुखदेव भगत को जिला समिति के द्वारा आदिवासी रीति रिवाज पराम्परागत वेशभूषा सांस्कृतिक कला लोटा में जल, अरवा चावल से चुमाकर मांदर की थाप से स्वागत किया गया। इसके उपरांत जिला धर्मगुरु फूलकेश्वर उरांव की अगुवाई में सरना स्थल में आदिवासी पराम्परा अनुष्ठान अन्न आदि शक्ति प्रार्थना बिनती अर्जी की गई। इसके बाद सांसद सुखदेव भगत के हाथों से जिला धर्मगुरु फुल्केश्वर उरांव ने प्रवचन विनती करके करम पेड़ में जल एवं माथा टेककर



सुख समृद्धि के लिए विनती प्रार्थना किया गया। मौके पर सांसद महोदय ने कहा कि जब मैं 2024 लोकसभा चुनाव के लिए नॉमिनेशन कराने जा रहा था उस समय भी वृहस्पतिवार का ही दिन था और आज सांसद पद पर कार्यरत हुये तो आज का दिन भी गुरुवार का दिन पड़ा, उन्होंने ने कहा कि मेरा जन्म भी गुरुवार का ही दिन मैं जन्म लिया था। मैं ऊपर वाले की बहुत बहुत धन्यवाद और आभार व्यक्त करता हूं कि मुझे और मौका मिला है। उन्होंने ने कहा कि आदिवासी समुदाय संगठन के लोगों को अस्वास्थ करते हुये कहा कि आदिवासी का जो भी मांग है उसे मैं संसद में उठाने का पहल प्राथमिकता रहेगा। उन्होंने ने कहा कि मैं यूसीसी, जल, जंगल, जमीन, वन अधिकार, ग्राम सभा को खत्म करने का जो षड़यंत्र भाजपा सरकार कर रही है उसे मैं खत्म करूंगा उस विषय पर मैं जोर शोर से आवाज उठायेंगे। जाति जनगणना कॉलम के लिए संसद में बोलूंगा। राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा लोहरदगा जिला समिति या आदिवासी समुदाय संगठन के सभी लोग हमशे मिलते जुलते रहिये। जनता अपनी समस्या या गांव घर की समस्याओं को रखें। जनता हमें चुनकर संसद भेजा है मैं उनकी हर बातों को सुनूंगा और उस पर कार्य करेंगे। राजी पड़हा प्रार्थना सभा लोहरदगा सभागार में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष सोमदेव उरांव, राष्ट्रीय महासचिव जलेश्वर उरांव, उपाध्यक्ष सोमे उरांव, सचिव सूखेद्र उरांव, कोर कमिटी फूलदेव भगत, मीडिया प्रभारी नूतन कच्छप, शंकर उरांव, सुधु उरांव, बसंती उरांव, संध्या उरांव, प्रमिला उरांव, जयंती उरांव, बिसनी उरांव, सुधीर उरांव, राजमुनी उरांव, पंकज उरांव ने संसद सुखदेव भगत को बुके भेंट व पुष्प माला देकर स्वागत एवं बधाई दिया गया। समस्त आदिवासी समाज अगुवागण मौजूद थे।

## टंडवा के 5 पंचायतों में कांग्रेस को मिले वोट की चर्चा

**टंडवा (चतरा)।** लोकसभा चुनाव 2024 में भले ही भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह की भारी अंतर से जीत हो गई है। पर टंडवा प्रखंड के पांच पंचायतों से कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी की बढ़त पर इन दिनों चहुंओर चर्चा है। सूत्रों की मानें तो कांग्रेस जिन पांच पंचायतों में बढ़त हासिल की है, उनमें गाडीलौंग, राहम, कल्याणपुर, किचटो व बहेरा का नाम शामिल है। वहीं प्रखंड क्षेत्र में चर्चा खाश होने की मूल वजह सिमरिया विधायक किसुन कुमार दास के गृहनगर होने के साथ कांग्रेस के मिले कुल वोट से भाजपा को पिछड़ने वाले पंचायतों में दिग्गज भाजपा नेता सह जिला प्रतिनिधि अक्षयवट पांडेय के गृह पंचायत राहम व विधायक के प्रखंड प्रतिनिधि शशि चौरसिया का गृह पंचायत गाडिलौंग बताया जा रहा है।

## एक नजर

### सुहागिनों ने पति की लंबी आयु के लिए वट सावित्री की पूजा की

**किरीबुरु।** मेघाहातुबुरु और आसपास की सैकड़ों सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री पूजा कर अपने पति की दीर्घआयु की कामना की। इस दौरान मंदिर सहित शहर के अन्य इलाकों पर स्थित वट वृक्षों पर सज संवरकर महिलाएं पूजा करती नजर आयीं। किरीबुरु स्थित सेल के बस स्टैंड परिसर में स्थित वट वृक्ष के पास सबसे ज्यादा भीड़ देखी गयी। अन्य स्थानों पर भी महिलाओं ने सावित्री सत्यवान की व्रत कथा सुना और अपनी पूजा पूरी की। इस दौरान महिलाओं ने वट वृक्ष पर मौली धागा (लंबा कच्चा धागा) बांधा। ऐसी मान्यता है कि जितना लंबा धागा होगा, पति की आयु उतनी लंबी होगी। बता दें कि पूर्व की तुलना में अब वट सावित्री पूजा करने वाली महिलाओं की संख्या में बढ़ी है। पर्व को लेकर फलों के दामों में भारी बढ़ोतरी हुई है।

### माहुरी समाज ने मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**कतरास।** माहुरी वैश्य मंडल कतरास की ओर से गुरुवार को माहुरी समाज भवन में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में 12वीं कॉमर्स के जिला टॉपर व राज्य में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले संकेत गुप्ता समेत 33 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व शिल्ड देकर सम्मानित किया गया। मौके पर समाज के अध्यक्ष राजेश गुप्ता, मंत्री राजकुमार गुप्ता, कतरास शाखा अध्यक्ष बबलू गुप्ता, सचिव नीरज कुमार गुप्ता, विनायक गुप्ता, प्रकाश राम गुप्ता, अधिवक्ता अवधेश प्रसाद गुप्ता, बाल गोविंद गुप्ता आदि उपस्थित थे। मंच का संचालन रजनी गुप्ता व रेखा गुप्ता ने किया।

### बीसीएल ब्लॉक टू कार्यालय में चोरी, सुरक्षा गार्ड निलंबित

**धनबाद।** मधुबन वाशरी के समीप स्थित बीसीसीएल ब्लॉक टू कोलियरी कार्यालय के परियोजना पदाधिकारी के कक्ष में बुधवार की रात चोरी हो गई। चोरों ने सेंधमारी कर लाखों रुपए मूल्य की संपत्ति पर हाथ साफ किया। चोरी गए सामान में इनवर्टर, एसी, प्रिंटर मशीन, स्टेबलाइजर सहित अन्य सामिल हैं। गुरुवार को जब अधिकारी व कर्मी कार्यालय पहुंचे तब उन्हें घटना की जानकारी हुई। सूचना पाकर बाघमारा थाना की पुलिस और सीआईएसएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंची और छानबीन में जुट गई। पुलिस ने कार्यालय में लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला। सुरक्षा प्रहरी सूबा हरिजन ने बताया कि सुबह 6 बजे उसे घटना की जानकारी मिली। चोर कार्यलय के पीछे की दीवार में सेंधमारी कर अंदर घुसे। पीओ ने सुरक्षा गार्ड सूबा हरिजन को निलंबित कर दिया है। प्रबंधन की लिखित शिकायत के बाद बाघमारा थाना पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सुरक्षा गार्ड को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### चिरकुंडा में 3 दिवसीय शनि जन्मोत्सव का समापन

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा सोनारडंगाल स्थित शनि मंदिर में तीन दिवसीय शनि जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। गुरुवार को शनिदेव का तेलाभिषेक, कपड़ाभिषेक के बाद हवन अनुष्ठान हुआ। इस विशेष मौके पर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। सभी अनुष्ठान मुख्य यजमान अमित गोयल व उनकी पत्नी कविता गोयल ने संपन्न कराए। आयोजन में पुजारी श्याम लाल शर्मा, कृष्णानंद पांडेय, विनोद शर्मा, मुरली तुरी, सुशील कुमार चंद्रवंशी, शिवम शर्मा, गोपाल सिंह, सुरेश सिंह, इंद्रदेव प्रसाद, शशि कुमार, मनोज मालाकार आदि का सहयोग रहा।

# सावित्री-सत्यवान की कथा सुनकर सुहागिनों ने की वट वृक्ष की पूजा

**नवीन मेल संवाददाता। आदित्यपुर**

अखंड सौभाग्य की कामना के साथ गुरुवार को सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री की पूजा की। महिलाओं ने पूजा-अर्चना कर सावित्री सत्यवान की व्रत कथा सुनी। व्रती महिलाएं सुबह ही पूजन सामग्री लेकर वट और पीपल वृक्ष का पिसी हल्दी, सिंदूर, अच्छत, फूल, धूप, दीप, नैवेद्य आदि से पूजन किया और 108 परिक्रमा कर भगवान विष्णु से पति की लंबी आयु और परिवार वालों की खुशी की कामना की। ज्योतिषाचार्य पंडित रमेश कुमार शास्त्री ने वट सावित्री पूजा का मुहुर्त 6 जून को प्रात 6 बजकर



57 मिनट से ही है। महिलाएं शाम 5 बजकर 38 मिनट तक पूजन कर सकती है। बताया कि अभिजीत मुहूर्त दिन में 11:36 बजे से दोपहर 12:54 बजे तक था। इस अवधि में पूजा-अर्चना करना विशेष फलदायी होता है। यमराज से सत्यवान को वापस लेकर आयी थी सावित्री


ज्योतिषाचार्य पंडित रमेश कुमार शास्त्री ने बताया कि वट सावित्री पूजा सुहागिन महिलाओं के लिए बहुत ही शुभदायक है। हर साल अखंड सौभाग्य की प्राप्ति और दांपत्य जीवन में शांति, सुखमय, कल्याणमय और घर में सुख, शांति व धन धान्य की समृद्धि के लिए व्रती महिलाएं वट वृक्ष का विधि-विधान से पूजा अर्चना करती हैं। उन्होंने बताया कि वट वृक्ष का पूजन और सावित्री-सत्यवान की कथा का स्मरण करने के विधान के कारण ही यह व्रत वट सावित्री के नाम से प्रसिद्ध हुआ है। उन्होंने सत्यवान-सावित्री की कथा बताते हुए कहा कि सावित्री राजर्षि अश्वपति की एकमात्र संतान थीं। सावित्री ने वनवासी राजा द्युमत्सेन के पुत्र सत्यवान से विवाह किया था। लेकिन जब नारद जी ने उन्हें बताया कि सत्यवान की आयु कम है, तो भी सावित्री ने अपना फैसला नहीं बदला और सत्यवान से शादी कर ली। सावित्री सभी राजमहल के सुख और राजवैभव त्याग कर सत्यवान के साथ उनके परिवार की सेवा करते हुए वन में रहने लगीं। जिस दिन सत्यवान के महाप्रयाण का दिन था, उस दिन वह लकड़ियां काटने जंगल गये थे।

## घूस लेते रंगे हाथ धरा गया मुखिया

### आवास योजना में ले रहा था 8 हजार रुपए घूस

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

जिले के जमुआ थाना इलाके में गुरुवार को एक मुखिया घूस लेते रंगे हाथ पकड़ा गया है. एंटी करप्शन ब्यूरो की एक टीम ने जमुआ थाना के नजदीक 8 हजार रुपए घूस लेते हुए जमुआ प्रखण्ड के चरघरा पंचायत के मुखिया महावीर दास को दबोचा है। गिरफ्तारी के बाद एसीबी की टीम उसे अपने साथ धनबाद ले गयी। मिली जानकारी के अनुसार घूसखोर मुखिया महावीर दास अबुआ आवास योजना को लेकर खरखो निवासी बालेश्वर राय से घूस की मांग कर रहा था। इसके बाद बालेश्वर राय ने एसीबी से इसकी शिकायत की। शिकायत के बाद एसीबी ने मामले का सत्यापन किया। जिसके बाद टीम प्लान के मुताबिक जमुआ पहुंची और जमुआ थाना के नजदीक बालेश्वर राय की पत्नी के हाथों घूस का रकम लेते हुए मुखिया को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।



गौरतलब है कि सप्ताह दिन के भीतर जिले में एसीबी की यह दूसरी कार्रवाई है। इसके पूर्व शनिवार को ही जिले के पीरटांड प्रखंड परिसर में 3 हजार रुपए घूस लेते हुए एसीबी की टीम ने पंचायत सचिव मंसूर अली को गिरफ्तार किया था। बहरहाल, जिले में निरंतर एसीबी की कार्रवाई से हडकंप का माहौल है। वहीं लगातार कार्रवाई के बाद भी घूसखोरी का खेल बदस्तूर जारी है।

## बोकारो स्टील प्लांट में एक भी मजदूर की छंटनी नहीं होने देंगे : ढुल्लू महतो

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

धनबाद लोकसभा के नव निर्वाचित सांसद ढुल्लू महतो चुनाव जीतने के बाद पहली बार गुरुवार को बोकारो पहुंचे। यहां उन्होंने सुबह में बोकारो स्टील प्लांट के गेट पर पहुंचकर ड्यूटी जा रहे मजदूरों से मुलाकात की और चुनाव में समर्थन देने के लिए आभार जताया। इसके बाद दिल्ली के लिए रवाना हो गए। ढुल्लू ने कहा कि उन्हें बीएसएल के मजदूरों की समस्याओं की जानकारी है। ठेका मजदूरों के शोषण से भी अवगत हूं। ठेका मजदूरों की मेडिकल जांच पर कहा कि यदि यह जांच मजदूरों को स्वस्थ रखने के ख्याल से हो रही है, तो स्वागत है, लेकिन यदि छंटनी की साजिश है, तो प्रबंधन कान खोलकर सुन



ले, एक भी मजदूर की छंटनी नहीं होने दूंगा। ठेका मजदूरों के साथ भेदभाव व प्रताड़ना बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने मजदूरों के सुख-दुख में हमेशा साथ देने का वादा किया। विस्थापन की समस्या के समाधान का भी आश्वासन दिया। मौके पर जनता मजदूर सभा के अध्यक्ष साधु शरण गोप, प्रेम कुमार, संदीप कुमार, घनश्याम गोप, शंकर महथा, विस्थापित नेता सहदेव साव, उमाशंकर गोप आदि उपस्थित थे।

## अन्नपूर्णा देवी की जीत पर एनडीए कार्यकत्ताओं ने निकाला विजय जुलूस



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

कोडरमा सीट में भारी मतों अन्नपूर्णा देवी की जीत होने के बाद पार्टी नेताओं और कार्यकत्ताओं में उत्साह का माहौल है. जगह-जगह जीत को लेकर जश्न मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को बिरनी प्रखण्ड के बिराजपुर चौक से पलौन्जिया बाजार,बरहमसिया चौक होते हुए एनडीए कार्यकत्ताओं ने गाजे-बाजे के साथ भव्य विजय जुलूस निकाला। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा मंडल अध्यक्ष राजदेव साव ने किया। इस दौरान कार्यकत्ताओं ने एक-दूसरे को गुलाल-अबीर लगाया तथा मिठाइयां बांटी। जुलूस में विहीप जिला मंत्री निरंजन कुमार, प्रखंड मंत्री बालेश्वर साव,सांसद प्रतिनिधि देवनाथ राणा, प्रेमचंद प्रसाद कुशवाहा, कैलाश पासवान, आजसू केंद्रीय सदस्य कंचन राय, आजसू प्रखण्ड उपाध्यक्ष अमित गुप्ता, राजेन्द्र यादव, गोविंद निर्मल साव, छत्रधारी दास, मुखिया दिलीप रविदास, बृजनन्दन वर्मा, पंकज हिंदुस्तानी, मुखिया सत्येंद्र राउत समेत सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## खजूर तोड़ने की बात को लेकर भिड़े दो युवक



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी**

थाना क्षेत्र में गुरुवार को खजूर तोड़ने के विवाद में आपस में भिड़े किशोर ने बीच बचाव को गई एक महिला के सिर में धारदार हथियार से वार कर दिया। घटना में महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। इस दौरान महिला को गंभीर हाल में पहले तिसरी स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर स्थिती को देखते हुए गिरिडीह सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। मामला गुमगी पंचायत के सिमराड़ीह गांव का है। जख्मी महिला बासो राम की 40 वर्षीय पत्नी हेमंती देवी है। बताया जाता है कि बुधवार को खजूर तोड़ने को लेकर हेमंती देवी के पुत्र व एक अन्य किशोर के बीच विवाद हुआ था। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर विवाद को शांत करवा दिया था। इसी बीच गुरुवार की दोबारा दोनों के बीच विवाद छिड़ गया। इस दौरान मामला मारपीट तक जा पहुंचा पुत्र को पीटते देख हेमंती देवी उसे बचाने गयी। तभी दूसरे किशोर ने हेमंती देवी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। घटना में हेमंती के सिर और हाथ में गंभीर चोट आई है।

मौके पर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा बीच बचाव करते हुए मुखिया प्रतिनिधि महेश यादव के सहयोग से 108 एंबुलेंस सेवा द्वारा घायल महिला को तिसरी स्वास्थ्य केंद्र लाया गया और प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह रेफर कर दिया गया। मामले की जानकारी तिसरी पुलिस को भी दी गई है।

## बिरनी के 42 वर्षीय युवक की हार्ट अटैक से मुंबई में हुई मौत

**राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता बिरनी गिरीडीह**

बिरनी थाना क्षेत्र के राजमनिया गांव के रहने वाला 42 वर्षीय युवक की मौत मुंबई में हुई है। बता दे कि मृतक की पहचान राजमनिया गांव निवासी बांधो साव के पुत्र प्रकाश साव के रूप में हुई है। मृतक प्रकाश साव मुंबई में रोजीरोटी के लिए कार्य करते थे। जिसके बाद हार्ट अटैक से उनकी मौत हो जाती है। मौत की खबर सुनकर राजमनिया गांव में मताम छा गया है। जिसके बाद मृतक प्रकाश साव का शव मुंबई पुलिस के कब्जे में है। इधर मृतक के पत्नी प्रिया देवी ने बिरनी थाना में आवेदन देकर मुंबई से मृतक पति का शव लाने के लिए मुंबई



पुलिस ने स्थानीय थाना से सत्यापन की मांग की है। जिसके बाद पत्नी प्रिया देवी ने बिरनी थाना में लिखित आवेदन देकर मुंबई से मृतक पति का शव लाने के सत्यापन हेतु, बिरनी थाना से गुहार लगाई है।

## बंद खदान में चाल धंसने की सूचना पर पहुंचे अधिकारी, मुहाने को बंद कराया

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

सोनारडीह ओपी क्षेत्र अंतर्गत बीसीसीएल की बंद पड़ी कोरीडीह तीन नंबर खदान में गुरुवार को अवैध खनन के दौरान चाल धंसने की खबर जंगल में आग की तरह फैली। कोयला तस्कर बंद खदान का मुहाना खोलकर कोयले की कटाई करवा रहे थे। इसी दौरान चाल धंसने की बात कही जा रही है। सूचना मिलते ही बीसीसीएल के अधिकारी आनन-फानन में मौके पर पहुंचे और सीआईएसएफ व सोनारडीह ओपी पुलिस की मौजूदगी में खोले गए दो मुहानों को डोजर से ओबी डाल कर बंद



करवा दिया।

लेकिन कोयला तस्करों द्वारा मुहाने के बाहर रखे गए अवैध कोयले को न तो बीसीसीएल के अधिकारियों ने अपने कब्जे में लिया, न ही पुलिस व सीआईएसएफ ने कोयला जब्त करने में कोई दिलचस्पी दिखाई। बीसीसीएल अधिकारी, सीआईएसएफ व पुलिस अधिकारी तस्करों पर मेहरबान दिख रहे थे। कार्रवाई के नाम पर सिर्फ आई वाश किया गया। स्थानीय लोगों की मानें तो यहां करीब एक महीने से अवैध मुहाना खोलकर कोयले की कटाई की जा रही है। खदान से कोयला निकालकर रात के अंधेरे में बड़ी गाड़ियों पर लोड कर तस्कर बाहर भेजते हैं। गुरुवार को कोयला कटाई के दौरान अचानक खदान के अंदर चल धंस गई। आनन-फानन में सभी मजदूरों को बाहर निकाल दिया गया। घटना की खबर धीरे-धीरे पूरे इलाके में फैल गई।

## आत्मसमर्पण के पूर्व आरोपियों ने पीड़ित पक्ष को दी धमकी, फिर न्यायालय में किया सरेंडर

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

छोटी यादव हत्याकांड के आरोपी प्रतीक यादव और राहुल यादव ने गुरुवार को कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया. हालांकि समर्पण से पहले आरोपियों ने मृतक छोटी यादव के परिजनों को जेल से बाहर निकलने के बाद और लोगों की भी हत्या करने की धमकी दी है। घटना से मृतक छोटी यादव के परिजन खौफ में हैं। गुरुवार को सदर अस्पताल के समीप मृतक छोटी यादव के परिजनों ने जमकर हंगामा किया। जानकारी मिलने के बाद नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद और महिला थाना प्रभारी दीपमाला भी पुलिस जवानों के साथ परिजनों को समझाने पहुंचे। काफी प्रयास




के बाद परिजनों का गुस्सा शांत हुआ। इस दौरान मृतक के भाई का आरोप था कि उसके भाई छोटी यादव की हत्या के बाद हत्याकांड में शामिल आरोपी प्रतीक यादव और राहुल यादव गुरुवार को आत्म समर्पण करने पहुंचे, लेकिन जब दोनों कोर्ट में समर्पण करने लगे उसके पूर्व कोर्ट जाने से पहले दोनों आरोपियों ने पूरे परिवार को धमकी दी और कहा कि अभी तो सिर्फ उनके घर में पिता और भाई छोटी यादव कि हत्या हुई है। जेल से बाहर निकलने के बाद उन्हें भी नहीं छोड़ा जाएगा। उनकी भी हत्या होगी। गौरतलब है कि जमीन विवाद को लेकर सिहोडीह सिरसिया में दो गोतिया के बीच पिछले कई सालों से खूनी झड़प चला आ रहा है। अभी कुछ दिन पहले ही राहुल यादव और प्रतीक यादव समेत उसके भाईयो ने छोटी यादव की हत्या शहर के निखर होटल के समीप दिनदहाड़े चाकू मारकर कर दी थी,। घटना के बाद नगर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

## नीट परीक्षा में सफल कतरास के छात्र सोहेल को यूथ फोर्स ने किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

कतरास के श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में गुरुवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में जदयू के प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने नीट परीक्षा में सफल छात्र श्यामडीह निवासी सोहेल अख्तर को सम्मानित किया। उसे प्रशस्ति पत्र, पुस्तक, अंग वस्त्र और गुलदस्ता देखकर सम्मानित किया गया। मौके पर छात्र के माता-पिता भी थे। दीप नारायण सिंह ने कहा कि संस्था पिछले 16 वर्षों से ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाशाली युवाओं को आगे बढ़ने में सहयोग करती आ रही है। हमें फख्र है कि एक मजदूर के बेटे ने नीट परीक्षा में सफल होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर जदयू बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष गोपाल चन्द्र गोप, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष इम्तियाज खान, धनबाद जिला महासचिव दीपक कुमार महतो, फुलचंद दास, आदि उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### जंगली सूअर का शिकार करने के आरोप में एक गिरफ्तार



**चांडिल।** दलमा जंगल क्षेत्र के बांधडीह पीएफ में जंगली सूअर का शिकार करने के आरोप में वन विभाग ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति नीमडीह थाना क्षेत्र के बांधडीह निवासी डांटू सिंह है। वन विभाग के अधिकारियों ने उसके घर से पका हुआ सूअर का मांस, कच्चा जबड़ा, जीभ व पूंछ बरामद किया है। इस संबंध में दलमा जंगल के चाकुलिया परिसर के प्रभारी वनपाल सिमोन टुडू ने बताया कि दलमा वन्यप्राणी पश्चिमी प्रक्षेत्र, चांडिल अंतर्गत बांधडीह पीएफ में अवैध रुप से जंगली सूअर का शिकार करने के जुर्म में डांटू सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### 9 को मारवाड़ी युवा मंच ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन



**चक्रधरपुर।** मारवाड़ी युवा मंच चक्रधरपुर शाखा की ओर से 9 जून को स्व। सांवरमल की स्मृति में सीकेपी दरबार होटल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। इसे लेकर गुरुवार को सीकेपी दरबार होटल में मंच की ओर से प्रेस वार्ता की गई। इस मौके पर मारवाड़ी युवा मंच चक्रधरपुर शाखा के अध्यक्ष प्रतीक शाह ने कहा कि सामाजिक कार्यों से हमेशा सरोकार रखने वाली शहर की ख्याति प्राप्त संस्था मारवाड़ी युवा मंच एक बार फिर जन कल्याण के लिए 9 जून को रक्तदान शिविर आयोजित कर रहा है। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई महादान नहीं है। इसलिए शिविर में लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर सहभागी बनें। रक्तदान शिविर सुबह 9 बजे शुरू होगा। इस मौके पर मंच के सचिव मयंक केडिया, उपाध्यक्ष विपुल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विजय कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष आकाश काबरा, सह कोषाध्यक्ष जतीन शाह, सह सचिव शिवम अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल, जन सम्पर्क मंत्री सिद्धार्थ केजरीवाल, ऋषभ राज, झुनझुनवाला, रक्तदान संयोजक कमल खेतान, सह रक्तदान संयोजक ऋषभ मेहता, अमृतधारा संयोजक दीपक अग्रवाल, अभिषेक केजरीवाल, चैतन्य केजरीवाल, समाज विकास संयोजक नितेश भगेरिया, सलाहकार समिति के अवध खीरवाल, नरेश केडिया, संतोष अग्रवाल, सचिन केजरीवाल, महेन्द्र अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

### अमर सुहाग की कामना के साथ सुहागिनों ने की वट सावित्री की पूजा



**चांडिल।** सुहागिन महिलाओं ने आज गुरुवार को अमर सुहाग की कामना के साथ वट सावित्री की पूजा की। पारंपरिक सोलह श्रृंगार के साथ सुहागिन महिलाएं पूजन सामग्री लेकर वट वृक्ष के नीचे पहुंचीं और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसके बाद सावित्री सत्यवान की व्रत कथा सुनकर पति और पूरे परिवार के खुशहाल जीवन की कामना की। इसके बाद सुहागिन महिलाओं ने एक-दूसरे को सुहाग का सामान भेंट किया। फिर सुहागिन महिलाओं ने अपने पति के पैर धोये और उन्हें प्रसाद देकर अपना व्रत तोड़ा।वट वृक्ष की परिक्रमा कर बांधा कलावा चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के चारों प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में आज महिलाओं वट वृक्ष के नीचे पूजा-अर्चना कर अपने पति के दीघार्यु होने और परिवार के सुख-समृद्धि के लिए कामना की। सुहागिन महिलओं ने निर्जला व्रत रखकर सिंदूर, रौली, फूल, धूप, दीप, अक्षत, कुमकुम, रक्षा सूत्र, मिठाई, चना, फल, बांस का पंखा, नया वस्त्र आदि के साथ वट वृक्ष के नीचे सावित्री की पूजा की। पूजा-अर्चना करने के बाद सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा की। इसके साथ ही महिलाओं ने वट वृक्ष पर कलावा बांधकर अमर सुहाग के साथ सुखद दांपत्य जीवन और पूरे परिवार की खुशहाली की कामना की। माना जाता है कि सुहागिन महिलाओं के वट सावित्री की पूजा करने से वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याओं दूर होती है।

### नवागढ़ में सुहागिनों ने वट सावित्री पूजा कर मांगी पति की लंबी आयु

**कतरास।** कतरास कोयलांचल में ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या तिथि पर गुरुवार को वट सावित्री पूजा की धूम रही। सुहागिन महिलाओं ने नावागढ़ मोड़ स्थित शिव मंदिर पहुंचकर परिसर स्थित वट वृक्ष की पूजा की और पति की दीघार्यु व सुखद वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद मांगा। नावागढ़ शिवालय के पुजारी आचार्य कैलाश पांडे ने सभी सुहागिन महिलाओं को धृति योग के साथ शिववास योग में संकल्प कराकर कच्चा धागा लेकर वटवृक्ष की सात बार परिक्रमा विधि-विधान से कराई। पूजन में क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया

### चिरकुंडा में कचरा का उठाव बंद होने से वार्डों में फैली गंदगी



**चिरकुंडा।** चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र में साफ-सफाई का काम देख रही निजी एजेंसी पायनियर के सफाई कर्मियों ने छंटनी व वाहन में कम डीजल देने के विरोध में गुरुवार से कचरा का उठाव बंद कर दिया। इसके चलते वार्डों में कचरे का अंबार लग गया है। इससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है। सफाई कर्मियों व वाहन चालकों ने बताया कि कंपनी के पदाधिकारी कुछ कर्मियों की छंटनी की तैयारी में है। वहीं, कचरा वाहनों में डीजल कम देने का आरोप लगाते हुए चालकों ने वाहनों को नगर परिषद कार्यालय के सामने लाकर खड़ा कर दिया। सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन व पायनियर कंपनी के मदन ने कर्मियों को काफी समझाया। उन्हें आश्वत किया कि किसी सफाई कर्मी की छंटनी नहीं होगी। साथ कचरा वाहनों में पर्याप्त डीजल दिया जाएगा। इसके बाद कर्मी मान गए। सिटी मैनेजर ने बताया कि शुक्रवार से क्षेत्र में कचरा का उठाव सुचारू रूप से होगा।

### बाइक चोर को खदेड़ कर पकड़ा, पिटाई के बाद पुलिस को सौंपा

**धनबाद।** धनबाद थाना क्षेत्र के दामोदरपुर शांति विहार कॉलोनी के समीप गुरुवार की सुबह एक बाइक चोर को बाइक मालिक ने स्थानीय लोगों की मदद से खदेड़कर पकड़ लिया। लोगों ने पहले नाबालिग चोर की जमकर धुनाई की। इसके बाद पुलिस को सौंप दिया। बताया गया कि दामोदरपुर शांति विहार कॉलोनी से बाइक (संख्या जेएच 10 सीवी-5868) को लेकर एक नाबालिग भाग रहा था। तभी बाइक मालिक ने उसे देखा लिया और पीछा कर लड़के को धर दबोचा।

**अनुशासन और एकजुट कार्रवाई राष्ट्र की शक्ति का वास्तविक स्रोत हैं : लाल बहादुर शास्त्री**



# स्थानीय मुद्दों से मोदी की अंतरराष्ट्रीय छवि तक प्रभावित

***प्रधानमंत्री*** नरेंद्र मोदी का पहला दशक काफी बड़े और कड़े फैसलों वाला रहा और उनके निर्णयों और नेतृत्व की धमक देश में ही नहीं पूरी दुनिया में रही जिसके चलते वह समूचे विश्व में सबसे लोकप्रिय राजनेता के रूप में उभरे। लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव परिणाम उनके लिए आश्चर्य लेकर आये जब उनकी पार्टी भाजपा ने लोकसभा में अपना बहुमत खो दिया और सरकार बनाने के लिए दूसरे दलों पर निर्भर हो गयी। इन चुनाव परिणामों ने मोदी की अजेय रहने वाले नेता की छवि पर बहुत बड़ा असर डाला है जिसकी गूंज राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुनाई दे रही है। देखा जाये तो भारत में तो विपक्ष मोदी को राजनीतिक रूप से नुकसान पहुँचाना चाहता ही था साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी कई ऐसी शक्तियां थीं जोकि मोदी की ग्लोबल लीडर के रूप में पुख्ता होती छवि को नुकसान पहुँचाना चाहती थीं। कह सकते हैं कि भारत में विपक्ष को और विदेशों में भारत विरोधी शक्तियों को कहीं ना कहीं अपने मिशन में थोड़ी-बहुत कामयाबी मिल गयी है। लेकिन यह भी सत्य और एक तथ्य है कि मोदी की कार्यशैली मक्खन पर नहीं अपितु पत्थर पर लकीर खींचने की है इसलिए वह तीसरे कार्यकाल में अपने कामकाज से विरोधियों को तगड़ा जवाब अवश्य ही देंगे। भाजपा के संकल्प पत्र में किये गये वादों की, सब कुछ 'मोदी की गारंटी' के ही इर्दगिर्द केंद्रित था इसलिए कहा जा सकता है कि मोदी ब्रांड की छवि पर सीधा असर पड़ा है। इसलिए अब समय आ गया है जब भाजपा को सिर्फ मोदी नाम के सहारे रहने की बजाय और भी पहलुओं पर काम करना पड़ेगा। जब से मोदी केंद्र की राजनीति में आये हैं तब से यही देखने को मिलता है कि पंचायत से लेकर संसद तक के चुनाव पर भाजपा सिर्फ मोदी नाम के सहारे ही रहती है। भाजपा ने चुनाव में 'मोदी की गारंटी' के अलावा 'विकास भी और विरासत भी' का नारा दिया था और करोड़ों लोगों के गरीबी रेखा से बाहर निकलने तथा भारत के सांस्कृतिक गौरव की बहाली की दिशा में उठाये गये कदमों का हवाला दिया था फिर भी वह स्पष्ट बहुमत से बहुत दूर रह गयी। भाजपा की सीट घटने से सिर्फ पार्टी के ही नेता हैरान और परेशान नहीं हैं बल्कि कई विदेशी नेता भी इस बात से हैरान हैं कि दिन-रात अपने देश के लिए काम करते रहने वाले प्रधानमंत्री को चुनावों में जनता ने क्यों सजा दे दी है। आप दुनिया भर की समाचार वेबसाइटों को देखेंगे तो सभी ने मोदी की सीटें घटने पर हैरानी जताई है। इन चुनाव परिणामों ने मोदी के विदेशों में रुतबे को निश्चित रूप से प्रभावित किया है। दरअसल, जिस तरह का माहौल बनाया गया था उसमें ना तो देश में और ना ही दुनिया में किसी को इस तरह के चुनाव परिणामों की अपेक्षा थी। यही कारण है कि भाजपा तो अपने चुनावी प्रदर्शन पर मंथन कर ही रही है दुनिया के भी कई बड़े नेता भारत के चुनाव परिणामों को लेकर चर्चा कर रहे हैं और इसके कारणों की समीक्षा कर रहे हैं। 2024 में दुनिया के अधिकांश देशों में चुनाव होने हैं। कई छोटे-बड़े देशों में जून महीने की शुरूआत तक चुनाव हो चुके हैं और अमेरिका सहित कई अन्य देशों में चुनाव इस साल के अंत से पहले होने हैं। एक खास बात यह है कि अब तक जितने देशों में चुनाव हुए हैं उनमें से ज्यादातर में सरकारें वापस सत्ता में नहीं लौटी हैं लेकिन मोदी दस साल राज करने के बाद भी तीसरे कार्यकाल के लिए सत्ता में लौट आये हैं। भले उनकी सीटों की संख्या कम हो गयी है लेकिन काम करने के लिए उनके पास स्पष्ट जनादेश है। मोदी ने जब 2014 में भारत सरकार की कमान संभाली थी तबसे दुनिया के तमाम देशों के राष्ट्राध्यक्ष बदल चुके हैं लेकिन मोदी सत्ता में कायम हैं जिसका सीधा मतलब यही है कि जनता को उनके नेतृत्व और उनकी नीतियों में विश्वास है। यह विश्वास ही तो है कि विपक्ष के घोषणापत्र में की गयी फ्री की तमाम सौगातों की बजाय जनता ने मोदी के वादों को तवज्जो दी है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल की आखिरी कैबिनेट बैठक की बात करें तो उसमें उन्होंने साफ कहा है कि हार-जीत राजनीति का हिस्सा है और नंबरगेम चलता रहता है। उन्होंने कहा है कि लेकिन इस सबका असर देश के विकास पर नहीं पड़ना चाहिए। वैसे देखा जाये तो लोकतंत्र में नंबरगेम ही मायने रखता है लेकिन मोदी के लिए इसका खास महत्व नहीं है।

इन दिनों

# आहार-व्यवहार और विचार संतुलन से ही बचेगा पर्यावरण



अरुण कुमार दीक्षित

***पूरे*** विश्व की जलवायु में परिवर्तन हो रहा है। विश्व के देश इसे लेकर चिंतित हैं। ग्लेशियर पिघल रहे हैं। नदियों में जल की मात्रा घट रही है। अनेक नदियां विलुप्त हो रही हैं। समुद्र का जलस्तर बढ़ रहा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि जलस्तर बढ़ने के कारण कई देशों में जल प्रलय के हालात बन सकते हैं। धरती गर्म हो रही है। तापमान बढ़ रहा है। इसी बढ़े तापमान को ग्लोबल वार्मिंग कहा जा रहा है। विश्व भर में गैसों की चर्चा में उनके उत्सर्जन में कमी लाने के लिए दुनिया के देशों में सम्मेलनों के निष्कर्ष रिपोर्टों से लक्ष्य तय कर रहे हैं। कई सम्मेलनों, राष्ट्राध्यक्षों, विदेश मंत्रियों के वक्तव्यों से पर्यावरणीय समस्याएं हल नहीं हो पा रही हैं। पर्यावरण को लेकर पूरी दुनिया के वैज्ञानिक चिंता जता रहे हैं। मगर चिंता के आधार पर कोई देश सकारात्मक कार्रवाई करने को तैयार नहीं है। दूसरा विषय यह भी है, कि राजनीति और पत्रकारिता से जुड़े लोग पर्यावरण को मात्र विकास से जोड़कर देखते हैं। पर्यावरण में क्या प्रयास सही है जो करने योग्य है? अथवा क्या नहीं करने से पर्यावरण ठीक रहेगा? इसकी सटीक जानकारी ही नहीं है। राजनीतिक क्षेत्र से आने वाले लोगों को क्या चिंता पड़ी है कि यह जानें-पर्यावरण क्या है। कैसे पर्यावरण शुद्ध या अशुद्ध होता है। उनके सहायकों और अधिकारियों द्वारा कुछ इधर-उधर की सामग्री जुटाकर भाषण के लिए उपलब्ध कराई जाती है। भाषण से पर्यावरण कैसे ठीक होगा। भाषण से बैठक या रैली ठीक या खराब हो सकती है। पर्यावरणीय नफा-नुकसान राजनीति में बेमतलब है। पर्यावरण दिवस विश्व के 143 देश में मनाया गया। अंग्रेजी भाषा में पर्यावरण शब्द की उत्पत्ति फ्रांसीसी शब्द एनवायरमेंट से हुई है। पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 में भारत की संसद ने अधिनियमित किया था इसका मुख्य उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के निर्णय को लागू करना था। 5 जून 1973 को पर्यावरण संरक्षण के लिए विश्व स्तर पर राजनीतिक के साथ सामाजिक जागरूकता लाने हेतु इस दिवस की घोषणा की गई थी। 1992 में ब्राजील के रियो डी जेनीरियो में पृथ्वी सम्मेलन हुआ। विश्व के 174 देशों ने भागीदारी की दूसरा सम्मेलन जोहान्सबर्ग में हुआ था। भारतीय संविधान में राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों 48 अ जोड़ा गया और कहा गया कि राज्य के पर्यावरण और वनों वन्य जीवन की सुरक्षा के विकास के उपाय करेगा। साथ ही संविधान के मौलिक कर्तव्यों के आधार पर अनुच्छेद 51 ए जी में कहा गया कि वनों जिलों नदियों और वन्य जीवन की सुरक्षा विकास और सभी जीवों के प्रति सहानुभूति हर एक नागरिकता कर्तव्य होगा। नीति निर्देशक सिद्धांतों की कार्यवाही सरकारी भाग है। भारतीय अवधारणा है कि एक दैवीय तत्व होता है। उसे हम सकारात्मक कहते हैं। वहीं दूसरा आसुरी तत्व होता है, जिसे हम नकारात्मक कहते हैं। जहां आसुरी शक्तियां हैं, वहां हमें सुरक्षा चाहिए। सुरक्षा कवच ही पर्यावरण है। इसे हम पर्यावरण कहते हैं। दुनिया के प्राचीनतम ग्रंथ ऋग्वेद में पर्यावरण को परिधि, आवरण, परिभू आदि नामों से कहा गया है। नारदीय सूक्त में है कि सृष्टि के पूर्व न सत था, न असत था, न लोक था, न आकाश, न उससे परे कुछ था, तब किसने हमें ढंक रखा था। आवरण क्या जल था? पर्यावरण में केवल पेड़-पौधे और वनस्पतियां ही आवश्यक नहीं है। हमारे विचार स्वच्छ हों। हमारा आहार ठीक हो। हमारा व्यवहार ठीक हो। हम अच्छा संगीत सुनें। भयंकर आवाज वाले आधुनिक डीजे व्याकुलता पैदा करते हैं। इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, औद्योगिक कारखानों का शोरगुल, उनसे निकलता घातक केमिकल, वाहनों की ध्वनि, धुआं, उनमें जलता लाखों-करोड़ों लीटर डीजल-पेट्रोल हमारे मन मस्तिष्क को ही कमजोर नहीं करता, अनेक जीवन निगल लेता है। यह आकाश में जाकर विचलन पैदा करता है। परम ऊर्जा को विनाश की ओर ले जाता है। परमाणु परीक्षण के विकिरण घातक हैं। यह सामान्य जन नहीं जानते। पहाड़ों का रहना कितना आवश्यक है, यह इंजीनियर नहीं जानते। जीव-जंतु घबराए हुए हैं। पहाड़ कांप रहे हैं। नदियां लगता है कि विदाई की ओर हैं । अब उनका कल-कल निनाद घट रहा है। आकाश से वायु पैदा होती है। वायु हमारे पर्यावरण की प्राण ऊर्जा है। इसलिए इसे प्राण वायु कहते हैं। इसी से जीवन है। श्वांस प्रतिश्वांस यही है। जिस तरह पृथ्वी और आकाश के बीच वायु का संचरण होता है, ठीक उसी तरह हमारे शरीर के भीतर भी प्राण ऊर्जा है। शरीर विज्ञानी इसे ही ऑक्सीजन कहते हैं। जब शरीर में प्राण वायु घटने लगती है, व्यक्ति थोड़ा मृत्यु की ओर बढ़ने लगता है। प्राण वायु समाप्त होते ही मृत्यु घटित हो जाती है। पृथ्वी और आकाश के बीच की प्राणवायु प्रदूषित हुई है। ग्रहों के बीच अंतरिक्ष से उत्पन्न होने वाला अनहद नाद डगमगा रहा है। लगता है मनुष्य की अभीप्साओं के कारण धरती की गंगा दुखी हैं। उदास है। प्रदूषित है। कचरा युक्त है। सौंदर्य विहीन होने की ओर अग्रसर है। इस तरह आकाश में स्थित आकाशगंगा भी व्यथित और उदास है। कारण दुनिया भर में प्रकृति के विरुद्ध कार्रवाई जारी है। वनों को काटा जा रहा है। पहाड़ों को डायनामाइट से तोड़ने की दशकों पुरानी तकनीक जारी है। मछलियों और जलीय जीवों के जीवित रहने का अधिकार आधुनिक विज्ञान और मनुष्य छीन रहे हैं। कछुए खाए जा रहे हैं। गौवंश अपने जीवन को बचाने के लिए में संघर्षरत हैं। बैल विदाई की ओर हैं। कीट-पतंगे आधुनिक कीटनाशकों से निर्वाण को प्राप्त हो रहे हैं। गिद्ध अब दिखें तो शोध का विषय हो गए हैं कि क्यों दिखाई पड़े। आंगन की गौरैया परम तत्व से मिलकर विलीन होने वाली है। वह अब आंगन में स्नान करने और अपने गीत सुनाने नहीं आती। कोयल,पपीहा, कौवा के लिए अब देश हुआ विराना की स्थिति है सभी पक्षी उदास हैं। अब मोर मयूर भी कम हो रहे हैं उनके प्रति आदर भाव घट रहा है वे अब सावन में भी कम दर्शन देते हैं। मौलिक कर्तव्य का हिस्सा समाज की जिम्मेदारी में आता है। सरकार और नागरिक दोनों ने पर्यावरण जैसे गंभीर विषय से अपने को मजबूती से सम्बद्ध नहीं किया। विकास की बात पर जनता आकर्षित होती हैं। विचार नहीं करते कि हमारी प्राकृतिक संपदा, नदियां पहाड़ नैसर्गिक वन-वनस्पतियां नष्ट होने के नुकसान क्या है। नदियों पर बने बड़े बांधों पुलों का निर्माण हमें लाभ कम, नुकसान अधिक देता है। जिनके लिए बांध-पुल बनाते हैं उन्हें ही विस्थापित होना खतरनाक होता है। विस्थापित जनों की संस्कृति नष्ट हो जाती है। भूगोल बदल जाता है। जीवनदायी वनस्पतियां नष्ट हो जाती हैं। हमें यह विचार करना होगा कि ध्वंसात्मक विकास भारी आपदाओं की ओर धकेल रहा है। बाढ़ सूखा भूमि का बंजर होना, रेगिस्तान बन जाना, पहाड़ों का गिरना, बादलों का फटना, बादल फटने के साथ नगरों का बह जाना, जन-धन की हानि भी बड़े पैमाने पर होती है। पानी की कमी लगातार हो रही है। भारत के कई बड़े नगरों में पानी का संकट है। अब कम गहराई वाले सिंचाई के बोरिंग नल फेल हो रहे हैं। ऐसे में पर्यावरण दिवस मनाकर छोड़ देना आने वाला समय में हम सबके लिए घातक ही सिद्ध होगा।

**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**



**विश्व भर में गैसों की चर्चा में उनके उत्सर्जन में कमी लाने के लिए दुनिया के देशों में सम्मेलनों के निष्कर्ष रिपोर्टों से लक्ष्य तय कर रहे हैं। कई सम्मेलनों, राष्ट्राध्यक्षों, विदेश मंत्रियों के वक्तव्यों से पर्यावरणीय समस्याएं हल नहीं हो पा रही हैं। पर्यावरण को लेकर पूरी दुनिया के वैज्ञानिक चिंता जता रहे हैं। मगर चिंता के आधार पर कोई देश सकारात्मक कार्रवाई करने को तैयार नहीं है।**

## आपकी बात

### मैं पर्यावरण हूं



जितेश बाखला

***मैं पर्यावरण हूं***

कुछ मानव की
सुनता हूं।
कुछ मानव को
सुनाता हूं।
मैं पर्यावरण हूं।
प्रकृति और मानव
निर्मित परिवेश हूं।
भौतिक, रसायनिक और जैविक
घटकों से बना हूं।
औद्योगीकरण, शहरीकरण और
जनसंख्या वृद्धि
को चुनौतियां
के रूप में लेता
हूं।
मैं पर्यावरण हूं।
मानव को मेरा
संरक्षण और
संवर्धन करना
चाहिए ,
रोटी, कपड़ा
और आवास
के लिए,
शुद्ध हवा,
पानी और आकाश के लिए,
खुशहाल जीवन और
जैवविविधता के लिए।
ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु
परिवर्तन से बचने के लिए।
जीवन की निरंतरता और
विकास के लिए।
भावी पीढ़ी की सुरक्षा और
खुशहाली के लिए।
मैं पर्यावरण हूं।
मुझे मानव से चाहिए,
सह अस्तित्व का वचन ,
प्रदूषण मुक्त पारिस्थितिकी तंत्र,
पर्यावरण हितैषी व्यवहार।
मैं पर्यावरण हूं।
सह अस्तित्व में विश्वास करता
हूं।
जियो और जीने दो पर भरोसा
रखता हूं।
मानव सहित हर जीव की
खुशहाली की कामना करता
हूं।
मैं पर्यावरण हूं।

**ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन से बचने के लिए। जीवन की निरंतरता और विकास के लिए। भावी पीढ़ी की सुरक्षा और खुशहाली के लिए। मैं पर्यावरण हूं।**

राजनीति

# अब भी मोदी सबसे , बड़े एवं वर्चस्वी नेता हैं



ललित गर्ग

***अठाहरवीं*** लोकसभा चुनाव के नतीजे भले ही अपने अंदर कई संदेशों को समेटे हुए हैं, भले ही भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत नहीं मिला हो, भले ही इंडिया गठबंधन एक चुनौती के रूप में खड़ा हुआ हो, फिर भी तीसरी बार नरेन्द्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री बनते हुए नये भारत एवं सशक्त भारत को निर्मित करने के लिये वे पहले दो कार्यकाल से अधिक शक्ति, संकल्प एवं जिजीविषा के साथ आगे बढ़ रहे हैं। सीटों के लिहाज से भाजपा को भले ही नुकसान हुआ, लेकिन लगातार तीसरी बार वह सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। ओडिशा और तेलंगाना में पार्टी ने अपने शानदार प्रदर्शन से सबको चौंकाया है। ओडिशा में लोकसभा ही नहीं, विधानसभा में भी पार्टी ने बीजू जनता दल का 24 साल से चला आ रहा वर्चस्व तोड़ा। अरुणाचल प्रदेश की 60 सदस्यीय विधानसभा चुनाव में 54 प्रतिशत मत और 46 सीटों के प्रचंड बहुमत के बल पर भाजपा सरकार बनाने में सफल हुई है। वहीं, गुजरात, छतीसगढ़ और मध्य प्रदेश भाजपा के गढ़ बने हुए हैं, जबकि देश की राजनीति में अब भी मोदी सबसे बड़े एवं वर्चस्वी नेता है। वे अब भी अपने चौंकाने वाले एवं आश्चर्य में डालने वाले विलक्षण एवं अनूठे फैसलों से राष्ट्र को विकास की नई उड़ान देते रहेंगे। भाजपा को कम सीटें मिले कारणों की समीक्षा एवं मंथन करते हुए अपनी हार के कारणों को सहजता एवं उदारता से स्वीकारना चाहिए एवं जिन गलतियों के कारण कम सीटें मिली, उन्हें दूर करना चाहिए। इस बार के चुनाव को नियोजित एवं प्रभावी तरीके से सम्पन्न करने में चुनाव आयोग की भूमिका सराहनीय रही। भले ही इंडिया गठबंधन ने ई.वी.एम. और चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर प्रश्नचिन्ह लगाकर देश एवं लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को कलंकित किया था। लेकिन चुनाव परिणाम ने न केवल इस प्रकार के भ्रामक, गुमराह करने वाली बातों एवं मिथकों को तोड़ दिया, बल्कि इसने भारत के जीवंत, बहुलतावादी, पंथनिरपेक्षी और स्वस्थ लोकतांत्रिक छवि को पुनर्स्थापित किया है। प्रधानमंत्री मोदी का अंधविरोध करने वाला वाम-जिहादी-सम्प्रदायवादी राजनीतिक समूह अपने इस वाहियात प्रलाप एवं राष्ट्र-विरोधी षड़यंत्र में कोई कमी नहीं छोड़ी। बावजूद इसके इंडिया गठबंधन के घटक दलों के लिये चुनाव परिणाम अनेक अर्थों में संतोषजनक रहे हैं।


**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

**सीटों के लिहाज से भाजपा को भले ही नुकसान हुआ, लेकिन लगातार तीसरी बार वह सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। ओडिशा और तेलंगाना में पार्टी ने अपने शानदार प्रदर्शन से सबको चौंकाया है।**

## फेसबुक वॉल से

**Ganesh Reddy**
22 h ·

Exit Poll ! "Pole" is not connected to the ground !



74 · 13 comments 3 shares

Like Comment Send Share

**Rakesh Raman**
सटीक व्यंग्य।

## X - से

**Surya Pratap Singh IAS Rtd.** · 20m
मुस्लिम महिलायें 1 लाख माँग रही हैं, पहले वो दो, फिर बात करना।

लखनऊ और बंगलौर में कांग्रेस दफ़्तर के सामने लंबी-लंबी लाइन लगी है, गारंटी कार्ड भर कर लाई हैं।

भाई जी को ढूँढ रही हैं, झूठ क्यों बोला था?



58 · 42 · 106 · 3.7K

**Akhilesh Singh** @akhileshsi1 · 6h
कोई निर्दलीय पार्टी में शामिल होगा तो एंटी डिफेक्शन लॉ अप्लाई होगा। ये सपोर्ट कर सकते हैं। इनकी पार्टी होती और विलय होता तब मामला और होता।

**Narendra Nath Mishra** @ia... · 8h
कांग्रेस को लोकसभा में 99 सीट मिली। बहुत जल्द यह संख्या 100 होगी। एक निर्दलीय सांसद का पार्टी में शामिल होने की औपचारिकता निभानी है

2 · 1 · 20 · 369

**Jitendra pratap singh** @j... · 13h
लखनऊ में कांग्रेस दफ्तर के बाहर हजारों मुस्लिम महिलाओं की भीड़ इकट्ठी हो गई

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# इंडी गठबंधन : यह जीत नहीं हार है



सुरेश हिंदुस्तानी

***देश*** में हुए लोकसभा चुनाव के परिणाम आ चुके हैं। ये चुनाव परिणाम कई मायनों में महत्वपूर्ण सन्देश देने वाले कहे जा सकते हैं। इसमें पहली बात यह है कि भारतीय जनता पार्टी ने चार सौ पार का नारा दिया, उसने एक बार फिर से इंडिया शाइनिंग वाले 2004 के चुनाव की याद याद दिला दी। यह संतोष की बात कही जा सकती है कि राजग को सरकार बनाने लायक बहुमत प्राप्त हो गया है। इस चुनाव परिणाम को भाजपा के लिए एक बड़े सबक के रूप में देखा जा रहा है, जबकि अपने राजनीतिक अस्तित्व को बचाने के लिए पिछले दस वर्षों से संघर्ष करने वाले विपक्ष को कायाकल्प करने वाली संजीवनी मिलने के रूप में देखा जा रहा है। बावजूद इसके चुनाव नतीजों को इंडी गठबंधन के लिए हार ही कहा जाएगा। भाजपा वाले गठबंधन ने भले ही बहुमत का आंकड़ा प्राप्त कर लिया है लेकिन खुद भाजपा के नेता इसे जीत के रूप में प्रचारित करने का साहस नहीं जुटा पा रहे है। इसके विपरीत इंडी गठबंधन तो ताल ठोकते हुए इसे भाजपा की हार बता रहा है। यह सही है कि चुनाव में राष्ट्रीय जनतान्त्रिक गठबंधन को अपेक्षित सफलता नहीं मिली, लेकिन सरकार बनाने लायक सीट की संख्या उसके पास है। इसलिए इसमें कोई संदेह नहीं कि भाजपा के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार बनने जा रही है। इसलिए इस जीत को कई मायनों में ऐतिहासिक ही माना जाएगा। आज नरेन्द्र मोदी उस कतार में शामिल हो गए हैं, जो उन्हें औरों से अलग बनाते हैं। भाजपा को सबसे बड़ा झटका उत्तर प्रदेश ने दिया है। यहां दो लड़कों की जोड़ी ने भाजपा की उड़ान की गति को बहुत हद तक रोकने में सफलता प्राप्त की है। हम जानते हैं कि जिस प्रकार से समाचार चैनलों ने स्पष्ट रूप से भाजपा की बहुमत वाली सरकार बनाने का पूर्वानुमान दिखाया था, वह परिणाम से मेल रखने वाला नहीं रहा। देश के विपक्षी दलों ने यह आरोप लगाकर इस एग्जिट पोल को पूरी तरह से खारिज कर दिया। कांग्रेस की ओर से यह दावा भी किया गया था कि इंडी गठबंधन को 290 सीटें मिलेंगी और बहुमत की सरकार बनेगी। सबको यही लग रहा था कि कांग्रेस के दावे में दम नहीं है, लेकिन चुनाव के परिणाम ने यह जाहिर कर दिया कि उनके दावे में दम था। दावे में जो सीटों की संख्या बताई गई थी इंडी गठबंधन उस आंकडे से बहुत पीछे रह गया, लेकिन इंडी गठबंधन के कई उम्मीदवार बहुत कम अंतर से पराजित हुए हैं, इसे भी अप्रत्याशित बढ़त के रूप में ही देखा जा रहा है। इंडी गठबंधन के लिए सबसे ज्यादा सुकून देने वाली बात यह भाजपा गठबंधन 300 के पार भी नहीं जा सका। भाजपा के लिए चिंतन का मुद्दा यह है कि उसके मूल कार्यकर्ता इस चुनाव से दूर रहे। भाजपा नेतृत्व ने जितना भरोसा बाहर से आए नेताओं पर किया, उतना अपने पुराने कार्यकर्ताओं पर नहीं किया। बाहर से आए नेता केवल दिखावा करते रहे और भाजपा के पुराने कार्यकर्ताओं की अनदेखी की गई। जिसके कारण भाजपा का समर्थक मतदाता मतदान केंद्र तक पहुंच ही नहीं सका। यह भी भाजपा के लिए एक बड़ा अवरोधक बनता दिखाई दिया, जबकि इंडी गठबंधन के नेता यह योजना बनाकर मैदान में थे कि अधिक मतदान कराने का प्रयास किया जाए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

बोधि वृक्ष

# रांची : बोडेया में 356 साल पुराना कृष्ण मंदिर

***इस*** मंदिर की कई मान्यताएं हैं। ऐसी मान्यता है कि इस मंदिर के नवविवाहित जोड़ा प्रभु से आशीर्वाद लेने पहुंचते हैं। उसी दिन नवविवाहित वधू गर्भ ग्रह में प्रवेश करती है। इसके बाद कभी भी उन्हें गर्भगृह में प्रवेश की इजाजत नहीं होती है।

**जन्माष्टमी के अलावे कई मौकों पर होता है भव्य आयोजन :** इस मंदिर में जन्माष्टमी के मौके पर कई भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। जन्माष्टमी के दिन भारी संख्या में लोग भगवान की दर्शन करने आते है। साथ ही इस दिन भजन- कीर्तिन किया जाता है। जन्माष्टमी के अलावा रास पूर्णिमा के अवसर पर भी विशेष कार्यक्रम का आयोजन होता है। होली पर्व के दिन ही राधा कृष्ण को मंदिर से बाहर निकाल कर चंदन स्नान कराया जाता है। जिसके पश्चात लोग प्रभु के चरण पर अबीर गुलाल चढ़ाकर होली महोत्सव मनाते हैं।



**लक्ष्मी नारायण तिवारी ने 1665 में कराया था निर्माण :** बताया जाता है कि इस मंदिर के निर्माण के पीछे एक अद्भुत कहानी है।

(क्रमशः)

टेक वर्ल्ड

# स्कैमर्स के निशाने पर हैं बुजुर्ग!



- अगर फोन कॉल के जरिए कोई करीबी बनकर ग्रैंडपैरेंट से मदद मांगता है तो भी आपको सतर्क होने की जरूरत है।

-किसी भी तरह की आर्थिक मदद की मांग एक छलावा हो सकती है।

-ऐसी स्थिति में अक्सर स्कैमर्स बुजर्गों को स्थिति को भांपने का मौका नहीं देते हैं। मगर जरा सा ध्यान देने से बड़े स्कैम से बचा जा सकता है।

-अगर फोन पर कोई अनजान नंबर से कॉल आए, साथ ही फोन स्क्रीन पर किसी तरह का अलग कोड मिलें तो आपको सावधान होने की जरूरत है, ये एक तरह का स्कैम हो सकता है।

-इस तरह के स्कैम से बचने के लिए बुजुर्गों को किसी के साथ भी अपनी पर्सनल जानकारी जैसे बैंकिंग डिटेल को साझा नहीं करना चाहिए।

(समाप्त)

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# एनसीआर में दो दिन के लिए गर्मी से राहत

## 9 जून के बाद फिर से पारा होगा 45 डिग्री के पार

एजेंसी

**नोएडा।** एनसीआर में रहने वालों को भीषण गर्मी से फिलहाल दो दिनों के लिए राहत मिलती दिखाई दे रही है। बुधवार रात कई जगहों पर हुई हल्की बारिश और तेज हवाओं ने मौसम का रुख बदल दिया है। फिलहाल सुबह तेज धूप के बजाय लोगों को थोड़ी राहत मिली है। मौसम विभाग की मानें तो आने वाले 9 जून तक फिलहाल मौसम ऐसे ही बना रहेगा। आसमान में बादल छाए रहेंगे। तेज हवाओं के साथ हल्की बरसात हो सकती है, लेकिन 10 जून को फिर से भीषण गर्मी का सामना एनसीआर के लोगों को करना पड़ेगा। पारा 45 डिग्री के पार जा सकता है।

मौसम विभाग की मानें तो उसने अपनी वेबसाइट पर जो आंकड़े जारी किए हैं, उनके मुताबिक 6 जून को पारा 42 डिग्री के आसपास बना रहेगा और आसमान में बादल छाए रहेंगे। तेज हवाओं के साथ हल्की बरसात हो सकती है। 7 जून को पारा 43 डिग्री के आसपास रहेगा और आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे। 8 जून को पारा 43 डिग्री के आसपास रहेगा और गर्म हवाओं का चलना शुरू हो जाएगा। ठीक ऐसे ही 9 जून को भी पारा 1 डिग्री बढ़कर 44 के पास पहुंच जाएगा और गर्म हवाओं का चलना शुरू हो जाएगा। मौसम विभाग के मुताबिक, 10 जून से पारा 45 डिग्री के पार जाना शुरू हो जाएगा और आसमान में बादल छाने और तेज हवा या बारिश होने की संभावना नहीं है। माना जा रहा है कि उसके बाद एक बार फिर भीषण गर्मी का सामना एनसीआर के लोगों को करना पड़ सकता है। एनसीआर के लोगों को इस समय गर्मी और बिजली कटौती की दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा की कई हाई राइज सोसायटी में लोग बिजली न आने से परेशान होकर सड़कों पर उतरकर इसके खिलाफ प्रदर्शन भी कर रहे हैं। वहीं अगर दिल्ली की बात करें तो बीते कई सालों का रिकॉर्ड दिल्ली में टूट चुका है और बिजली की मांग 8000 मेगावाट की मांग को पार कर चुकी है।



### बढ़ती गर्मी में आग की घटनाओं को लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय सख्त

**राज्यों को निर्देशों का पालन करने की सलाह**

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के डीजीएचएस डॉ. अतुल गोयल ने देश भर में हीट वेव की स्थिति, आग और विद्युत सुरक्षा उपायों की तैयारियों का आकलन करने के लिए राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के साथ गुरुवार को ऑनलाइन बैठक की। इसमें केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने गर्मी के मौसम में अस्पतालों में आग को रोकने के उपायों और हीटवेव तैयारियों की समीक्षा की। बढ़ती गर्मी में आग लगने की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को सख्त कदम उठाने के निर्देश जारी किए। वहीं, रूम, ओआरएस कॉर्नर सुनिश्चित करने और आईएचआईपी के माध्यम से निगरानी को मजबूत करने के लिए लगातार समीक्षा करने का आग्रह किया गया।

# मुंबई के पवई में अवैध झुग्गियों को खाली कराने गई टीम पर पथराव

## पांच पुलिसकर्मी घायल



**मुंबई।** मुंबई के पवई में हीरानंदानी से सटे जय भीम नगर झुग्गी बस्ती में अवैध कब्जे वाली झोपड़ियों को खाली कराने गए पुलिसकर्मियों पर पथराव हुई है। नगर पालिका और पुलिस की टीम जैसे ही झुग्गियों को खाली कराने पहुंची बस्ती के लोगों ने उन पर पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। पथराव की इस घटना में पांच पुलिसकर्मियों के घायल होने की खबर सामने आ रही है। बस्ती में पवई जय भीम नगर स्लम बचाओ आंदोलन तेज हो गया है।

# आज का राशिफल

**मेष**
दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ।

**वृषभ**
संतोष से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

**मिथुन**
मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**कर्क**
स्वास्थ्य में ताजगी बनने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

**सिंह**
सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**कन्या**
अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**तुला**
महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रूकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। वैचारिक उत्तेजना पर नियंत्रण रखें।

**वृश्चिक**
परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। अच्छे समय का इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। नैतिक दायरे में रहें।

**धनु**
सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ।

**मकर**
अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा।

**कुम्भ**
कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे।

**मीन**
पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें।

# खाली पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया तेज करें : योगी

एजेंसी

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव समाप्त होने के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को शासन स्तर के सभी अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि खाली पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया तेज करें, जहां खाली पद हैं, आयोगों को भेजें। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव गण अपने विभाग के शीर्ष अधिकारी हैं। विभाग से जुड़ी हर एक व्यवस्था, हर एक परियोजना, प्रत्येक प्रकरण के लिए आपकी जवाबदेही है। समयबद्धता, गुणवत्ता सुनिश्चित करना आपकी जिम्मेदारी है। विभागीय मंत्रीगणों के



साथ बेहतर संवाद-समन्वय बनाये रखें। जनहित के प्रकरणों को अनावश्यक लंबित न रखें।

उन्होंने कहा कि जिस विभाग में खाली पद हैं, वहां से तत्काल चयन आयोगों को सूचना भेजा जाए। नियुक्ति प्रक्रिया में सरलता के लिए ई-अधियाचन की व्यवस्था लागू की गई है, उसका उपयोग करें। नियुक्ति के लिए अधियाचन भेजने से पूर्व नियमावली का सूक्ष्मता से परीक्षण कर लिया जाए। चयन आयोगों से संपर्क बनाएं, त्रुटिपूर्ण अधियाचन न भेजें। चयन प्रक्रिया की समय-सीमा तय करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही समाप्त होने वाली है। सभी विभागों द्वारा वर्तमान बजट में प्राविधान की गई धनराशि का यथोचित खर्च किया जाना सुनिश्चित किया जाए। समय से आवंटन और समय से खर्च होना चाहिए। वित्त विभाग द्वारा इसकी विभागवार समीक्षा की जाए।

उन्होंने कहा कि जीएसटी संग्रह के प्रयासों को तेज करने की जरूरत है। फील्ड में तैनात अधिकारियों को टारगेट दें। इनके परफॉर्मेंस को ही इनकी पदोन्नति, पदस्थापना का आधार बनाया जाना चाहिए। तकनीक का प्रयोग बढ़ाएं। कर चोरी किसी भी दशा में न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि तेज गर्मी/लू का मौसम चल रहा है। ऐसे में पूरे प्रदेश में गांव हो या शहर, कहीं भी अनावश्यक बिजली कटौती नहीं होनी चाहिए। बिजली तभी कटे, जब बहुत जरूरी हो। ट्रांसफार्मर जलने/तार गिरने, ट्रिपिंग जैसी समस्याओं का बिना विलंब निस्तारण किया जाए।

योगी ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध को कड़ाई से लागू करें। सेफ सिटी परियोजना से जुड़े कार्यों को समय से पूरा कराएं। नगरों में कहीं भी पेयजल का संकट न होने पाए। स्ट्रीट डॉग की समस्या का स्थायी समाधान तलाशें।

**सुप्रीम कोर्ट का आदेश : दिल्ली को मिलेगी राहत**

# हिप्र देगा 137 क्यूसेक पानी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जारी अभूतपूर्व गर्मी और पानी की किल्लत के बीच सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के निवासियों के लिए राहत भरी खबर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि हिमाचल प्रदेश दिल्ली को 137 क्यूसेक पानी उपलब्ध कराएगा। साथ ही, हरियाणा को निर्देशित किया गया है कि वह इस पानी को बिना किसी रोक-टोक के दिल्ली के वजीराबाद तक पहुंचने का रास्ता दे। हालांकि, हरियाणा सरकार ने इस पर आपत्ति जताई थी। उसका कहना था कि हिमाचल प्रदेश द्वारा छोड़ा गया पानी दिल्ली तक पहुंचाने की कोई व्यवस्था नहीं है और यह संभव नहीं है कि छोड़े गए पानी को हरियाणा और दिल्ली के लिए अलग-अलग किया जा सके। सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा की दलीलों को खारिज करते हुए कहा कि जब हिमाचल प्रदेश दिल्ली को पानी दे रहा है, तो



हरियाणा को इसमें क्या दिक्कत है। अदालत ने स्पष्ट किया कि इस मुद्दे पर राजनीति बंद की जाए और दिल्ली में पानी के गंभीर संकट को दूर करने पर ध्यान दिया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि हिमाचल प्रदेश शुक्रवार से दिल्ली के लिए 137 क्यूसेक पानी छोड़ना शुरू करेगा। अदालत सोमवार को इस मामले की फिर से सुनवाई करेगी और स्थिति का जायजा लेगी। इस फैसले से दिल्ली वासियों को बड़ी राहत मिली है और उम्मीद है कि आने वाले दिनों में पानी की किल्लत में सुधार होगा।

**केरल में वाम दलों के प्रदर्शन पर सीपीआई ने कहा**

# नेतृत्व में बदलाव का समय आ गया है



एजेंसी

**तिरुवनंतपुरम।** भाकपा नेता सी. दिवाकरन ने लोकसभा चुनाव में पिनाराई विजयन के नेतृत्व वाले वाम मोर्चे की हार के बाद कहा है कि अब नेतृत्व में बदलाव का समय आ गया है। केरल में 20 लोकसभा सीटों में से वामपंथी दल केवल एक ही सीट जीत पाई। वहीं माकपा ने जिन चार सीटों पर चुनाव लड़ा था, उनमें से उनके हाथ कुछ भी नहीं लगा। किसी का नाम लिए बगैर पूर्व राज्य मंत्री और दो बार विधायक रह चुके दिवाकरन ने कहा कि बदलाव होना चाहिए और वामपंथी इस तरह आगे नहीं बढ़ सकते। दिवाकरन ने कहा, बदलाव बड़े पैमाने पर होने चाहिए, साथ ही युवाओं के लिए रास्ता साफ होना चाहिए।" 2019 के लोकसभा चुनावों में दिवाकरन कांग्रेस के शशि थरूर के खिलाफ मैदान में उतरे थे और 99,000 से ज्यादा वोटों से हार गए थे। उन्हें तब जितने वोट मिले, वे 2024 के चुनाव में उनके पार्टी सहयोगी पनियन रवींद्रन को मिले वोटों से ज्यादा थे। दिवाकरन के वार के बाद, केरल में वाम सहयोगी वरिष्ठ नेता वर्गीस जॉर्ज ने कहा कि वाम लोकतांत्रिक मोर्चा द्वारा आत्मनिरीक्षण का समय आ गया है। जॉर्ज ने कहा, वाम दलों के वोट शेयर में करीब 10 प्रतिशत की गिरावट आई है और यह एक बड़ा मुद्दा है और इस पर गंभीर चर्चा होनी चाहिए।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कार्ति चिदंबरम को मिली जमानत



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने गुरुवार को कांग्रेस नेता कार्ति चिदंबरम को कथित चीनी वीजा घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत दे दी। कार्ति चिदंबरम राउज एवेन्यू कोर्ट की जज कावेरी बावेजा के समक्ष पेश हुए। अदालत ने इससे पहले मामले में चिदंबरम और उनके पूर्व चार्टर्ड अकाउंटेंट एस. भास्कररमन के खिलाफ ईडी के आरोपपत्र पर संज्ञान लिया था। जज ने उन्हें एक लाख रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि पर जमानत दी। अप्रैल में अदालत ने इसी मामले में तीन आरोपियों को अंतरिम जमानत दी थी। इस मामले में चिदंबरम के अलावा एडवांटेज स्ट्रैटेजिक कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड, तलवंडी साबो पावर लिमिटेड और अन्य को आरोपी बनाया गया है।

# बिहार विधान परिषद के बदलेंगे सभापति कई विधानसभा क्षेत्रों में उप चुनाव तय

एजेंसी

**पटना।** लोकसभा चुनाव के परिणाम के बाद बिहार विधान परिषद के सभापति का बदलना तय माना जा रहा है। इसके अलावा कई विधायकों और दो राज्यसभा सांसदों के लोकसभा चुनाव जीतने के बाद इन सीटों पर उपचुनाव होने की भी पूरी संभावना है। दरअसल, विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर सीतामढ़ी लोकसभा क्षेत्र से चुनाव जीत गए हैं। वह तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से 2020 में विधान पार्षद बने थे। इसके बाद वह विधान परिषद के सभापति बन गए। अब इनके लोकसभा सदस्य निर्वाचित होने के बाद विधान परिषद को जहां नया सभापति मिलना तय है, वहीं तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में उप चुनाव की संभावना भी बढ़ गई है। इस बार दो राज्यसभा सदस्य भी लोकसभा चुनाव जीत गए हैं। राज्यसभा



सदस्य मीसा भारती पाटलिपुत्र से चुनाव जीत गई हैं, जबकि राज्यसभा सदस्य विवेक ठाकुर ने नवादा से परचम लहराया है। उनके इस्तीफा देने की स्थिति में राज्यसभा की सीट खाली हो जाएगी। रिक्त हुई सीटों पर भी उप चुनाव तय माना जा रहा है। राज्यसभा में मीसा भारती का कार्यकाल 2028 तक है जबकि भाजपा के विवेक ठाकुर का दो साल का कार्यकाल शेष है। इसी तरह, कई विधायकों के इस चुनाव में लोकसभा जाने का भी सपना पूरा हो गया। रामगढ़ के राजद विधायक सुधाकर सिंह बक्सर से लोकसभा का चुनाव जीते हैं जबकि बेलागंज के राजद विधायक सुरेन्द्र प्रसाद यादव ने जहानाबाद से लोकसभा चुनाव जीतकर निचले सदन में पहुंचने की अपनी हसरत पूरी की है। इधर, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक और पूर्व उपमुख्यमंत्री जीतन राम मांझी भी गया लोकसभा क्षेत्र से चुनाव जीत गए हैं। वह फिलहाल इमामगंज के विधायक हैं। इसी तरह तरारी के विधायक सुदामा प्रसाद आरा से लोकसभा का चुनाव जीत चुके हैं। ऐसे में तय है कि रामगढ़, बेलागंज, इमामगंज और तरारी में उप चुनाव होगा। बिहार में अगले साल विधानसभा चुनाव होना है।

**बंगाल राशन घोटाला मामला**

## अभिनेत्री रितुपर्णा सेनगुप्ता को ईडी ने फिर भेजा समन

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल में राशन



घोटाला मामले में पूछताछ के लिए लोकप्रिय अभिनेत्री रितुपर्णा सेनगुप्ता को एक नया समन भेजा है। नए समन में सेनगुप्ता को अगले हफ्ते कोलकाता के साल्ट लेक स्थित ईडी दफ्तर में आने को कहा गया है। उन्हें बुधवार को ईडी की पूछताछ में उपस्थित होना था। लेकिन इसके बदले उन्होंने केंद्रीय एजेंसी को एक लेटर भेजा जिसमें उन्होंने कहा कि वो देश से बाहर हैं, इसलिए व्यक्तिगत रूप से पेश नहीं हो सकते।

**आपरेशन ब्लू स्टार** / **40वीं बरसी पर अकाल तख्त का संदेश**

# सिखों को राजनीतिक रुप से होना होगा मजबूत

एजेंसी

**चंडीगढ़।** आपरेशन ब्लू स्टार की 40वीं बरसी पर गुरुवार को अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघुबीर सिंह ने कौम के नाम संदेश जारी किया। इसमें कहा गया है कि सिखों के मामलों पर दिल्ली की तरफ हाथ फैलाने की बजाए, धर्म को लेकर चलने वाली राजनीति को दोबारा खड़ा किया जाए। कौम खुद को राजनीतिक रूप से मजबूत करे। इस अवसर पर आयोजित शहीदी समागम में सांसद सरबजीत सिंह खालसा, पूर्व सांसद सिमरनजीत सिंह मान, संत बलजीत सिंह दादूवाल, मुतवाजी जत्थेदार ध्यान सिंह मंड, भाई जरनैल सिंह सखीरा, अमरबीर सिंह ढोट आदि




### इंदिरा गांधी के हत्यारे का सांसद बेटा सम्मानित

पंजाब में आपरेशन ब्लू स्टार की बरसी पर गुरुवार को अमृतसर में हालात तनावपूर्ण हैं। कई गरमपंथी सिख संगठनों ने अमृतसर बंद का ऐलान किया है। इस बीच दरबार साहिब परिसर में अखंड पाठ साहिब के भोग डाले गए। हेड ग्रंथी ने अरदास करवाई। पंजाब में आपरेशन ब्लू स्टार की बरसी पर इंदिरा गांधी के हत्यारे के सांसद पुत्र को सम्मानित किया गया। इन कार्यक्रमों के बीच खडूर साहिब से सांसद कट्टरपंथी अमृतपाल सिंह की मां बलविंदर कौर और फरीदकोट से सांसद चुने गए सरबजीत सिंह खालसा दरबार साहिब पहुंचे। बड़ी संख्या में मौजूद नौजवानों ने भिंडरावाले के पोस्टर और तलवारें लहराते हुए उनका स्वागत किया। यहां करीब एक घंटे तक खालिस्तानी समर्थकों ने नारे लगाते हुए खालिस्तान की मांग की।

मौजूद रहे।

संदेश में कहा गया है कि अगस्त 1982 में सिखों को धर्म युद्ध मोर्चा के लिए मजबूर होना पड़ा। इसको कुचलने के लिए देश में आपातकाल के समय अकाली दल की तरफ से किए गए विरोध का बदला सिख कौम से लेने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 1984 में 1 से 6 जून तक हरिमंदिर साहिब दरबार साहिब में भारतीय सेना की मदद से हमला करवाया। निहत्थे सिखों को निशाना बनाया गया। अकाल तख्त साहिब को खंडित किया गया। दमदमी टकसाल के 14वें मुखी जरनैल सिंह भिंडरावाला के नेतृत्व फौज का मुकाबला करते हुए शहादत पाई। यह सैन्य हमला सिख कौम के लिए तीसरा घल्लूघारा था। संदेश में आरोप लगाया गया है कि कौम के इंसाफ के लिए लड़ने वाले बंदी सिखों को दशकों पहले सजाएं पूरी होने के बावजूद जेलों से रिहा नहीं किया जा रहा है।

# मध्य प्रदेश से मोदी की टीम के लिए कई दावेदार



एजेंसी

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव संपन्न हो चुके हैं और एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की बहुमत वाली सरकार बननी तय दिख रही है। मोदी की संभावित टीम में मध्य प्रदेश के किन नेताओं को जगह मिलेगी, इस पर कयासबाजी जोरों पर है क्योंकि दावेदारों की सूची बहुत लंबी है। राज्य की जनता ने लोकसभा चुनाव में भाजपा का पूरा साथ दिया। यही कारण है कि सभी 29 सीटों पर पार्टी के उम्मीदवारों को जीत मिली है। इस बार सांसद बनने वालों में करीब आधा दर्जन ऐसे नेता हैं जो मंत्री पद का दावा ठोकते नजर आ रहे हैं। सबसे बड़ा दावा पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का बनता है। वह छठी बार सांसद बने हैं। इससे पहले तीन बार राज्य के मुख्यमंत्री भी रह चुके हैं। संगठन में भी वह बड़ी जिम्मेदारी का निर्वहन कर चुके हैं। दूसरे बड़े दावेदार गुना से सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया हैं। वह भाजपा से पहली बार लोकसभा के सांसद निर्वाचित हुए हैं। वैसे लोकसभा उम्मीदवार के तौर पर यह उनकी पांचवीं जीत है। वर्ष 2019 में वह कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर चुनाव हार गये थे।

## एक नजर

### पाकिस्तान की शिकायत के बाद आईसीसी ने उठाया कदम



**इस्लामाबाद।** आईसीसी ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की शिकायत के बाद पाकिस्तान टीम का न्यूयॉर्क में होटल बदल दिया है। पीसीबी ने शिकायत की थी कि टी20 विश्व कप के दौरान होटल से स्टेडियम जाने में 90 मिनट का समय लगता है। पीसीबी के एक सूत्र ने बताया कि अध्यक्ष मोहसिन नकवी के दखल के बाद पाकिस्तान टीम को दूसरे होटल में भेज दिया गया जो मैदान से सिर्फ पांच मिनट की दूरी पर है। पाकिस्तान को रविवार को न्यूयॉर्क में भारत से खेलना है और 11 जून को कनाडा से सामना होगा। भारतीय टीम को तीन ग्रुप मैच न्यूयॉर्क में खेलने हैं और उसका टीम होटल मैदान से दस मिनट की दूरी पर है। भारत ने आयरलैंड के खिलाफ पहला मैच जीत लिया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले मैच में 77 रन पर आउट हुई श्रीलंकाई टीम होटल से स्टेडियम की दूरी को लेकर पहले ही चिंता जता चुकी है।

### युगांडा ने पापुआ न्यू गिनी को 3 विकेट से हराया

**प्रॉविडेंस ।** गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद रियाजत अली शाह (33) रनों की धैर्यपूर्ण पारी के दम पर युगांडा ने टी-20 विश्वकप के नौवें मुकाबले में पापुआ न्यू गिनी को तीन विकेट से हराकर टूनार्मेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की है। गुयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में युगांडा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। युगांडा के गेंदबाजों ने कप्तान ब्रायन मसाबा के फैसले को सही साबित करते हुए पापुआ न्यू गिनी के किसी भी बल्लेबाज को टिकने नहीं दिया। पापुआ न्यू गिनी के बल्लेबाज एक के बाद एक लगातार अंतराल पर पवेलियन लौट गए। कप्तान असद वाला (एक), टोनी ऊरा (शून्य), सेसे बाऊ (5), लेगा सियाका (12), हिरी हिरी (15), चार्ल्स अमिनी (5), किप्लिन डोरिगा (12), चैड सोपर (4), नॉर्मन वानुआ (5) आलेई नाओ (5) रन बनाकर आउट हुए।

# रोहित शर्मा असमान उछाल वाली ड्रॉप इन पिच से हैरान



**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा नासाउ काउंटी मैदान की असमान उछाल वाली ड्रॉप इन' पिच से ज्यादा खुश नजर नहीं आए लेकिन तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को खुशी है कि पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को होने वाले टी20 विश्व कप के अहम मुकाबले से पहले पिच तेज गेंदबाजों की मदद कर रही है। आयरलैंड के खिलाफ पहले मैच में रोहित ने 37 गेंद में 52 रन बनाए लेकिन गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज जोश लिटिल की शॉर्टपिच गेंद पर पूल शॉट खेलने के प्रयास में वह चूके और गेंद उनकी दाहिनी बाजू के ऊपरी हिस्से में जा लगी। उन्हें मैदान छोड़कर भी जाना पड़ा। चोट के बारे में उन्होंने कहा, यह मामूली सा घाव है। मैने टॉस के समय भी कहा था कि पता नहीं ये पिच कैसी होगी।' उन्होंने कहा, ह्यनया मैदान, नया वेन्यू और हम देखना चाहते थे कि यहां खेलकर कैसा लगता है। मुझे लगता है कि पिच अभी जमी नहीं है और गेंदबाजों की काफी मदद कर रही थी। ऐसे में अपने बेसिक्स पर डटे रहना और टेस्ट मैच गेंदबाजी को याद रखना जरूरी था।' वहीं तीन ओवर में छह रन देकर दो विकेट लेने वाले बुमराह ने कहा, इससे गेंदबाजों को मदद मिल रही है तो मुझे कोई शिकायत नहीं है। इस प्रारूप में हालात के अनुरूप ढलना पड़ता है।' उन्होंने कहा, ह्यअपनी रणनीति पर डटे रहने से मुझे मदद मिली। इन हालात में तैयारी पुख्ता रखनी जरूरी होती है और मैं प्रदर्शन से खुश हूं।' भारत के लिए अर्शदीप सिंह ने चार ओवर में 35 रन देकर दो विकेट लिए जबकि हार्दिक पांड्या ने 27 रन देकर तीन विकेट चटकाए।

# लय हासिल करना महत्वपूर्ण : हार्दिक पंड्या



**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने कहा कि जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाले गेंदबाजी आक्रमण में काफी अनुभव और ईमानदारी है तथा उन्हें विश्वास है कि टी20 विश्व कप 2024 में वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। भारत ने बुधवार को आयरलैंड को 8 विकेट से हराकर विश्व कप में अपने अभियान का शानदार आगाज किया। हार्दिक ने कहा कि हमें आज बताया गया कि हमारी टीम के पास कुल 892 टी20 मैच खेलने का अनुभव है जो बहुत अधिक है। उन्होंने कहा कि इस तरह से हमारे पास काफी अनुभव है विशेष कर गेंदबाजी में जिसमें हमारे पास जसप्रीत बुमराह जैसा गेंदबाज है जो अभी नंबर एक गेंदबाज है। हमारे पास मोहम्मद सिराज है जिसने हाल के बरसों में शानदार प्रदर्शन किया है।

हार्दिक ने कहा कि हमारे पास अर्शदीप सिंह है जो पिछले दो विश्व कप में खेल चुका है और उसने शानदार प्रदर्शन किया है तथा उनके खेल में लगातार सुधार होता जा रहा है। इस ऑलराउंडर ने कहा कि हमारे गेंदबाजी कोर ग्रुप में काफी अनुभव और काफी ईमानदारी है। हमें आज (बुधवार) विकेट से भी काफी मदद मिली। हार्दिक ने कहा कि टीम टूनार्मेंट की सकारात्मक शुरूआत करके काफी खुश है। उन्होंने कहा कि हमने जिस तरह से शुरूआत की है उससे हम बहुत खुश हैं। लय हासिल करना बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि एक बार टूनार्मेंट शुरू होने के बाद यह आगे बनी रहती है। हार्दिक ने कहा कि जब आप कड़ी मेहनत करते हैं और आपको उसके कारण सफलता मिलती है तो बहुत अच्छा लगता है।


इसके अलावा यहां खेलना भी काफी रोमांचक है। मैच के बाद टीम के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा कि हार्दिक मैच में चार ओवर करने के लिए तैयार था तथा लगातार चोटों से परेशान रहे इस 30 वर्षीय ऑलराउंडर ने कहा कि वह अपने काम पर ध्यान दे रहे हैं। हार्दिक ने कहा कि जो लोग कड़ी मेहनत करते हैं उनके लिए सब कुछ अनुकूल हो जाता है। खुद पर भरोसा रखना और अपनी क्षमता की पहचान करना महत्वपूर्ण है क्योंकि आप जानते हैं कि 30 वर्ष के हार्दिक का काम 60 वर्ष के हार्दिक से कहीं ज्यादा आसान है।

# इंडिया ने आयरलैंड को आठ विकेट से हराया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

टीम इंडिया ने न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में टी20 विश्व कप 2024 के तहत अपने पहले ही मुकाबले में आयरलैंड को 8 विकेट से हरा दिया। भारतीय टीम ने पहले गेंदबाजी चुनी थी। भारतीय गेंदबाज शानदार रहे। अर्शदीप-बुमराह ने जहां 2-2 विकेट निकाले तो भारतीय उपकप्तान हार्दिक पांड्या ने 27 रन देकर तीन विकेट लिए। मोहम्मद सिराज और अक्षर पटेल भी 1-1 विकेट लेने में सफल रहे। इस तरह आयरलैंड की टीम 96 रन पर ही सिमट गई। जवाब में खेलने उतरी टीम इंडिया ने भले ही विराट कोहली का विकेट जल्दी गंवा लिया लेकिन रोहित शर्मा (52) और ऋषभ पंत (36) क्रीज पर जम गए और टीम को जीत की दहलीज तक ले गए।

# डेविड वार्नर टी 20 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने



**ब्रिजटाउन (बारबाडोस)।** सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर पूर्व कप्तान आरोन फिंच को पीछे छोड़कर टी20 में ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। अपना आखिरी टी20 विश्व कप खेल रहे वार्नर ने गुरुवार को केंसिंग्टन ओवल में ओमान के खिलाफ अपने पहले मैच में (आईएसटी के अनुसार) यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने 51 गेंदों पर छह चौकों और एक छक्के की मदद से 56 रनों की पारी खेली और अपने पूर्व बल्लेबाजी साथी से आगे निकल गए। ऑस्ट्रेलिया के लिए 104 मैचों में वार्नर ने 33.92 की औसत से 3,155 रन बनाए हैं। उन्होंने टी20 में अब तक 27 अर्धशतक और एक शतक भी लगाया है। दूसरी ओर फिंच ने 103 मैचों में 19 अर्द्धशतक और दो शतकों की मदद से 3120 रन बनाए हैं। ओमान के खिलाफ अपनी शानदार पारी में उन्होंने मार्कस स्टोइनिस के साथ 102 रनों की साझेदारी भी की जिन्होंने 36 गेंदों पर छह छक्कों और दो चौकों की मदद से 67* रनों की तेज पारी खेली और टीम को 20 ओवरों में 164/5 तक पहुंचाया। स्टोइनिस के क्रीज पर आने से पहले ऑस्ट्रेलिया लगातार गेंदों पर कप्तान मिशेल मार्श (14) और ग्लेन मैक्सवेल (0) के विकेट गंवाने के बाद 8.3 ओवरों में 50/3 रन बनाकर जूझ रहा था।

### सिराज ने जीता 'फील्डर ऑफ द मैच' का मैडल



**न्यूयॉर्क।** आयरलैंड के खिलाफ न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में टी20 विश्व कप के पहले मैच में जीत दर्ज करने के बाद भारत के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को 'फील्डर ऑफ द मैच' का पदक मिला। भारत ने टी20 विश्व कप अभियान की शुरूआत करते हुए आयरलैंड को 8 विकेट से हराया। हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह ने आयरलैंड के बल्लेबाजी क्रम को तहस-नहस कर दिया, जिसके कारण सिराज को अपने पूरे चार ओवर गेंदबाजी करने की जरूरत नहीं पड़ी। हार्दिक ने तीन विकेट लिए जबकि बुमराह ने अपने तीन ओवर के प्रदर्शन के दौरान दो विकेट लिए।भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को एक वीडियो में विजेता की घोषणा करने के लिए एक्स का सहारा लिया। वीडियो में युवा भारतीय प्रशंसक को मेन इन ब्लू खिलाड़ियों से मिलते हुए देखा गया और उन्होंने सिराज को 'फील्डर ऑफ द मैच' का पदक दिया जिसे सिराज ने बहुत ही प्यारे अंदाज में समर्थक के साथ गले लगाकर स्वीकार किया।

# एंड्रीवा 27 वर्षों में सबसे युवा ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनलिस्ट बनीं

**एजेंसी। पेरिस**

युवा प्रतिभाशाली खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा ने ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन आर्यना सबालेंका को बुधवार को अपसेट करते हुए फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर इतिहास रच दिया। वह पिछले लगभग तीन दशक में 17 साल की उम्र में सबसे युवा ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनलिस्ट बन गयीं।

एंड्रीवा ने क्वार्टरफाइनल में पहला सेट हारने के बाद शानदार वापसी करते हुए 6-7(5), 6-4, 6-4 से जीत हासिल की। उनका सेमीफाइनल में इटली की जैस्मिन पाओलिनी से मुकाबला होगा जो पहली बार ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में पहुंची हैं।

एंड्रीवा ने दो घंटे 29 मिनट तक चले मुकाबले में सबालेंका के पूरी तरह फिट नहीं होने का फायदा उठाया। सबालेंका ने पहले सेट में मेडिकल टाइमआउट लिया और मैच में बाद में भी उन्हें इसकी जरूरत पड़ी।

एंड्रीवा ने अंततः तीन करियर भिड़ंत में पहली बार विश्व नंबर 2 सबालेंका को हराया। एंड्रीवा पूर्व नंबर 1 मार्टिना हिंगिस के बाद ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की महिला हैं, जो 1997 में रौलां गैरो और यूएस ओपन दोनों के सेमीफाइनल में पहुंचने पर 16 साल की थीं।

इस साल एंड्रीवा का सामना करने से पहले सबालेंका ने किसी ग्रैंड स्लैम मैच में एक भी सेट नहीं हारा था। वह 11 मैचों में 22 सेटों में से केवल दो में चार से अधिक गेम हारी थीं।

लेकिन 1999 में विंबलडन के पहले दौर में 16 वर्षीय जेलेना डॉकिक के हिंगिस को हराने के बाद किसी ग्रैंड स्लैम इवेंट में विश्व नंबर 1 या नंबर 2 को हराने वाली एंड्रीवा सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गईं। एंड्रीवा 16 साल की मोनिका सेलेस के पेरिस के 1990 के फाइनल में स्टेफनी ग्राफ को हराने के बाद फ्रेंच ओपन में ऐसा करने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गयी हैं।

सबालेंका ने पहले सेट के दूसरे गेम में एंड्रीवा की सर्विस तोड़कर शुरूआत की, लेकिन किशोरी ने तुरंत सर्विस तोड़कर स्कोर 1-2 कर दिया। हालाँकि, सबालेंका ने तीसरे गेम में दूसरी बार सर्विस ब्रेक कर-के स्कोर 3-1 कर दिया, लेकिन एंड्रीवा ने फिर से वापसी करते हुए स्कोर 2-3 कर दिया। उन्होंने अपनी सर्विस बरकरार रखते हुए स्कोर 3-3 कर लिया। हालाँकि, सबालेंका ने लगातार तीन विनर लगाते हुए टाई-ब्रेकर 7-5 से जीत लिया।

दूसरे सेट में, दोनों खिलाड़ियों ने फिर से कुछ मौकों पर ब्रेक का आदान-प्रदान किया।



एंड्रीवा ने क्वार्टरफाइनल में पहला सेट हारने के बाद की शानदार वापसी

# स्टॉयनिस का हरफनमौला प्रदर्शन ऑस्ट्रेलिया ने ओमान को 39 रन से हराया

**एजेंसी। ब्रिजटाउन**

डेविड वॉर्नर (56), मार्कर्स स्टॉयनिस नाबाद (67) और उसके बाद 19 रन पर तीन विकेट के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने टी-20 विश्वकप के दसवें मुकाबले में ओमान को 39 रनों से हरा दिया है। 165 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ओमान की शुरूआत बेहद खराब रही। एक समय उसने 57 के स्कोर तक अपने छह विकेट गवां दिए थे और ऐसा लग रहा था कि ओमान की टीम जल्द ही सिमट जाएगी। ऐसे समय में अयान खान और मेहरान ओमान ने पारी को संभालने का प्रयास किया। अयान खान ने सर्वाधिक 36 रन बनाए। इसके बाद मेहरान खान ने 27 रनों की संघर्षपूर्ण पारी खोली। कप्तान आकिब इल्यास (18) और शकील अहमद (11) रन बनाकर आउट हुए। टीम के सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। ओमान की टीम 20 ओवर में 9 विकेट 125 रन बना सकी और 39 रनों से मुकाबला हार गई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मार्कर्स स्टोइनिस ने तीन ओवर में 19 रन देकर तीन विकेट लिए। मिचेल स्टार्क, नेथन एलिस और ऐडम जम्पा ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया। इससे पहले बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में ओमान ने बुधवार को टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में ट्रैविस हेड (12) का विकेट गवां दिया। ट्रेविस को बिलाल खान ने खालिद केल के हाथों कैच आउट कराया।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# पहली तिमाही में 506 करोड़ लाभ के लक्ष्य के करीब पहुंची यमुना अथॉरिटी




**एजेंसी। ग्रेटर नोएडा**

इस समय यमुना अथॉरिटी उत्तर प्रदेश सरकार के लिए राजस्व में नंबर वन बनी हुई है। यमुना प्राधिकरण लगातार नई-नई योजनाओं को लॉन्च कर धरातल पर ला रहा है, जिससे करोड़ों रुपए का निवेश प्राप्त हो रहा है। इसी कड़ी में अप्रैल, मई और जून की पहली तिमाही में अथॉरिटी अपने लाभ के लक्ष्य 506 करोड़ के करीब पहुंच चुकी है। अभी तक अथॉरिटी को करीब 338 करोड़ की प्राप्तियां हुई हैं। यमुना अथॉरिटी का दावा है कि वह 30 जून से पहले 100 नहीं, बल्कि 120 प्रतिशत का टारगेट पूरा कर लेगी। अथॉरिटी के सीईओ डॉ. अरुण वीर सिंह के मुताबिक, जल्द ही वह लेफ्टओवर प्लॉट्स लॉन्च करने की योजना लेकर आ रहे हैं। इसके बाद वह कारपोरेट, नर्सिंग होम और बैंक्वेट हॉल की भी एक बड़ी योजना लेकर आएंगे। करीब 6,000 प्लॉट्स की नई योजना भी लॉन्च की जाएगी। लेफ्टओवर प्लॉट में 600 प्लॉट की योजना कुछ दिनों में आने वाली है और इसके बाद 6,000 प्लॉट, जिनमें 300 मीटर से लेकर 4,000 मीटर तक के प्लॉट होंगे, वह योजना 15 जून तक लोगों के लिए लॉन्च की जाएगी। इसके साथ-साथ मेडिकल डिवाइस पार्क के लिए 35 भूखंड, जो 4,000 स्क्वायर मीटर के होंगे, की योजना भी लॉन्च की जाएगी। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश सरकार ग्रेटर नोएडा के यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में मेडिकल डिवाइस पार्क का निर्माण कर रही है।

# एप्पल को पछाड़कर एनवीडिया बनी दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी




**एजेंसी। मुंबई**

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) चिप बनाने वाली कंपनी एनवीडिया का मार्केट कैप 3 ट्रिलियन डॉलर को पार कर गया है। इस कारण एप्पल को पछाड़कर एनवीडिया दुनिया की दूसरी सबसे वैल्यूएबल कंपनी बन गई है।

आखिरी कारोबारी सत्र में एनवीडिया के शेयर में 5.16 प्रतिशत की तेजी आई और कंपनी का मार्केट कैप 3.01 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गया। एप्पल के शेयर में 0.78 प्रतिशत की बढ़त हुई है और उसका मार्केट कैप 3 ट्रिलियन डॉलर पर है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) चिप की मांग बढ़ने के कारण एनवीडिया के शेयर में लगातार तेजी बनी हुई है। पिछले एक साल में यह 200 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न दे चुका है।

सॉफ्टवेयर दिग्गज माइक्रोसॉफ्ट 3.15 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैप के साथ दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी है। यह पहला मौका नहीं है, जब एनवीडिया की मार्केट कैप एप्पल से ज्यादा है।

इससे पहले 2002 में भी ऐसा हो चुका है। उस समय दोनों कंपनियों की वैल्यूएशन 10 बिलियन डॉलर से कम थी।

एनवीडिया के शेयर में तेजी की वजह एआई के इस्तेमाल में बढ़त होना है। इससे कंपनी द्वारा बनाई जाने वाली चिप की मांग पूरी दुनिया में बढ़ गई है। हाल ही में कंपनी ने हर साल नई एआई चिप डिजाइन करने का फैसला किया था। कंपनी के सीईओ जेन्सेन हुआंग जनरेटिव एआई को नई औद्योगिक क्रांति बता चुके हैं। उन्होंने बताया कि एनवीडिया एआई से आने वाले बदलाव में बड़ी भूमिका निभाएगी। एप्पल को इस साल की शुरूआत से कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा रहा है। चीन में आईफोन की बिक्री घट रही है और वहीं, यूरोपीय यूनियन में मांग में ज्यादा सुधार नहीं है। इसके कारण कंपनी के शेयर की कीमत में भी उछाल नहीं देखने को मिला है।

# रेपो रेट में बदलाव की संभावना नहीं




**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की शुक्रवार को समाप्त हो रही तीन दिवसीय मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में रेपो दर तथा अन्य नीतिगत दरों में बदलाव की संभावना नहीं है क्योंकि केंद्रीय बैंक आर्थिक विकास और मुद्रास्फीति के बीच संतुलन बनाये रखने का प्रयास रहा है। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक बुधवार को शुरू हुई थी और शुक्रवार को समाप्त होगी। इसमें देश की आर्थिक स्थिति, मुद्रास्फीति, मानसून की स्थिति, वैश्विक कारकों आदि के आधार पर नीतिगत दरों पर फैसले लिए जाएंगे। संभावना है कि समिति रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर स्थिर रखने का फैसला कर सकती है।

रेपो दर वह दर है जिस पर केंद्रीय बैंक वाणिज्यिक बैंकों को अल्पावधि उधार देता है ताकि वे तरलता की अपनी तात्कालिक जरूरतें पूरी कर सकें। इसका असर बैंकों द्वारा कॉर्पोरेट तथा आम ग्राहकों को दिये जाने वाले ऋण की ब्याज दरों पर पड़ता है।

ब्याज दर घटने से निवेश तथा उपभोग लागत में कमी आती है, हालांकि उपभोग बढ़ने से मुद्रास्फीति (महंगाई दर) बढ़ने का खतरा रहता है। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांता दास ने कहा है कि केंद्रीय बैंक मुद्रास्फीति कम करने की नीति जारी रखेगा ताकि आर्थिक विकास में स्थिरता बनी रहे। उन्होंने कहा कि खाने-पीने के सामान की महंगाई दर ज्यादा होने से मुद्रास्फीति का दबाव बना हुआ है।

आरबीआई ने पिछली बार फरवरी 2023 में नीतिगत दरों में बदलाव किया था। उसने मई 2022 से फरवरी 2023 के बीच रेपो दर में कुल 2.5 प्रतिशत की वृद्धि की थी। फरवरी 2023 के बाद से रेपो दर 6.5 प्रतिशत पर स्थिर है।

खुदरा महंगाई की दर इस साल अप्रैल में घटकर 4.83 प्रतिशत पर आ गई थी। हालांकि यह अब भी आरबीआई के चार प्रतिशत के मध्यावधि लक्ष्य से ऊपर है। वित्त वर्ष 2023-24 में देश की आर्थिक विकास दर बढ़कर 8.2 प्रतिशत पर पहुंच गई। इससे आरबीआई के पास अभी ब्याज दरों में कटौती को टालने के विकल्प है।

# अमेजन ने वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म एमएक्स प्लेयर के कुछ एसेट्स का किया अधिग्रहण




**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिग्गज टेक्नोलॉजी कंपनी अमेजन की ओर से गुरुवार को टाइम्स इंटरनेट के स्वामित्व वाले वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म एमएक्स प्लेयर के कुछ एसेट्स को खरीद लिया गया है।

इस डील को लेकर अमेजन के प्रवक्ता की ओर से दिए गए बयान में कहा गया कि हम हमेशा अपने ग्राहकों के लिए नए प्रोडक्ट्स की तलाश करते हैं, जिससे कि उनकी जिंदगी आसान हो। अमेजन प्राइम वीडियो और मिनी टीवी पर मौजूद लोकल और एक्सक्लूसिव कंटेंट से पूरे भारत का मनोरंजन करके हमें खुशी हो रही है। कंपनी की ओर से डील के साइज के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स में बताया गया है कि डील 100 मिलियन डॉलर से कम की है।

बता दें कि एमएक्स प्लेयर ने 2019 में 500 मिलियन डॉलर की वैल्यूएशन पर 111 मिलियन डॉलर जुटाए थे। तब से कंपनी की वैल्यूएशन में बड़ी गिरावट आ चुकी है।

अमेजन की ओर से ऐड के समर्थन वाली मिनी टीवी स्ट्रीमिंग सर्विस को चलाया जाता है। माना जा रहा है कि एमएक्स प्लेयर का अधिग्रहण से इसे सहारा मिलेगा। अमेजन की ओर से ये कदम ऐसे समय पर देखने को मिला है, जब कुछ महीने पहले वॉल्ट डिज्नी की भारतीय इकाई और रिलायंस इंडस्ट्री के साथ ज्वाइंट वेंचर का ऐलान किया गया था। इस डील के तहत वायकॉम 18 और स्टार इंडिया के टीवी और डिजिटल प्लेटफॉर्म को एक कंपनी के तहत लाया जाएगा। ब्रोकरेज फर्म बर्नस्टीन के विश्लेषकों के मुताबिक जैसे ही रिलायंस इंडस्ट्री के मीडिया कारोबार और वॉल्ट डिज्नी की भारतीय इकाई का मर्जर हो जाएगा। इनके पास भारत के 85 प्रतिशत वीडियो स्ट्रीमिंग दर्शक होंगे।

## भाजपा के नवनिर्वाचित सांसदों का पार्टी ने किया अभिनंदन

# विपक्ष के दुष्प्रचार और अफवाह के कारण पांच सीटों पर पराजय : बाबूलाल मरांडी

उपेंद्र गुप्ता

**रांची ।** लोकसभा 2024 चुनाव में झारखंड से नवनिर्वाचित भाजपा के सभी सांसदों का अभिनंदन किया गया। साथ ही दूसरे स्थान रहने वाले सभी पांचों भाजपा प्रत्याशियों का अभिनंदन किया गया, विजय हासिल करने वाले सांसदों में रांची के संजय सेठ,पलामू के बीडी राम,जमशेदपुर के विद्युत वरण महतो,हजारीबाग के मनीष जायसवाल,धनबाद के ढुल्लू महतो,चतरा के कालीचरण सिंह को शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। अभिनंदन कार्यक्रम में गोड्डा के नवनिर्वाचित सांसद निशिकांत दुबे और कोडरमा की नवनिर्वाचित सांसद अन्नपूर्णा देवी मौजूद नहीं थे। निर्वाचित सांसदों के साथ पांचों लोकसभा सीट पर कड़ी टक्कर देने के बाद भी पराजय झेलने वाले प्रत्याशियों सिंहभूम की गीता कोड़ा, दुमका से सीता सोरेन, राजमहल से ताला मरांडी, लोहरदगा से समीर उरावं को भी पार्टी ने शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया। खूंटी के प्रत्याशी अर्जुन मुंडा अभिनंजन कार्यक्रम में मौजूद नहीं थे। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ,प्रतिपक्ष के नेता अमर बाउरी के आलावा भाजपा प्रदेश और जिला स्तर के दर्जनों नेता और पदाधिकारी मौजूद थे।





### चुल्हा पर काठ की हांडी एक बार चढ़ता है बाबूलाल मरांडी

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल ने झारखंड के पांचों आदिवासी बहुल सीटों पर पार्टी के पराजय पर कहा कि विपक्ष ने जनता के बीच खूब दुष्प्रचार किया, लोगों के बीच भ्रम और अफवाहें फैलाई, साजिश की, जिसके कारण भाजपा प्रत्याशियों को पराजय का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि चुनाव में खासकर आदिवासी बहुल सीटों में आदिवासियों के बीच अलोकतांत्रिक और अनैतिक हथकंडे अपनाए, जिसके कारण आदिवासियों के बीच भ्रम फैल गया। बाबूलाल ने एक कहावत का उदाहरण देते कहा कि चुल्हा पर काठ की हांडी सिर्फ एक बार चढ़ता है। विपक्ष के इन अनैतिक हथकंडों को करारा जवाब दिया जाएगा। आदिवासियों ने भाजपा को वोट नहीं दिया है, इस बात से बाबूलाल ने साफ इंकार करते कहा कि आदिवासियों ने भाजपा को जम कर वोट किया है। कई विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा को बढ़त मिली है। जहां हार हुई, वहां बुथ से लेकर विधानसभा और जिला स्तर पर समीक्षा की जाएगी। बाबूलाल ने कहा कि देश में नेहरू के बाद लगातार तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे। ये हमारे लिए का गौरव का क्षण होगा।

### सीएम चंपई और उनकी कैबिनेट ने जबरन मुझे हरवाया : गीता कोड़ा

सिंहभूम की भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा ने कहा कि उन्हें हराने के लिए सीएम चंपई सोरेन और उनकी कैबिनेट ने पूरा जोर लगाया। मेरे उपर जानलेवा हमले कराएं,मेरे ही क्षेत्र में कई जगहों पर जाने से रोका गया। आदिवासियों के बीच दुष्प्रचार किया गया। भाजपा कार्याकताओं और लोगों को डराया धमकाया गया। जिसके कारण हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि आदिवासियों के लिए जितना फंड और योजना केंद्र की मोदी सरकार ने दिया है, उतना आज तक किसी सरकार ने आदिवासियों के लिए नहीं दिया है। लेकिन जिस तरह से विपक्ष ने आदिवासियों को अफवाहों और दुष्प्रचार करके भ्रमित किया है, उसकी पार्टी समीक्षा करेगी।

### ना मुझसे और ना ही पार्टी से लोगों में नाराजगी : सीता सोरेन

दुमका से भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन ने कहा कि पार्टी बदलने पर क्षेत्र की जनता में कोई प्रभाव नहीं था, बल्कि लोगों ने भरपूर स्वागत किया और पूरा समर्थन दिया, लोग मेरे साथ मजबूती के साथ खड़े थे, चार विधानसभा क्षेत्र में उन्हें काफी बढ़त भी मिली। यह बढ़त और अधिक हो सकता था, लेकिन जिस तरह राष्ट्रीय स्तर से ही विपक्ष ने भ्रम फैलाया, उसी अफवाह को क्षेत्र में भी स्थानीय विपक्षी नेताओं ने फैलाया, लोगों के बीच दुष्प्रचार किया, जिसका असर मतदान में दिखा और वे मामूली अंतर से हारी है।

### सीएम और स्पीकर के विधानसभा क्षेत्र में भी भाजपा को बढ़त: बाउरी

भाजपा विधायक दल के नेता अमर बाउरी ने कहा कि झारखंड में भाजपा का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। पचास विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा को काफी बढ़त मिली है, जो आगामी विधानसभा चुनाव के लिहाज से काफी उत्साहजनक है। भाजपा नेता ने कहा कि जिन पचास क्षेत्रों में भाजपा ने बढ़त हासिल की है उसमें सीएम चंपई सोरेन और विधानसभा स्पीकर रवींद्र कुमार महतो का विधानसभा क्षेत्र शामिल है। अमर बाउरी ने कहा कि कांग्रेस 99 पर अटक कर खुश है और मुगालते में है तो ये हमारे लिए अच्छा है। वे लोग ख्याली पुलाव बनाते रहे। पीएम नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनने से रोकने के लिए हर हथकंडे अपनाए, लेकिन रोक नहीं पाए। अमर बाउरी ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी।

## स्कूल व कॉलेजों में नशापान के खिलाफ चलाएं जागरूकता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय में मादक पदार्थों के दुरूपयोग के रोकथाम करने को लेकर एक अहम बैठक हुई। बैठक में राज्य सरकार से प्राप्त गाइडलाइन के अनुसार रांची जिले के सभी सरकारी व गैर सरकारी स्कूल व कॉलेजों में मादक पदार्थों के दुरूपयोग को समाप्त करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाने का निर्देश दिया। इस बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक रांची, श्री चंदन कुमार सिन्हा, पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) रांची, श्री सुमित कुमार अग्रवाल, अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) रांची, श्री उत्कर्ष कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू, उप समाहर्ता जिला सामान्य शाखा रांची, श्रीमती स्मृति कुमारी, सचिव डालसा रांची, श्री कमलेश बेहरा, ए. डी.पी.ओ रांची, श्री कौशल किशोर एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**नशा से युवाओं को बचाना है**

उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा ने इस बैठक में विशेष रूप से कहा कि आज नशा से युवाओं का भविष्य खराब हो रहा है। नशा युवाओं में कैंसर की तरह फैल रहा है।

**बैठक में निम्न निर्देश दिए गए**

(1) शैक्षणिक संस्थानों के आसपास मादक पदार्थों यथा तम्बाकूयुक्त गुटका इत्यादि की बिकी प्रतिष्ठानों में की जाती है, जिससे संस्थान में पढ़ने वाले बच्चों पर विपरीत प्रभाव पडता है। इसकी रोकथाम के लिए जिला के सभी शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के परिधि में धारा-144 लगाने का सम्बंधित अधिकारी को निर्देश दिया गया।

(2) प्रत्येक तीन महीने में डीटी सीसीसी की बैठक करने का निर्देश सम्बंधित अधिकारी को दिया गया।

(3) जिला स्तर पर कारखाना निरीक्षक को मादक पदार्थ के उत्पादन की रोकथाम हेतु निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया।

(4) एनडीपीएस की धारा-50 के तहत जिले के सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/सभी अंचलाधिकारी को जांच करने का निर्देश दिया गया।

(5) उपायुक्त रांची द्वारा संबंधित अधिकारी को यह निर्देश दिया गया कि मादक द्रव्यों की जब्ती के उपरान्त इनके रख-रखाव के लिए पर्याप्त स्थान / भवन उपलब्ध कराया जाये।

(6) सुदूरवर्ती क्षेत्र में अफीम की खेती विनष्ट करने में कठिनाई होती है। इसके लिए घास काटने वाली मशीन की आवश्यकता पूरी करने हेतु सम्बंधित अधिकारी को निर्देश दिया गया।

(7) उपायुक्त रांची ने सम्बंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि अफीम की खेती वन-भूमि अथवा गैरमजरूआ भूमि पर की जाती है। इसकी रोकथाम के लिए वन विभाग द्वारा नियमित रूप से अपनी भूमि की निगरानी की जानी आवश्यक है।

(8) जिले के सभी पुलिस उपाधीक्षकों को मादक द्रव्यों से संबंधित समीक्षा बैठक नियमित रूप से करने का निर्देश।

(9) उपायुक्त रांची द्वारा कोटपा एक्ट 2003 के तहत हुक्का बार में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे / बच्चियों का अनाधिकृत प्रवेश रोकने संबंधी कार्रवाई करने का निर्देश सम्बंधित अधिकारी को दिया गया।

(10) उपायुक्त रांची द्वारा सभी कोटि के उच्च विद्यालयों में मादक द्रव्यों की रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम यथा नुक्कड़ नाटक / प्रभात फेरी / होडिंग्स / बैनर पोस्टर / माइकिंग आदि करने का निदेश दिया गया।

(11) उपायुक्त रांची द्वारा कार्यपालक दण्डाधिकारी / प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/अंचलाधिकारी के उपस्थिति में जब्त मादक पदार्थो के विनष्ट करने के लिए एयओपी के निदेशानुसार करने का निदेश दिया गया।

(12) समय-समय पर मादक पदार्थ के बिक्री एवं सेवन के विरूद्ध जागरूकता हेतु स्थानीय अखबार आदि के माध्यम से प्रचार प्रसार करने का निर्देश सम्बंधित अधिकारी को दिया गया।

### आजसू ने शत प्रतिशत रिजल्ट दिया : जीतेन्द्र

**रांची।** जितेंद्र सिंह केंद्रीय सचिव सह विधानसभा प्रभारी रांची महानगर ने गिरिडीह की जनता को धन्यवाद देते हुए कहा कि चंद्र प्रकाश चौधरी को बधाई दी है । सुदेश कुमार महतो की तरफ से समस्त आजसू परिवार की तरफ से और एनडीए फोल्डर के घटक दल जितने भी सांसद एनडीए के तरफ से जीतकर आए हैं उन्हें और तमाम झारखंड वासियों को एवं उनके क्षेत्र के वासियों के प्रति आभार और शुभकामनाएं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यह काफी खुशी की बात है कि 100% रिजल्ट आया ।नरेंद्र मोदी जी ने गिरिडीह से एक सीट दिया और गिरिडीह की जनता ने प्रचंड वोटो से चंद्र प्रकाश चौधरी जी को जिताकर दिल्ली भेजा साथ ही साथ सुदेश महतो जी हरेक सभा में कहते थे कि एक फल माननीय नरेंद्र मोदी जी के गले में जरूर सुशोभित होगा और काम हम लोगों ने किया। प्रधानमंत्री जल्द ही अगले टर्म के लिए शपथ ग्रहण लेंगे। उम्मीद है कि इस टर्म एनडीए कोलेशन का जो गवर्नमेंट बनेगा उसमें भारत माता के चरणों में जो नरेंद्र मोदी का जो सपना है और एनडीए के हर एक लोग जो भारत के बारे में सपना देखते है वो काम तीव्र गति से आगे बढ़ेगा और जितने भी कार्य पहले अधूरे रह गए थे मोदी जी के नेतृत्व में, सुदेश महतो जी के नेतृत्व में और चंद्र प्रकाश चौधरी जी के नेतृत्व में वह काम तीव्र गति से आगे बढ़ेगा।

## लापरवाही बरतने वाले पुलिस पदाधिकारियों पर होगी कार्रवाई




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह ने गुरुवार को पुलिस मुख्यालय में मादक पदार्थ की तस्करी की रोकथाम के लिए राज्य के आला अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इसमें डीजीपी ने मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए कारगर ढंग से कार्रवाई करने तथा तस्कर गिरोह के गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन करते हुए कड़ी कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने मादक पदार्थ से सम्बंधित दर्ज मामलों का नियमानुकूल अनुसंधान करते हुए साक्ष्य संकलित करने का भी निर्देश दिया। डीजीपी ने विचारण के दौरान साक्षियों को ससमय न्यायालय में उपस्थापन करने का भी निर्देश दिया। समीक्षा में स्कूल एवं कॉलेजों के छात्र एवं युवाओं पर इसके दुष्प्रभाव के रोकथाम के लिए स्कूल, कॉलेज के आसपास की दुकानों पर नजर रखने को कहा है। डीजीपी ने उन दुकानों के खुलने का निर्धारित समय सीमा का अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए भी आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई में लापरवाही बरतने वाले पुलिस पदाधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनिक करवाई का निर्देश दिया। डीजीपी ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो एवं राज्य पुलिस के बीच आपसी समन्वय बढ़ाने एवं बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए तैयार किए गए एसओपी का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मादक पदार्थों की तस्करी से संबंधित दर्ज कांडों के गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान, जब्त सूची तैयार करने सहित उसका सैंपल तैयार करना तथा उनके विनिष्टिकरण के लिए मानक बिंदुओं का अनुपालन कराने के लिए जिला स्तर पर पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षित करने का निर्देश दिया।

बैठक में सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता, एडीजी मुख्यालय आरके मल्लिक, रांची रेंज के आईजी अखिलेश झा, आईजी प्रोविजन पंकज कम्बोज, आईजी सीआईडी असीम बिक्रांत मिंज, एसपी विशेष शाखा चन्दन कुमार झा एवं वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से सभी प्रक्षेत्रीय आईजी, क्षेत्रीय डीआईजी, एसएसपी, एसपी उपस्थित थे।

## पक्ष-विपक्ष के लिए चिंता बढ़ाने वाले हैं लोस चुनाव के नतीजों से जुड़े आंकड़े

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में लोकसभा चुनाव के नतीजे राज्य के बदलते सियासी हालात का संकेत दे रहे हैं। इन नतीजों से वोटों का जो अंकगणित सामने आया है, वह राज्य में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के लिए अलामिंग है। राज्य की सभी पांच ट्राइबल सीटों पर हार से जहां भाजपा की अगुवाई वाले एनडीए नेतृत्व के माथे पर चिंता की लकीरें हैं, वहीं वोटों की विधानसभावार गिनती के आंकड़ों में खासे अंतर से पिछड़ जाना झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन को परेशानी में डालने वाला संकेत है। झारखंड की मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल जनवरी 2025 के पहले हफ्ते में पूरा हो रहा है। ऐसे में अगले चार से पांच महीनों के भीतर चुनाव संभावित हैं। लिहाजा, लोकसभा चुनाव परिणाम के आंकड़ों का आकलन पक्ष-विपक्ष दोनों तरफ की पार्टियां कर रही हैं। लोकसभा चुनाव के नतीजों का विधानसभावार विश्लेषण करने पर यह फैक्ट सामने आया है कि राज्य की 81 में से 50 विधानसभा सीटों पर एनडीए को बढ़त हासिल हुई है। राज्य के मौजूदा सत्ताधारी गठबंधन को एनडीए से काफी कम मात्र 29 सीटों पर बढ़त मिली है। दो सीटों पर एक नए संगठन जेबीकेएसएस (झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति) को बढ़त हासिल हुई है। अगर विधानसभा चुनाव में भी एनडीए इसी आंकड़े को बरकरार रखने में कामयाब हो जाए तो राज्य की मौजूदा सरकार की जमीन खिसकनी तय है। लेकिन, लोकसभा चुनाव की बढ़त को विधानसभा चुनाव में भी बरकरार रखना एनडीए के लिए कठिन चुनौती है। 2019 के चुनाव में भाजपा की तत्कालीन रघुवर दास के नेतृत्व वाली सरकार भी उस साल हुए लोकसभा चुनाव की बढ़त से उत्साहित थी। उन्होंने उत्साहित होकर 'अबकी बार 65 पार' का नारा दिया था। लेकिन, जब विधानसभा चुनाव के नतीजे आए थे तो पार्टी मात्र 26 सीटों पर सिमट गई थी और उसे राज्य की सत्ता गंवानी पड़ी थी। भाजपा राज्य में आदिवासियों के लिए रिजर्व 28 में से 26 सीटें हारने की वजह से सत्ता से बाहर हो गई थी। उस वक्त पार्टी नेतृत्व ने स्वीकार किया था कि उनसे झारखंड के आदिवासियों के सेंटिमेंट्स को समझने में चूक हुई है। पार्टी ने इसकी भरपाई के लिए कई कोशिशें की। केंद्र सरकार ने झारखंड के सबसे बड़े जनजातीय नायक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को राष्ट्रीय स्तर पर 'जनजातीय गौरव दिवस' घोषित किया। भाजपा से 2004 में अलग होकर अपनी पार्टी बनाने वाले बाबूलाल मरांडी को वापस पार्टी में सम्मानपूर्वक लाया गया और उन्हें पार्टी की कमान सौंपी गई। आदिवासी कल्याण के लिए केंद्र सरकार की ओर से कई योजनाएं लागू की गई।

> *झारखंड की मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल जनवरी 2025 के पहले हफ्ते में पूरा हो रहा है।*

### सिमडेगा विधायक के खिलाफ कोर्ट में सुनवाई 20 जून को

**रांची।** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा से जुड़े महिला के साथ दुर्व्यवहार करने और जान से मारने की धमकी देने से संबंधित मामले में शिकायतकर्ता रश्मि संचिता एक्का की याचिका पर गुरुवार को अभियोजन पक्ष कोर्ट में जवाब दाखिल नहीं किया जा सका। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 20 जून को निर्धारित की है। सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा के खिलाफ दर्ज की गई शिकायतवाद (कंप्लेन केस) में कुछ अतिरिक्त अपराधिक धाराओं को जोड़ने के लिए शिकायतकर्ता ने कोर्ट में आवेदन दाखिल किया है। शिकायतकर्ता रश्मि संचिता एक्का ने वर्ष 2018 में विधायक भूषण बाड़ा सहित पांच के खिलाफ सिमडेगा कोर्ट में शिकायतवाद दायर किया था। इसमें विधायक भूषण बाड़ा पर महिला रश्मि संचिता एक्का से दुर्व्यवहार करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया था। हालांकि भूषण बाड़ा के विधायक बनने के बाद यह मुकदमा रांची एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में स्थानांतरित किया गया।

#### सीएम से मिलें कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी

## जामताड़ा विधानसभा में भारी लीड से दुमका में मिली जीत : सीएम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मिलकर जामताड़ा विधायक डॉ इरफान अंसारी ने गुरुवार को मुलाकात की। इस दौरान विधायक ने मुख्यमंत्री को बताया कि इंडी गठबंधन कैसे झा?खंड में लोकसभा की और सीटें जीत सकता था। जामताड़ा विधायक ने इसके लिए बकायदा मुख्यमंत्री को समीक्षा रिपोर्ट सौंपी है। इस रिपोर्ट में संताल की सीटों की विधानसभावार समीक्षा की गयी है। साथ ही, जामताड़ा विधायक ने चंपाई को जीत की बधाई दी। उन्होंने कहा कि आपके नेतृत्व में झारखंड में पहली बार महागठबंधन ने पांच सीटों पर जीत दर्ज की है। यह जीत आम जनता की जीत है और यह सही मायने में एक बड़ा राजनीतिक संकेत है। मुख्यमंत्री ने विधायक इरफान अंसारी को कहा कि दुमका लोकसभा से महागठबंधन के प्रत्याशी नलिन सोरेन ने जीत दर्ज की है। इसमें सभी की अहम भूमिका रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि



जामताड़ा विधानसभा से लगभग 40,000 की लीड के कारण ही यह सीट हम लोगों जीत पाये। दुमका लोकसभा सीट हमारे प्रतिष्ठा की सीट है और इसे हर हाल में हमें जीतना था। विधायक ने कहा कि हम लोगों ने पांच सीटों पर जीत दर्ज की, जिसका साफ मतलब है कि हम लोगों ने 30 विधानसभा सीटों पर जीत का परचम लहराया है। विधायक ने कहा कि हमें थोड़ी और मेहनत कर 12 और सीटों पर जीत दर्ज करनी है। आने वाले विधानसभा चुनाव में फिर से भाजपा का सफाया कर इंडी महागठबंधन की सरकार बनानी है। विधायक ने संताल परगना की सभी सीटों का ब्यौरा उन्हें सौपा और बताया कि पूरे देश में राहुल गांधी की मेहनत रंग लाई।

## न्यूज बॉक्स

### एनडीए का नेता चुनने पर पीएम मोदी को सुदेश महतो ने दी बधाई

**रांची।** आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुनः एनडीए का नेता चुने जाने पर बधाई दी है। मौके पर उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा। निसंदेह प्रधानमंत्री के रूप में उनके तीसरे कार्यकाल में देश विकास के अभूतपूर्व ऊंचाइयों को छुएगा। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी नड्डा से भी मुलाकात कर देश में तीसरी बार एनडीए को पूर्ण बहुमत हासिल करने पर बधाई दी।



### नवनिर्वाचित कांग्रेस सांसद कालीचरण मुंडा ने सीएम चम्पाई से की मुलाकात

**रांची।** खूंटी लोकसभा से नवनिर्वाचित सांसद कालीचरण मुंडा ने मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से गुरूवार को मोरहाबादी स्थित आवास में मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपनी ओर से उन्हें खूंटी लोकसभा क्षेत्र से मिली शानदार जीत पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। मौके पर मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के प्रति नवनिर्वाचित सांसद कालीचरण मुंडा ने आभार व्यक्त किया।



### जनता का यशस्विनी सहाय ने आभार जताया




**रांची।** रांची लोकसभा सीट से पराजय के बाद कांग्रेस पार्टी की यशस्विनी सहाय ने रांची की जनता का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि काफी कम समय में जनता ने मुझे जो अपार स्नेह और प्यार दिया, उसके लिए मैं उनकी आभारी हूं और विश्वास दिलाती हूं कि यहां की जनता के साथ मैं सदैव खड़ी रहूंगी। यशस्विनी सहाय कांग्रेस भवन में गुरुवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित कर रही थीं। उन्होंने यहां से नवनिर्वाचित सांसद भाजपा के संजय सेठ को बधाई देते हुए कहा कि जनता ने दूसरी बार मौका दिया है। उम्मीद है जनता के मुद्दों पर वह खरे उतरेंगे। सहाय ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और सोनिया गांधी सहित इंडी गठबंधन दल के तमाम सहयोगियों को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने कांग्रेस के प्रदेश, जिला, प्रखंड स्तर के सभी नेताओं, कार्यकताओं तथा मीडिया का भी आभार जताया। उन्होंने कहा कि हमारे पास सिर्फ 25 दिनों का समय था और इतने कम समय में जितना कर पायी, किया। काफी लोगों तक मैं नहीं पहुंच पाई, जिसका मुझे अफसोस है लेकिन जहां मैं नहीं पहुंच सकी, वहां जरूर जाऊंगी। रांची सहित राज्य के अन्य क्षेत्रों में महिला अधिकार और बाल संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रही थी, सामाजिक रूप से लोगों से जुड़ी रहती थी, यह चुनाव व्यक्तिगत रूप से मेरा पहला राजनीतिक अनुभव था, आगे भी मैं इन कार्यों से जुड़ी रहूंगी। इसके अलावा पलायन की समस्या से जूझ रहे लोगों की समस्या के समाधान के लिए प्रयासरत रहूंगी। उन्होंने कहा कि चुनाव में जो मुद्दे हमने उठाए थे, उन पर निरंतर नजर रहेगी।

### हार से निराश नहीं झारखंड की एकमात्र ट्रांसजेंडर प्रत्याशी सुनैना, बोली- प्यार भरपूर मिला

**रांची।** झारखंड में लोकसभा चुनाव में ट्रांसजेंडर कम्युनिटी की एकमात्र प्रत्याशी सुनैना किन्नर को अपनी हार का कोई रंज नहीं है। वह धनबाद सीट से चुनाव लड़ रह थीं और उन्हें कुल 3,462 वोट मिले। इस सीट पर कुल 25 प्रत्याशी मैदान में थे। इनमें सुनैना दसवें नंबर पर रही। यहां खड़े 15 प्रत्याशियों को सुनैना की तुलना में कम वोट मिले। 34 वर्षीय सुनैना चुनाव में अपने प्रदर्शन से खुश हैं। उन्होंने आईएएनएस से कहा, मुझे वोट भले ही कम मिले हों, लेकिन लोगों का प्यार भरपूर मिला है। मैं चुनाव में इस उद्देश्य के साथ उतरी थी कि लोगों का बता सकूं कि हम उस समुदाय का हिस्सा हैं जो पूरे राज्य, देश, समाज का भला चाहते हैं। हमारे समुदाय को भी सम्मान की नजर से देखा जाए। चुनाव में चाहे जो भी जीते, उन्हें पूरे समाज के हक के लिए काम करना चाहिए। सुनैना धनबाद के पीके राय मेमोरियल कॉलेज से साइंस ग्रेजुएट हैं। चुनाव के लिए जिस दिन उन्होंने पर्चा भरा, उस समय उनके पास मात्र 20 हजार रुपए नगद और उनके अकाउंट में दो हजार रुपए थे। वह कहती हैं, हमें बहुत पैसे की जरूरत नहीं है।



## पृष्ठ एक के शेष

**एएसआई हत्याकांड का आरोप...**

मुंडा अपनी पत्नी से लड़ाई झगड़ा कर रहा था। बीच बचाव करने के लिए जैसे ही धर्मेंद्र सिंह कमरे में घुसा तो अपने हाथ में लिया इंसास राइफल से उसने धर्मेंद सिंह के सीना पर गोली मार दिया। धर्मेंद्र सिंह वहीं गिर पड़े । फायरिंग की आवाज सुन जा लोग पहुंचे तो सिपाही आनंद सिंह मुंडा ने बलपूर्वक भीतर से दरवाजा बंद कर लिया। घटना के बाद एसपी हारिश बिन जमा व सीआरपीएफ कमांडेंट राहुल कुमार समेत पुलिस के अधिकारी पहुंच गए। घटना के बाद आरोपी अनन्त सिंह मुंडा हाथ में इंसास राइफल लिए मकान पर घूम रहा था। जिसे पुलिस सतर्कता से उसे गिरफ्त में लेने के लिए मशक्कत कर रही थी। लगातार 12 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद गुरुवार सुबह आरोपी जवान को गिरफ्तार किया गया। इधर, मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया कि आरोपी जवान अनन्त सिंह मुंडा की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। उसका इलाज रिनपास में चला था। चुनाव के दौरान उसे हथियार थमा दिया गया। अब घटना के बाद पुलिस विभाग मामले में लीपापोती कर रही है।

**चंदवा में जेएमएम नेता के...**

पांडेय, मनोज चौधरी, चंदवा पूर्वी मुखिया रंजीत उंराव, सुमम सुनील सोरेन, डॉ शम्स रजा, मनोज कुमार, नन्हे कुमार, बबलू खान समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

**कंगना को थप्पड़ मारने...**

कौर बैरीकेड के आसपास ऊंची आवाज में कंगना को धमकाते हुए घूमती रही, वहां मौजूद अन्य सुरक्षा कर्मियों ने कुलविंदर को हिरासत में ले लिया। इसके बाद कंगना चंडीगढ़ से दिल्ली के लिए रवाना हो गई। दिल्ली पहुंचकर कंगना रानौत ने एक वीडियो जारी करके कहा कि वह पूरी तरह से सुरक्षित हैं, लेकिन उन्हें पंजाब में लगातार बढ़ रहे आतंकवाद व उग्रवाद की चिंता है। इस बीच सीआईएसएफ ने महिला कांस्टेबल कुलविंदर कौर को निलंबित करके विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी है। सीआईएसएफ ने कुलविंदर कौर के खिलाफ स्थानीय पुलिस को भी शिकायत दे दी है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कंगना रानौत के मामले में कहा कि सीआईएसएफ के अधिकारियों ने इस मामले में जांच रिपोर्ट मांगी है। सैनी ने कहा कि इस मामले में दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com




## भक्तों ने लगाई श्रद्धा की डुबकी

देश के कई राज्यों से श्रद्धालु पवित्र स्नान करने के लिए हरिद्वार स्थित हर की पौड़ी पर बड़ी संख्या में एकत्र हुए। यहां श्रद्धालुओं ने पूजा-पाठ की और मन्नतें मांगी।

# अभाविप की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक सूरत में 7 से 9 जून तक होगी

### पेपर लीक, शैक्षणिक संस्थाओं की सुविधा जैसे मुद्दों पर आएगा प्रस्ताव

एजेंसी



**सूरत।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् (अभाविप) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में देश के विभिन्न राज्यों में पेपर लीक रोकने और कदाचार मुक्त परीक्षा को लेकर प्रस्ताव पारित किया जाएगा। केन्द्र और राज्य सरकार से इस संबंध में ठोस और कारगर नीति बनाने की मांग की जाएगी। इसके अलावा शैक्षणिक संस्थाओं की आधारभूत संरचना, देशभर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने और विकसित भारत में युवाओं की भूमिका पर प्रस्ताव लाकर चर्चा-विमर्श किया जाएगा।

अभाविप की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की तीन दिवसीय बैठक 7 से 9 जून तक सूरत के परवत पाटिया स्थित माहेश्वरी भवन में होगी। इसकी जानकारी देते हुए परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि परिषद् अपनी स्थापना के 75वें वर्ष पर अमृत वर्ष के तहत शिक्षा क्षेत्र पर व्यापक विमर्श के लिए राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक सूरत में कर रही है। इसमें देश के दिल्ली विश्वविद्यालय, जेएनयू, हैदराबाद केन्द्रीय विवि, त्रिपुरा केन्द्रीय विवि, आईआईटी, आईआईएम समेत देशभर के शैक्षणिक संस्थाओं के करीब 500 विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। बैठक के जरिए चार शैक्षिणक और अन्य प्रस्तावों पर विचार-मंथन किया जाएगा और बाद में इसे सर्वसम्मति से पारित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभाविप सबसे बड़ा विद्यार्थियों का संगठन है, जिसकी सदस्यता 50 लाख से अधिक है। बैठक में एक साल के काम की समीक्षा के साथ आगामी वर्ष की कार्ययोजना बनाई जाएगी। प्रेस कांफ्रेंस में अभाविप के गुजरात प्रदेश के मंत्री समर्थ भट्ट समेत सूरत महानगर के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चुनाव जनता का है, जनता ही लड़ती है, जनता ही जीतती है



*जनता के मुद्दे सर्वोपरि इनको नकारने की कीमत भारी होती है*

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एक दिन पहले कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने राहुल गांधी को लेकर एक भावुक पोस्ट सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। चुनाव के बाद बुधवार को यह उनका पहला पोस्ट था। इसी तरह का दूसरा भावुक पोस्ट गुरुवार को प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोशल मीडिया एक्स पर उत्तर प्रदेश के कांग्रेस कार्यकताओं के लिए लिखा है, जिसमें उन्होंने कहा कि चुनाव जनता का है, जनता ही लड़ती है, जनता ही जीतती है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट लिखकर उत्तर प्रदेश (यूपी) के कांग्रेस कार्यकताओं का शुक्रिया अदा किया है।

उन्होंने कार्यकताओं को सलाम किया है। सोशल मीडिया अकाउंट पर उन्होंने लिखा, यूपी कांग्रेस के मेरे सभी साथियों को मेरा सलाम। मैंने आपको धूप और धूल में कड़ी मेहनत करते हुए देखा, आप झुके नहीं, आप रुके नहीं, कठिन से कठिन दौर में आपने लड़ने की हिम्मत दिखाई। आपको प्रताड़ित किया गया, आप पर फर्जी मुकदमे लगाये गये, जेल में डाला गया, बार-बार नजरबंद किया गया मगर आप डरे नहीं। कई नेता डर के चले गये, आप टिके रहे। प्रियंका गांधी ने लिखा, मुझे गर्व है आप पर और यूपी की जागरूक जनता पर, जिसने इस देश की गहराई और सच्चाई को समझा और हमारे संविधान को बचाने का ठोस संदेश पूरे भारत को दिया। आपने आज की राजनीति में एक पुराना आदर्श फिर से स्थापित किया है कि जनता के मुद्दे सर्वोपरि हैं, इनको नकारने की कीमत भारी होती है। चुनाव जनता का है, जनता ही लड़ती है, जनता ही जीतती है।

## शिवाजी, गांधी, आम्बेडकर की मूर्तियों को उनके विशिष्ट स्थानों से हटाना दुखद



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और महासचिव (प्रसार) जयराम रमेश ने कहा कि संसद भवन के सामने से शिवाजी, महात्मा गांधी,आम्बेडकर की मूर्तियों को उनके विशिष्ट स्थानों से हटा दिया गया है, यह अपमानजनक है। जयराम रमेश ने यह टिप्पणी सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में की है। गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर संसद भवन के सामने की विभिन्न चार तस्वीरों को टैग करते हुए जयराम रमेश ने लिखा है कि संसद भवन के सामने छत्रपति शिवाजी महाराज, महात्मा गांधी और बाबासाहब आम्बेडकर की मूर्तियों को उनके विशिष्ट स्थानों से हटा दिया गया है। यह बेहद अपमानजनक हरकत है।

### कांग्रेस ने 8 जून को बुलाई कार्यकारिणी समिति की बैठक

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद कांग्रेस ने कार्यकारिणी समिति की बैठक बुलाई है। कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बैठक को लेकर गुरुवार एक पत्र भी जारी किया है। इस पत्र के मुताबिक कांग्रेस कार्यकारिणी समिति की बैठक 8 जून शनिवार की सुबह 11 बजे कांग्रेस मुख्यालय में होगी। कांग्रेस मुख्यालय में इस बैठक की अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे करेंगे।



## अखिलेशने बताया अयोध्या में भाजपा को क्यों मिली हार

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे सामने आने के बाद सबसे ज्यादा चर्चा अयोध्या सीट की हो रही है। हर कोई हैरान है कि राम मंदिर बनने के बावजूद आखिर भारतीय जनता पार्टी इस सीट से कैसे हारी। इसी बीच समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भी अयोध्या को लेकर बयान दिया है। दिल्ली में मीडिया को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि आप किसी पुण्य काम के लिए गरीबों को उजाड़ रहे हैं। इसी के खिलाफ अयोध्या के लोगों ने भाजपा के खिलाफ वोट किया है। इस दौरान अखिलेश यादव ने अयोध्या में सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद को मिली जीत पर कहा कि अयोध्या की जनता का मैं धन्यवाद करता हूं। अयोध्या की जनता का दुख-दर्द आपने समय-समय पर देखा होगा। उन्हें उम्मीद थी कि जमीन का उचित मुआवजा मिलेगा, नहीं मिला। उनके साथ अन्याय किया गया, उनकी जमीन बाजार मूल्य के बराबर नहीं ली गई, आपने उन पर झूठे मुकदमे लगाकर उनकी जमीन जबरन छीन ली। कई लोग वहां पर 100-100 सालों से रह रहे थे। आप किसी पुण्य काम के लिए गरीबों को उजाड़ रहे हैं।



### ईडी की चार्जशीट में खुलासा

## लोगों से जबरन पावर ऑफ अटॉर्नी लेकर जमीन कब्जाता था शेख

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में निलंबित तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां के खिलाफ जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के हाथ कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज लगे हैं जिनसे पता चलता है कि कैसे वह संदेशखाली के लोगों की जमीनों पर कब्जा कर लेता था। सूत्रों ने बताया कि शाहजहां के लोग जमीन मालिकों से जबरन पावर ऑफ अटॉर्नी पर हस्ताक्षर कराते थे, जो उसे जमीन को किसी तीसरे व्यक्ति के नाम करने का अधिकार देता था। यह जमीन हथियाने का एक और तरीका था जबकि इसके अलावा खेतों में नमकीन पानी बहाकर उसे बंजर बना देने जैसे उपाय भी अपनाये जाते थे। ईडी ने पाया है कि पावर ऑफ अटॉर्नी प्राप्त करने के बाद जमीन किसी तीसरे पक्ष को काफी ऊंची कीमत पर बेच दी जाती थी जबकि उसके मूल मालिक को मामूली रकम दी जाती थी। सूत्रों ने बताया कि ईडी ने हाल ही में कोलकाता में पीएमएलए अदालत के समक्ष दायर चार्जशीट में भी पावर ऑफ अटॉर्नी के जरिये जमीन हथियाने का जिक्र किया है।

## अजित पवार ने आज बुलाई दो बैठकें, विस चुनाव पर चर्चा

**मुंबई।** लोकसभा चुनाव में पार्टी के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख अजित पवार गुरुवार को पार्टी के मंत्रियों और विधायकों के साथ अलग-अलग बैठकें करने वाले हैं। इन बैठकों में पार्टी के प्रदर्शन की समीक्षा की जाएगी तथा इस साल सितंबर-अक्टूबर में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों की रणनीति पर चर्चा होगी। लोकसभा चुनाव में एनसीपी चार सीटों पर चुनाव लड़ी थी जिसमें एकमात्र रायगढ़ सीट पर उसे जीत मिली।

# गाजा में स्कूल पर इजरायली सेना का हवाई हमला, 30 की हुई मौत

एजेंसी

**गाजा।** इजरायली सेना ने मध्य गाजा पट्टी के नुसेरात शिविर को निशाना बनाते हुए हवाई हमले किए। इस हमले में कम से कम 30 फिलिस्तीनी मारे गए, जिनमें अधिकतर बच्चे और महिलाएं हैं। यह स्कूल विस्थापित लोगों के लिए एक शिविर में बदल दिया गया था। चिकित्सा विभाग से जुड़े सूत्रों के अनुसार, एक इजरायली लड़ाकू जेट ने स्कूल के कम से कम तीन क्लासरूम पर बमबारी की। हमास द्वारा संचालित गाजा सरकार के मीडिया कार्यालय ने स्कूल पर इजरायल के हमले की निंदा की और इसे 'भयानक नरसंहार' बताया। कार्यालय ने कहा कि इजरायली सेना हमलों को जारी रखे हुए है, जो नागरिकों के खिलाफ किए गए नरसंहार के अपराध का सबूत है।



**सुविधा** | 807 करोड़ रुपये की लागत हो रहा निर्माण, एक ट्रॉली में 10 यात्री सवार हो सकते हैं

# देव दीपावली से वाराणसी में अर्बन ट्रांसपोर्ट रोप-वे

एजेंसी

**वाराणसी।** अमेरिकी देश बोलीविया एवं मेक्सिको के बाद दुनिया का तीसरा और देश का पहला अर्बन ट्रांसपोर्ट रोप-वे देव दीपावली से वाराणसी में शुरू होने जा रहा है। काशीवासी रोप-वे के पहले चरण में वाराणसी जंक्शन कैंट रेलवे स्टेशन से रथयात्रा तक की सुगम यात्रा कम समय में कर सकेंगे। इसके संचालन से यातायात की समस्या से भी निजात मिलेगी। रोप-वे के निर्माण के लिए स्विटजरलैंड से लाए गए उपकरण इंस्टाल किए जा रहे हैं। रोप-वे के निर्माण पर 807 करोड़ रुपये की लागत आएगी। यह काम स्विट्जरलैंड की कंपनी बथोर्लेट कर रही है। नेशनल हाई-वे लॉजिस्टिक मैनेजमेंट लिमिटेड (एनएचएलएमएल) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाश गौड़ ने मीडियाकर्मियों को बताया कि वाराणसी में देव दीपावली के अवसर पर दुनिया भर के पर्यटक आते हैं। हमारी कोशिश है कि देव दीपावली तक रोप-वे का संचालन शुरू हो जाए और काशी आने वाले पर्यटकों को प्रदूषण रहित परिवहन की अच्छी सुविधा मिल सके। कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक विद्यापीठ स्टेशन पर एंकर बोल्ट स्थापित हो गया है। इसके अलावा कई एक्सेलरेशन और डी एक्सेलरेशन कन्वेयर भी स्थापित हो गए हैं। अब जल्द ही रोप लगाने का काम शुरू होगा। वाराणसी जंक्शन रेलवे स्टेशन से रथयात्रा तक कुल दो टॉवर इंस्टाल किए जा चुके हैं और 16 टॉवर पर तेजी से काम चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी परियोजना को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तेजी से जमीन पर उतार रहे हैं। इससे वाराणसी में ट्रैफिक की समस्या से राहत मिलेगी। रोपवे के संचालन के लिए स्टेशन और टॉवर इंस्टॉल करने का काम तेजी से चल रहा है। जल्द ही रोपवे का ट्रायल रन होगा।



**एक घंटे में छह हजार यात्रि कर सकेंगे आवागमन:** हर डेढ़ से दो मिनट के अंतराल में यात्रियों को गोंडोला उपलब्ध रहेगी। एक दिशा में एक घंटे में 3000 लोग यात्रा कर सकेंगे यानी दोनों दिशाओं में एक घंटे में छह हजार यात्रियों का आवागमन होगा। गोदौलिया से कैंट रेलवे स्टेशन पहुंचने में लगभग 16 मिनट लगेगा। 45 से 50 मीटर की अनुमानित ऊंचाई से करीब 150 ट्रॉली कार चलेंगी। एक ट्रॉली में 10 यात्री सवार हो सकते हैं। रोपवे का संचालन 16 घंटे होगा।

# केसी त्यागी के सवालों का सुधाकर सिंह ने दिया जवाब

एजेंसी



**पटना।** बक्सर से लोकसभा चुनाव जीते सुधाकर सिंह ने केसी त्यागी की मांग पर बड़ा बयान दिया है। केसी त्यागी ने यूसीसी सहित अग्निवीर योजना पर समीक्षा किए जाने की बात कही थी। एनडीए बैठक में केसी त्यागी ने इस बात पर जोर दिया था कि इन दोनों ही मुद्दों की वजह से उत्तर प्रदेश में बीजेपी के वोटर्स छिटके हैं। ऐसे में एक दफा बीजेपी को इन दोनों ही मुद्दों पर विचार करना चाहिए। सुधाकर सिंह ने कहा, जिन किसानों के पक्ष में केसी त्यागी खुद जंतर मंतर पर जाते रहे, उन पर उन्होंने तो कोई बात नहीं रखी। केसी त्यागी उन सवालों से भागने की कोशिश कर रहे हैं। केसी त्यागी आज भी जनता के हितों से जुड़े मुद्दे को गंभीरता से लेने से बच रहे हैं, जो कि उचित नहीं है। उन्हें एनडीए बैठक में बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने के मुद्दे पर जोर देना चाहिए था और उन्हें यह बात कहनी चाहिए थी कि केंद्र सरकार को बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाएं, तभी आगे हम कोई कदम बढ़ाएंगे। बता दें कि सुधाकर सिंह ने यह बयान ऐसे वक्त में दिया है, जब राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में सरकार के गठन को लेकर इंडिया गठबंधन से लेकर एनडीए में सुगबुगाहट तेज हो गई है।